हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 23.01.2023 | वर्ष 10, अंक 23 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

**सुविचार**
आपका मूल्य इससे तय नहीं होता कि आप क्या है, यह इससे तय होता है आप खुद को क्या बनाने की क्षमता रखते है।

## क्वीक न्यूज

### राष्ट्रपति आज 11 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी

**नई दिल्ली** : राष्टपति द्रौपदी मुर्मू कल (सोमवार) विज्ञान भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 11 बच्चों को छह श्रेणियों में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी। पुरस्कृत होने वालों में छह लड़के और पांच लड़कियां हैं। हर बच्चे को एक पदक, एक लाख रुपये और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन बच्चों से मंगलवार को बातचीत करेंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी बच्चों से संवाद करेंगी। कला और संस्कृति श्रेणी में चार, बहादुरी में एक, नवाचार में दो, समाज सेवा में एक और खेल में तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### भारत-पाक सीमा पर तस्करी की आशंका में बीएसएफ ने तीन युवकों को पकड़ा

**श्रीगंगानगर/जयपुर** : राजस्थान के श्रीगंगानगर से लगती भारत-पाक सीमा क्षेत्र के एक गांव से बीएसएफ ने तीन युवकों को पकड़ा है। तीनों युवक हरियाणा नंबर की कार में सवार थे, जिनके पास से पांच मोबाइल फोन और एक डोंगल बरामद हुआ है। शनिवार रात पकड़े जाने के दौरान तीनों नशे में धुत थे। बीएसएफ के गुप्तचर विभाग के इंस्पेक्टर आनंद कुल्लू ने बताया कि पिछले दिनों कई बार पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन की मूवमेंट हुई थी, जिसके बाद बीएसएफ की ओर से इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। साथ ही उक्त मामले में पूछताछ की जा रही थी। इसी कड़ी में बस स्टैंड के पास हरियाणा नंबर की कार में सवार तीन युवक दिखे। पूछताछ करने पर तीनों पर संदेह हुआ, जिसके बाद तीनों को पकड़ लिया गया।

### कोहरे से रेल आवागमन प्रभावित, 396 ट्रेन रद

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर भारत का ज्यादातर हिस्सा रविवार सुबह घने कोहरे में लिपटा रहा। इसके मद्देनजर रेलवे ने 396 ट्रेनों को पूरी तरह और 45 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद कर दिया। यह जानकारी रेलवे के एक अधिकारी ने दी। इस अधिकारी के मुताबिक दिल्ली, महाराष्ट, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, कर्नाटक, गुजरात, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से चलने वाली रेलगाड़ियां रद की गई हैं। इसके अलावा 21 गाड़ियों के समय को संशोधित कर तीन के मार्ग में बदलाव किया गया है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में कांपी धरती, तीव्रता 3.8

**नई दिल्ली** : उत्तराखंड के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में रविवार सुबह 8ः58 बजे मुनस्यारी और तेजम तहसील क्षेत्र के तल्ला जोहार में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 रही। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र पिथौरागड़ जिले में ही रामगंगा नदी किनारे रुइनाथल और उपराडा पाठक के पास था। इसकी गहराई जमीन से दस किलोमीटर नीचे थी। फिलहाल भूकंप प्रभावित क्षेत्र से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21 0 |
| न्युनतम | 07 0 |

## ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी संघर्ष विराम समूह के

# 46 सदस्यों ने हथियार के साथ किया आत्मसमर्पण

**संगठन के अध्यक्ष डी नायक ने कहा कि प्रक्रिया को पूरा करके असम के आदिवासी (चाय श्रमिक) समुदाय के अधिकारों को संरक्षित और सुनिश्चित किया गया है. उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्ताधारी सरकार असम के आदिवासियों के विकास और अधिकारों के लिए संपन्न हुए, आदिवासी शांति समझौते में विश्वास करती है और बाकी बचे लोगों ने हथियारों छोड़ दिया है.**

### शांति वार्ता के बाद किया आत्मसमर्पण

संगठनों के संघर्ष में कई झटकों के बीच सरकार द्वारा संवाद का रास्ता खोले जाने के बाद सामूहिक रूप से हिंसा से बचते हुए वे 24 जनवरी, 2012 को शांति वार्ता की मेज पर लौट आए. कई वर्षों की वार्ता के बाद, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा शर्मा के नेतृत्व वाली वर्तमान भारतीय जनता पार्टी सरकार और केंद्र सरकार ने आदिवासियों के कई ज्वलंत मुद्दों को हल करने के लिए 15 सितंबर 2022 को गृह मंत्रालय में एक त्रिपक्षीय आदिवासी ऐतिहासिक पीस समझौते पर हस्ताक्षर किए.



एजेंसी

**तेजपुर (असम)** : ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी (आंला) संघर्ष विराम समूह के सभी 46 सदस्यों ने रविवार को सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली में सोनितपुर अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) को 16 से अधिक विभिन्न हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया. उन्होंने आठ पिस्तौल, छह राइफलें, दो कार्बाइन और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी समर्पित किया है. ढेकियाजुली के अनला फील्ड में आयोजित एक विशेष समारोह में असम पुलिस विशेष शाखा के अतिरिक्त महानिदेशक हिरेन नाथ के निर्देश पर सोनितपुर पुलिस को हथियार सौंपे गए. किया हजारों विद्रोहों से बचने के बाद आदिवासी संगठन पहले से ही केंद्र सरकार के साथ बातचीत के दौर में है. 46 सदस्यीय समूह ने बातचीत की मेज पर आने के बाद हथियार नहीं डाले, बल्कि पुलिस की निगरानी में थे. उन्होंने रविवार को अपने हथियार पुलिस को सौंप दिए और मुख्यधारा में लौट आए. एक पत्र में, उनके अध्यक्ष डी नायक ने कहा कि असम में रहने वाले बड़े आदिवासी (चाय श्रमिक) समुदाय के जन्मजात संवैधानिक अधिकारों, सुरक्षित भविष्य, सुरक्षा और विकास के लिए ऑनलानको सरकारी शोषण के खिलाफ हजारों विद्रोह शुरू करने के लिए मजबूर किया गया था.संगठन के अध्यक्ष डी नायक ने कहा कि प्रक्रिया को पूरा करके असम के आदिवासी (चाय श्रमिक) समुदाय के अधिकारों को संरक्षित और सुनिश्चित किया गया है.

उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्ताधारी सरकार असम के आदिवासियों के विकास और अधिकारों के लिए संपन्न हुए, आदिवासी शांति समझौते में विश्वास करती है और बाकी बचे लोगों ने हथियारों छोड़ दिया है.

# राजपथ पर गणतंत्र दिवस की झांकी में दिखेगा बाबा बैद्यनाथ का वैभव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के राजपथ की झांकी में इस बार देवघर के बाबा बैद्यनाथ का वैभव दिखेगा। 26 जनवरी को परेड के दौरान बैद्यनाथ धाम इस बार आकर्षण का केंद्र होगा। सनातन धर्मियों के लिए आस्था और दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बाबा बैद्यनाथ धाम की झलक राजपथ में नजर आएगी।

गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर प्रदर्शित होने वालेमें इस बार झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम को भी शामिल किया गया है। झांकी बनाने का काम 20 दिन पहले ही प्रारंभ हो गया था। झांकी के लिए उत्कृष्ट कारीगरों का चयन किया गया है। बाबा मंदिर के तीर्थ पुरोहित मनोज मिश्र का कहना है कि नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकलने वाली झांकियों में झारखंड की झांकी का चयन होना, राज्य के लिए गर्व की बात है। झांकी में भगवान बिरसा मुंडा के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। देवघर के तीर्थ पुरोहित प्रमोद श्रृंगारी का मानना है कि यह देवघर ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर के लिए हर्ष की बात है। क्योंकि, पूरे पूर्वोत्तर का एकमात्र ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम है।

झांकी की तैयारी के लिए रांची के डीपीआरओ डॉ प्रभात शंकर को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। डॉ प्रभात शंकर की देखरेख में यह झांकी तैयार की जा रही है। डॉ प्रभात शंकर ने बताया कि झांकी निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। बाबा बैद्यनाथ मंदिर की झांकी इस बार गणतंत्र दिवस परेड में नंबर वन आए, इसके लिए उत्कृष्ट कारीगरों द्वारा दिन रात काम किया जा रहा है। बाबा मंदिर की झांकी निर्माण में बारीकियों का ध्यान रखा जा जा रहा है। निर्माण में एक-एक चीज को ध्यान में रखकर बैद्यनाथ मंदिर की झांकी को हूबहू बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें 200 से ज्यादा कारीगर दिन रात काम कर रहे हैं।



### गणतंत्र दिवस परेड में गीता के संदेश से रूबरू करवाएगी हरियाणा की झांकी

**चंडीगढ़** : गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार 26 जनवरी को राजधानी के कर्तव्य पथ पर हरियाणा की झांकी के माध्यम से पूरी दुनिया को श्रीमद्भगवद्गीता का शाश्वत संदेश दिया जायेगा। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरी बार हरियाणा की झांकी का चयन रक्षा मंत्रालय की विषेशज्ञ कमेटी ने किया है जिसकी थीम 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव' है। इस झांकी के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप के भी दर्शन होंगे। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की गठित विशेषज्ञ कमेटी प्रतिवर्ष राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों व मंत्रालयों की झांकियों के चयन की प्रक्रिया नवंबर माह में शुरू करती है, जिसमें सभी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश व मंत्रालय अपने-अपने थीम की प्रस्तुति देते हैं।उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र को दुनिया के सबसे प्राचीन तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। यहां पवित्र नदी सरस्वती के तट पर वेदों और पुराणों की रचना हुई। लगभग 5159 वर्ष पहले महाभारत युद्ध के पहले दिन भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का शाश्वत संदेश दिया, इसलिए कुरुक्षेत्र की पहचान गीता के जन्म स्थल के रूप में होती है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में हरियाणा की झांकी पर प्रस्तुत गीता का संदेश मानवजाति के लिए सबसे बड़ी बौद्धिक देन है। कर्म का यह शाश्वत संदेश पुरी मानवता के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि झांकी में भगवान श्रीकृष्ण को अर्जुन के सारथी के रूप में सेवा करते हुए और उन्हें गीता का ज्ञान देते हुए दिखाया गया है। झांकी की पहली झलक आध्यात्मिकता, कला और इतिहास के दर्शन कराती है।

# चाईबासा में पुलिस और पीएलएफआई के बीच मुठभेड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : चक्रधरपुर में पुलिस और पीएलएफआई नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात मुठभेड़ हुई।

दोनों तरफ से दर्जनों राउंड गोलियां चली। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन नक्सलियों की एक राइफल और कुछ सामग्री बरामद हुई है।पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के घोर नक्सल प्रभावित बांगुर जंगल में दिकी लता गांव के समीप पीएलएफआई नक्सलियों का एक ग्रुप आने की सूचना पुलिस को मिली थी। घटना के बाद 109 बटालियन सीआरपीएफ, जैप और झारखंड पुलिस के जवानों के साथ बंदगांव थाना प्रभारी विकास कुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान कनसिया और दिकीलता गांव के बीच बांगुर जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच आमने-सामने हो गई। फिर दोनों तरफ से 25 से 30 राउंड गोलियां चली।

घटना के बाद अंधेरा का फायदा उठाते हुए नक्सलियों ने जंगल के ओर भाग खड़े हुए। बाद में पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया तो नक्सलियों की एक राइफल और कुछ सामग्री बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आगे भी नक्सलियों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा।

मुठभेड़ के बाद रात भर छापामारी अभियान चलाया गया है। पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाने के बाद भी चाईबासा जिले में नक्सलियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। नक्सली कभी भवन, कभी सड़कों उड़ाकर, तो कहीं पोस्टरबाजी और केन बम आदि लगाकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कॉपी जल्द ही विभिन्न भारतीय भाषाओं में मिलेगी

# सीजेआई के संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कॉपी जल्द ही विभिन्न भारतीय भाषाओं में मिलेंगी. ये बातें देश के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कही हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका यह वीडियो ट्वीट किया है. उन्होंने सीजेआई के इस कदम की सराहना की है. सीजेआई चंद्रचूड़ ने महाराष्ट्र एवं गोवा विधिज्ञ परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही. उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से सूचना तक पहुंच की बाधा को दूर करने का विचार है. विचार वकीलों को मुफ्त में जानकारी उपलब्ध कराने का है. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अंग्रेजी की बारीकियां ग्रामीण वकीलों की मदद नहीं करेंगी. एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारा अगला मिशन हर भारतीय भाषा में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुवादित प्रतियां उपलब्ध कराना है. उन्होंने कहा जब तक हम अपने नागरिकों तक उस भाषा में नहीं पहुंचते, जिसे वे समझ सकते हैं तो जो हम जो काम कर रहे हैं वह 99 प्रतिशत तक लोगों तक नहीं पहुंचेगा. बता दें कि सितंबर 2022 में, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के नेतृत्व में शीर्ष अदालत ने अपनी संविधान पीठ की सुनवाई का सीधा प्रसारण करना शुरू किया था. इसी क्रम में पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि हाल ही में एक समारोह में सीजेआई जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने क्षेत्रीय भाषाओं में सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर बात की. उन्होंने इसके लिए तकनीक के इस्तेमाल का सुझाव भी दिया. यह एक प्रशंसनीय सोच है, जिससे कई लोगों, विशेषकर युवाओं को मदद मिलेगी. पीएम ने आगे कहा, भारत में कई भाषाएं हैं जो हमारी सांस्कृतिक जीवंतता को जोड़ती हैं. केंद्र सरकार भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रयास कर रही है, जिसमें इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे विषयों को अपनी मातृ भाषा में पढ़ने का विकल्प शामिल है.





23 जनवरी, जन्म दिवस एक ऐसे वीर सपूत का जिनका संपूर्ण जीवन देश के हित में समर्पित था। यूँ तो कई स्वतंत्रता सेनानी देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर अंग्रेजों के सामने डट कर खड़े रहने को तत्पर थे पर, सुभाष की रणनीति और विचार भिन्न थे। घुटने के बल टेककर आजादी की भीख उन्हें मंजूर नहीं थी। वो तो संघर्ष कर अपनी आजादी हासिल करना चाहते थे और सिर्फ राजनीतिक आजादी नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक बंधनों से मुक्ति भी उनकी चाह थी।

वर्ष 1930 में सुभाषचंद्र ने अपने मित्र को लिखित पत्र में यह लिखा था कि स्वतंत्रता का उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं होना चाहिए बल्कि इसका उद्देश्य राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक उत्पीड़न के तिहरे बंधनों को हटाना है। क्योंकि जब समाज जाति, धर्म और अर्थ की विषमताएँ मिटा कर एक हो जाएगा तब ही साम्यवाद के आधार पर एक नए समाज के निर्माण की ओर अग्रसर हो सकते हैं। हमारे स्वतंत्रता संग्राम का यह मुख्य उद्देश्य एक स्वतंत्र और वर्गहीन समाज का निर्माण करना है।

उन्होंने जो कुछ कहा वह आज भी प्रासंगिक है। उनकी आशंका था कि आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण अंग्रेजों को हटाने से भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा। 'पूर्ण समाजवाद' के पक्षधर सुभाषचन्द्र बोस देश में व्याप्त आर्थिक विषमताओं को दूर करने के साथ-साथ प्रत्येक महिला एवं पुरुष को शिक्षा और उन्नति के लिए समान अवसर देने की इच्छा रखते थे। उनका मानना था कि समाजवादी आधार पर ही एक संप्रभु राज्य की स्थापना हो सकती है। वो राजनीतिक मुक्ति और आर्थिक स्वतंत्रता को साथ चलते हुए देखना चाहते थे इसलिए उन्होंने कहा था कि काम करने का अधिकार और भरण-पोषण के लिए पर्याप्त वेतन सभी के लिए सुनिश्चित किया जाना चाहिए। निष्क्रिय के लिए समाज में कोई जगह नहीं होगी और सभी को समान अवसर का लाभ लेना चाहिए। धन और आय का वितरण सभी के लिए समान होना चाहिए, उत्पादन और वितरण की जिम्मेदारी भी सभी को उठानी चाहिए।

अगर वास्तव में ऐसा हुआ होता तो हमारे देश की वर्तमान स्थिति कुछ और होती। उच्च आदर्शवादी और दूरद्रष्टा सुभाष चन्द्र बोस की यह विचारधारा राष्ट्र की प्रगति और निर्माण में सहायक सिद्ध होती। किन्तु राजनीतिक दाँव-पेंच के कारण उनका सपना कभी साकार नहीं हो सका।

अंत में श्रद्धांजलि स्वरूप यह कहना चाहते हैं कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस एक रचनाकार, निर्माता, भविष्यद्रष्टा और सभी से प्रेम करनेवाले एक महान वीर स्वतंत्रता सेनानी थे।

Sreeleathers
World Class. Right Price.

जय हिंद शेखर डे



## एफसीआई गोदाम से हजारों क्विंटल अनाज गायब, प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** पलामू फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के गोदाम में बड़ा घोटाला सामने आया है। गोदाम से हजारों क्विंटल अनाज गायब है. यह घोटाला मई-जून 2022 में हुआ है. पूरे मामले का खुलासा फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों की जांच में हुआ है. पूरे मामले में आरोपी गोदाम प्रबंधकों के खिलाफ मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज करायी गई है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है. जांच की जिम्मेदारी एक सब-इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को दी गई है. यह पूरा घोटाला फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के मेदिनीनगर स्थित गोदाम में अंजाम दिया गया है। **मेदिनीनगर टाउन थाना में गोदाम प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज :** सोमवार तक एफसीआई का



कार्यालय बंद है. मंगलवार से पुलिस पूरे मामले में जांच को आगे बढ़ाएगी। फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की एक टीम ने भारतीय खाद निगम के पलामू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का 17 जून 2022 से सात अगस्त 2022 तक निरीक्षण किया था। इस दौरान एफसीआई की टीम ने विभिन्न गोदामों में अनाज के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया था. सत्यापन के बाद यह पाया गया कि गोदाम से 1481 क्विंटल चावल और 255 क्विंटल गेहूं गायब हैं. पूरे मामले में एफसीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक शतानीक ने रविवार को मेदिनीनगर टाउन थाना में आवेदन देकर गोदाम, प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।गोदाम प्रबंधक अनुज कुमार, रोबिन गुड़िया, अश्विनी कुमार सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420, 34 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस संबंध में टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है. आरोपी गोदाम प्रबंधक के अनुज कुमार गढ़वा के भवनाथपुर, रोबिन गुड़िया रांची के तोरपा, अश्विनी कुमार सिंह रांची के नामकुम के रहने वाले हैं। **कहां से कितना अनाज हुआ गायब :** एफसीआई के मेदिनीनगर स्थित गोदाम के शेड एक के ए, बी, सी से नौ क्विंटल गेहूं, 123 क्विंटल चावल, शेड दो के डी, ई, एफ से पांच क्विंटल गेहूं और 1339 क्विंटल चावल, शेड 3 के जी, एच, एम और मिनी शेड चार पांच से 239 क्विंटल गेहूं और 18 क्विंटल चावल गायब हुआ है. विभाग के पदाधिकारियों का कहना है कि अनाज का घोटाला किया गया है. जांच के दौरान अनाज का स्टॉक कम पाया गया है।

## संगठन की मजबूती को लेकर अररूआ कला में कांग्रेस की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड कांग्रेस कमेटी की मजबूती को लेकर रविवार को अररुआ कला गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह व संचालन प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान संगठन को स्थानीय स्तर पर मजबूत करने पर नेताओं ने चर्चा की। इस मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि जमीन पर काम करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी मजबूत होगी। साथ ही कहा कि उन लोगो को संगठन में रखा जाएगा जो काम करेंगे। कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह, अर्जुन सिंह, निरंजन गुप्ता, अवधेश मेहता रामजन्म मेहता, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य लक्ष्मी राम, पियूष कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र यज्ञ का महाकलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना डंडई मुख्य सड़क चुंदी गांव समीप बाबा चुंदेश्वर नाथ पहाड़ी के प्रांगण में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र यज्ञ का महाकलश यात्रा सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ रविवार को गाजे बाजे के साथ निकाली गई.जिसका मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव,जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुवे.रविवार को विशाल कलश यात्रा मंदिर परिसर से होते हुए चुंदी देवी धाम से फटहा नदी से जल भरकर पुनः मंदिर में कलश स्थापना कर यज्ञ पूजन के साथ पूजा पाठ शुरू कर दी है। अयोध्या से आए हुए संत महात्मा ने बताया की कल सोमवार को पंचांग पूजन, पूजा तथा प्रवेश पूजन की जाएगी.24 जनवरी दिन मंगलवार को अग्नि स्थापना, 26 जनवरी को शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं 27 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ महा भंडारा का आयोजन कराया जाएगा। वही यज्ञ महा समिति के अध्यक्ष संतोष साह ने कहा की महायज्ञ के दरम्यान बाहर से आए हुए संत महात्माओं के द्वारा भगवत राम कथा का प्रवचन प्रतिदिन कराया जाएगा.इस कार्य को सफल बनाने में उपाध्यक्ष रामप्यारे प्रजापति,सचिव प्रमोद कुमार सिंह, उपसचिव विष्णु देव प्रजापति, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद साह, उप कोषाध्यक्ष रमेश साह, गोविंद साह, अकलु साह, शंभू यादव,महेंद्र पाल, रामजन्म परहिया, एस कुमार प्रजापति,लालमुनि साह,अशर्फी साह, राकेश विश्वकर्मा, बिरेंद्र पाल, मोहन साह, अनिल राम,राजू प्रजापति, धनंजय साह, कालीचरण साह, नागेंद्र पाल, विष्णुदेव प्रजापति आदि ने सराहनीय भूमिका निभा रहे है।

## हुसैनाबाद पासवान सम्मेलन संह वनभोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सोनपुरवा सोन नदी स्थित सुर्य मन्दिर परिसर में पासवान सम्मेलन संह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम रोहतास बिहार सांसद छेदी पासवान, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पुर्व खनन एवम भूतत्व मंत्री लक्ष्मण राम, गढवा जिला परिषद अध्यक्ष शांती देवी, जोरावर पासवान, सिमा पासवान ने डॉ भीमराव अम्बेडकर , वीर चौहरम एवं स्व रामविलास पासवान जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार जबकि मंच संचालन जिला



चौहरमल कल्याण समिति अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने किया, मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि अपने समाज के प्रति जागरूकता होने की आवश्यकता है उन्होंने कहा मेरा पासवान समाज अति पिछड़ा हुआ है अपने समाज को आगे आने कि जरूरत है मौके पर हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार लातेहार विधायक वैजनाथ राम के पत्नी सिमा पासवान, में पुर्व मंत्री सुरेश पासवान पुर्व मंत्री लक्ष्मूण राम दक्षिणी जिला परिषद सदस्य रिंकू कुमारी पूर्व जिला परिषद मदन पासवान हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी चंदन कुमार पासवान युवा समाज सेवी मुन्ना कुमार देव वार्ड पार्षद उमरावती देवी अध्यक्ष प्रतिमा देवी महुआरी पंचायत मुखिया अनिता देवी रंजित कुमार पासवान मौजूद थे।

## भाकपा ने पारा मेडिकल स्टाफ के हड़ताल को किया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, ललन कुमार सिन्हा, बबन राम, नशीम राइन, सोनू खान ने प्रेस बयान जारी कर पारा मेडिकल नर्स एवं स्टाफ के द्वारा किया गया 17 जनवरी से लगातार चल रहे हड़ताल का समर्थन किया एवं उनकी मांगों को जायज ठहराया है। भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार के कार्यकाल में बहुत सारे पारामेडिकल स्टाफ और पारा पुलिसकर्मियों का बहाली पूरे झारखंड में किया गया जो बहुत ही कम मानदेय पर उनको खटना पड़ता है और उनका नौकरी भी स्थाई नहीं है आज हेमंत सरकार को इन पारा के स्टाफ को नियमित करना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार से कोरोना काम आम आवाम की सेवा इन लोगों ने



किया है वह बहुत ही सराहनीय रहा है और राज्य सरकार को चाहिए कि किसी भी तरह की बहाली अनुबंध पर ना करा करके सीधे सरकारी बहाली किया जाए जिससे आम आवाम को परेशानियों का सामना न करना पड़े पारा मेडिकल स्टाफ के द्वारा किया गया हड़ताल के कारण पूरे झारखंड प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है उनके पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है और वापस लौट कर अपने घर जा रहे हैं मेदनीनगर मेदनी राय सदर अस्पताल का भी यही हाल है जहां मरीज सैकड़ों की संख्या में रोज आ रहे हैं और वापस बिना इलाज कराए घर जा रहे हैं सरकार ने आम अवाम एवं मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ रखा है। ऐसी स्थिति में झारखंड सरकार अभिलंब पारा मेडिकल स्टाफ पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इनको नियमित करने का आदेश जारी करें जिससे स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्था का काम नियमित एवं अच्छे रुप से चल सके।

## कजरुकलां पिरिमियर लिग का पांचवा मैच मुसीखाप बनाम हरिहरगंज के बीच खेला गया



**पांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड के कजरूकला स्थित श्री राम नवमी मैदान में हो रहे कजरूकला प्रीमियर लीग का पांचवा मैच मुसिखाप वनाम हरिहरगंज के बिच खेला गया. जिसमें मुसिखाप ने हरिहरगंज को पराजित करते हुए पाँच बिकट से जीत हासिल की. इस मैच में मैन ऑफ द मैच करण कुमार को दिया गया. पलामू टाइगर मुसिखाप टीम के कैप्टन पंकज शर्मा ने कहा अगला मैच इससे भी बेहतर होगा. पूरी उम्मीद है कि फाइनल मैच हम लोग जीतेंगे . ईस मैच में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह ने कहा खेल आपसी भाईचारा का प्रतीक है। लोगों को इससे सीख लेनी चाहिए। उन्होंने इस तरह के बेहतर ढंग से मैच कराने के लिए कमेटी के लोगों को भी सराहना की है। कहा इस तरह के खेल को खेलाने में कमेटी का बहुत बड़ा योगदान होता है। इस तरह के खेल क्षेत्र में होते रहना चाहिए। मौके मंडल उपाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, महामंत्री मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा आध्यक्ष जनक शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनमोहान पाण्डेय, शोशल मिडिया प्रभारी राकेश रंजन सोनी, युवामोर्चा शोशलमीडिया प्रभारी धर्मेंद्र विश्वकर्मा, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष मनोज राम के साथ- साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## 547 विद्यार्थियों ने दी नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप परीक्षा

➲ जिले के राजकीयकृत गिरिवर +2 हाई स्कूल मेदिनीनगर परीक्षा केंद्र पर संपन्न हुई एनएमएमएस की परीक्षा

➲ परीक्षा में 43 परीक्षार्थी रहे गैर-हाजिर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर, पलामू :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची के तत्वावधान में झारखंड बोर्ड ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप (एनएमएमएस) की परीक्षा ली। इसमें आठवीं कक्षा में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा में चयनित 547 परीक्षार्थियों में से 504 ने परीक्षा दी और 43 परीक्षार्थी गैर-हाजिर रहे। जिले के एक मात्र परीक्षा केंद्र में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई। प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक नीरज कुमार दिवेदी ने बताया कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही स्वयं जिला शिक्षा



अधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और प्रत्येक परीक्षार्थी को कदाचारमुक्त परीक्षा देने का निदेश दिए। परीक्षा केंद्र पर एनएमएमएस की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए सैनिटाइजेशन का उचित प्रबंध किया गया। परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।

## मन्देया में आयोजित हुआ प्रीमियर लीग (एमपीएल) क्रिकेट प्रतियोगता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत के मन्देया गांव में मन्देया प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुख्य रूप से युवा समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के पूर्व और भावी अरविंद गुप्ता चुनमुन, राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, डॉ ताहिर हुसैन, नौखेज खान, डॉ शाहिद रज़ा शामिल हुए जिनके द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर प्रतियोगिता का आगाज़ किया गया। टूर्नामेंट में बिशुनपुर की टीम ने जपला को चार विकेट से हराया। कार्यक्रम में समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने कहा कि खेल आज भी इलाके के विकास का आधार है। इलाके के युवा ऐसे ही जाग्रत रहे तो वह दिन दूर नहीं जब छतरपुर नगर पंचायत भी विकास के पायदान पर



काफी ऊंचा स्थान रखेगा। अरविंद ने कहा कि मन्देया के युवा इस शानदार आयोजन के लिए वाकई बधाई के हकदार हैं। वहीं राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि मन्देया गांव में टूर्नामेंट की यह परंपरा यूं ही चलती रहे। ताकि युवाओं में एकजुटता बनी रहे। मन्देया प्रीमियर लीग के आयोजन में मुख्य भूमिका वार्ड पार्षद गुड्डू अंसारी, छोटू पासवान, डॉ शाहिद रजा, आजाद रजा, जहांगीर आलम, गुलाम रब्बानी, रईश कौशर, दिलशाद रजा सहित कई लोगों भाग लिया।

## एनएचएम कर्मियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठवें दिन भी हड़ताल पर रहे एनएचएम कर्मचारी रविवार को विधायक भूषण बाड़ा को ज्ञापन सौंपा। साथ ही सरकार से मिलकर अपनी मांगों को पुरा कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्?यम से एनएचम कर्मचारियों ने कहा कि अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मियो को अब भी अल्प मानदेय पर काम करना पड़ रहा है। अगर इसके बाद भी सरकार मांगो पर पहल नहीं करती है, तो 24 जनवरी से आमरन अनशन किया जाएगा। मौके पर विधायक ने तत्काल मुख्यमंत्री आवास में दुरभाष के माध्यम से बात कर मामले की जाकनारी दी। साथ ही एनएचएम कर्मियों की मांगों को पुरा कराने की अपील की। मौके पर पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी एनएचएम कर्मियों के साथ खड़ा रहने का अश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगे जायज है। इतने कम मानदेय में जिंदगी गुजारना काफी मुश्किल है। मौके पर एनएचम के कई कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक ने बैराव बिजली सब स्टेशन व झरगड़ा बाजार हाट का किया उद्घाटन

### एक एक समस्या का चरणबद्ध तरीके से हो रहा है समाधान : विधायक कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद प्रखण्ड अंतर्गत बैराव विद्युत सब स्टेशन के साथ कामगारपुर फीडर लाइन एवम झरगड़ा में हाट बाजार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 2009 के बाद कोई काम नहीं हुआ था। क्षेत्र की सड़के ,शिक्षा व्यवस्था, बिजली समस्या का बुरा हाल हो गया था। बैरांव विद्युत सब स्टेशन शुरू हो जाने से झरगड़ा, कामगारपुर, चनकार, सामुडीह, बसडीहा, सुकनाडेरा, पतरा खुर्द, अलीनगर, बहेरा, बरौली, पोलडीह आदि गांव में लोड शेडिंग की समस्या से निजात मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि तीन वर्षो के दौरान क्षेत्र में विकास को पटरी पर लाने का काम किया है। समस्याएं अधिक है तो समाधान भी



धीरे धीरे हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि मेरा प्प्रयास है कि क्षेत्र को शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी करें। बहुत हद तक कार्य हुए है। और करने की जरूरत है। सीमित संसाधनों ने बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने झरगाड़ा गांव के पुराने बाजार हाट का उद्घाटन करने के बाद कहा कि विभिन्न कारणों से पुराने बाजार हाट को बंद कर दिया गया था। इसे आज शुरू हो जाने से ग्रामीणों को जरूरत के समान खरीदने 10 किलो मीटर दूर हुसैनाबाद नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनका समय और पैसा दोनो की बचत होगी। उन्होंने कहा कि बाजार के विकास के लिए जो भी जरूरत होगी उसे वह पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, विद्युत सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार, एनसीपी नेता विनय पासवान, ,मनदीप राम, गुडु सिंह, मुखिया, अमरेंद्र ठाकुर, रामराज यादव,मुखिया अशोक चौधरी, अनुज पासवान, रणविजय सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, सुनील यादव, विजय ठाकुर, दिनेश पासवान, सुबालाल यादव, रामप्रवेश सिंह, दूधेश्वर सिंह, सुनील ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, भगवान प्रसाद गुप्ता, मुन्ना चौधरी, राजू पासवान, ईश्वरी मेहता, शैलेश राजवंशी, बालिस्टर सिंह, रत्न लाल, पप्पू सिंह, रत्न प्रसाद के अलावा कई मौजूद थे।

## बरदरी में चार 4 करोड़, 67 लाख की लागत से होगा पुल का निर्माण, मिली स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के रंका प्रखंड के बूढ़ापरास - बान्दु रोड के बरदरी गांव में वर्षो से क्षतिग्रस्त पड़े पुल का निर्माण किया जाएगा। चार करोड़, 67 लख रुपए की लागत से इस पुल के निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। इस पुल के निर्माण से बांदु, चुतरू, कर्री, बरदरी आदि करीब दर्जन भर गांव के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि रंका प्रखंड के बूढ़ापरास से बान्दु जाने वाली पथ के बरदरी गांव में वर्षो से क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण चार करोड़, 67 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अब



जल्द ही बान्दु, चूतरू के लोगों को इस क्षतिग्रस्त पुल से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बरदरी गांव का यह पुल अपने निर्माण के कुछ वर्षों के बाद ही ध्वस्त हो गया था। इस संबंध में न तो संवेदक पर कोई कारवाई हुई और न ही इसके पुनर्निर्माण के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने प्रयास किया। स्थानीय लोगों की लगातार गुहार के बाद भी जनप्रतिनिधि का इस ओर ध्यान नहीं गया। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डाल कर यात्रा करते रहे। भारी वाहनों का आवागमन बंद हो गया। पर हमारे विनोदी जनप्रतिनिधि कान में तेल डाल कर सोते रहे। उन्हें अपनी नकारात्मक राजनीति, झूठ, फ़रेब और समाज को बांट कर अपना उल्लू सीधा करने के सिवा जनता का कार्य करने की फुरसत ही कहां थी। जनता की करारी लताड़ के बाद भी वे अपनी तुच्छ राजनीति से बाज नहीं आ रहे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र और स्वच्छ राजनीति में आलोचना सर्वदा ग्राह्य है। आलोचना और निंदा किसी भी जनप्रतिनिधि को निरंकुश होने से बचाता है। समाज के सबसे निचले पायदान पर बैठा व्यक्ति भी यदि हमारे कार्यों, हमारी नीतियों की तार्किक आलोचना करता है तो मैं उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा। उसे संतुष्ट करने की पूरी कोशिश करूंगा। पर निगेटिव पॉलिटिक्स करने का न तो मेरे पास समय है और न ही वैसी ऊर्जा। मंत्री ने कहा कि वे अपनी सारी ऊर्जा क्षेत्र के विकास में व लोगों के घाव भरने में लगाना चाहते हैं। आने वाले समय में यहां के लोग एक नया गढ़वा देखेंगे। अपने गढ़वा में वह सब होगा जो अब तक एक सपना था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास जनता के साथ झूठ, फरेब एवं छल के बल पर नहीं बल्कि दृढ़ इच्छा शक्ति एवं दृढ़ संकल्प के बल पर होता है। इसके लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास करना पड़ता है। मंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि झूठ की आयु लंबी नहीं होती है। जबकि सच्चाई की ताकत युगों - युगों तक बनी रहती है।

**संक्षिप्त खबरें**

### रिम्स को जल्द मिलेंगे 21 नए स्पेशलिस्ट डॉक्टर

**रांची :** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स को तीन नेफ्रोलॉजिस्ट और तीन प्लास्टिक सर्जन समेत 21 नए डॉक्टर मिलने वाले हैं। इसके लिए प्रबंधन ने कार्य शुरू कर दिया है। इसमें प्लास्टिक सर्जरी तीन, न्यूरोलॉजी दो, मेडिकल ओंकोलॉजी चार, सर्जिकल ओंकोलॉजी दो, नेफ्रोलॉजी तीन, पेडियाट्रिक सर्जरी तीन और नियोनेटोलॉजी तीन एक अन्य शामिल हैं। 21 स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए 27 जनवरी को वाक इन इंटरव्यू रखा गया है। इसके बाद 21 सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर रिम्स का हिस्सा बन जाएंगे। इन डॉक्टरों की बहाली तीन साल के लिए होगी। इससे ओपीडी से लेकर इनडोर तक मरीजों को राहत मिलेगी।

### बिरसा कृषि विवि का दीक्षांत समारोह दो फरवरी को

**रांची :** कांके स्थित बिरसा कृषि विवि का दीक्षांत समारोह दो फरवरी को होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल रमेश बैस के शामिल होंगे। इसमें करीब 12 सौ डिग्रियां बांटी जाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक दीक्षांत समारोह में यूजी, पीजी, पीएचडी डिग्री विद्यार्थियों को दी जाएगी। इसमें यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल और चांसलर गोल्डी मेडल भी दिया जाएगा। बिरसा कृषि विवि स्थापना वर्ष 1981 में हुई है। इसके बाद से अब तक छह दीक्षांत समारोह हुए हैं। इसमें विद्यार्थियों को डिग्री बांटी गई है। ये 7वां दीक्षांत समारोह होगा। करीब तीन साल के अंतराल पर दीक्षांत समारोह आयोजित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विवि के अंतर्गत 10 कॉलेज संचालित हैं। इसमें उद्यान, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, डेयरी टेक्नो.लॉजी, फिशरीज और कृषि संकाय भी शामिल हैं।

# हैवानों की शिकार बनी महिला ने 15 दिनों बाद अस्पताल में तोड़ा दम

**हजारीबाग के चरही में पिछले सात जनवरी को एक महिला के साथ कुछ बदमाशों ने सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हजारीबाग के चरही में पिछले सात जनवरी को एक महिला के साथ कुछ बदमाशों ने सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। साथ ही उसका हाथ बांधकर जिंदा जला दिया।

गंभीर रूप से झुलसी महिला को रिम्स में भर्ती कराया, जहां वह मौत से जंग लड़ रही थी। आखिरकार 15 दिन बाद रविवार को उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित के पिता ने बताया कि पिछले 15 दिन से उनकी बेटी का इलाज रिम्स के सर्जरी वार्ड में डॉ. आरएस शर्मा की निगरानी में चल रहा था।

डॉक्टरों ने पहले ही बता दिया था कि उसकी बेटी 70 फीसदी जल चुकी है, ऐसे में उसका बचना मुश्किल है। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। उनकी बेटी ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था कि उसके पति के दो भांजे और पड़ोसियों समेत चार लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और खटिया में बांधकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। पुलिस ने पीड़ित परिवार को इंसाफ का भरोसा दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी की कोशिश जारी है।

उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि घटना सात जनवरी को दोपहर एक बजे की है। तीन साल पहले ही शादी हुई थी।

# कलश और मानसरोवर किताब पर हरिवंश ने की चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश द्वारा लिखित व वाणी प्रकाशन की प्रकाशित तीन नवीनतम पुस्तक कैलाश मानसरोवर , कलश और पथ के प्रकाश पुंज पर लेखकीय यात्रा पाठकीय संवाद पर द रांची प्रेस क्लब में परिचर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा का मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार रवि ने की तो वहीं तीनों किताबों की संक्षिप्त जानकारियां वरिष्ठ पत्रकार संजय कृष्ण दिया। मौके पर उपसभापति हरिवंश ने तीनों पुस्तकों पर अपने विचार रखे और किस तरह 2011 में मानसरोवर यात्रा के दौरान इसे लिखा गया है, साथ ही कलश का क्या महत्व है इस पर चर्चा की गई वहीं तीसरी किताब पथ के प्रकाश पुंज जिसमें देश के उन महान वीर सपूत, विभूतियों की चर्चा की गई है, जो अपने आप में अनुकरणीय हैं। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर भी चर्चाएं की। इस मौके पर पत्रकारों के पूछे गए सवालों का भी



जवाब दिया। उन्होंने आगे यह भी चर्चा की कि किस तरह से मानसरोवर यात्रा के दौरान उन्हें किन समस्याओं से गुजरना पड़ा और करीब 66 लोग इस यात्रा में शामिल थे, धीरे-धीरे सब कम होते चले गए और कुछ लोग वापस लौट आए अंतिम में 15 से 18 लोग ही पूरी यात्रा तय की, इस बीच स्वयं भी आश्वस्त हो गए थे, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और मानसरोवर की यात्रा को पूरी की। वहीं पथ के प्रकाश पुंज में महात्मा गांधी, राममनोहर लोहिया, स्वामी विवेकानंद जैसे शख्सियतों पर उन्होंने लिखा और रांची के भी ऐसे शख्सियत को भी इस किताब में शामिल किया गया जिसमें दिवंगत डॉक्टर के के सिन्हा , एसके झा आदि शामिल हैं। इस अवसर पर स्वागत भाषण द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्र ने दिया। मौके पर पद्मश्री बलवीर दत्त, राज्य सभा सदस्य डा महुआ मांझी, वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक , द रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, एवं द रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य संजय, धर्मेंद्र गिरी, परवेज कुरेशी , सुनील गुप्ता सहित कई पत्रकार गण उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 23-24 जनवरी को देवघर में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक 23 और 24 जनवरी को देवघर में होगी। प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक मैहर रिसॉर्ट, देवघर में आयोजित होनी है। 23 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रदेश पदाधिकारी की बैठक शुरू होगी। दोपहर 2.30 बजे कार्यसमिति का विधिवत उद्घाटन होगा। अगले दिन 24 जनवरी की दोपहर 12 बजे इसका समापन होगा। इसी दिन बैठक के समापन के पूर्व राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किए जाएंगे। बैठक में विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी एवं सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और अन्य प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलेगा। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 21 जनवरी से देवघर में जमे हुए हैं। साथ ही प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहु के अलावा बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उनके साथ सारी व्यवस्थाओं को फाइनल करने में लगे हैं। मैहर रिसॉर्ट में करीब 500 पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के लिए जरूरी इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता में डीएवी हेहल का शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चिन्मय मिशन,राँची के द्वारा आयोजित नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची के आर्यन कश्यप कक्षा यू के जी,आदित्य पुंज,कक्षा-यू के जी,वरेण्यं आर्य कक्षा-पहली,योग्यता मिश्रा कक्षा-दूसरी, सृष्टि मिश्रा कक्षा-छठवीं ,राजश्री पाण्डेय-कक्षा सातवीं,हर्षित कक्षा-आठवीं एवं ऋषिका चौधरी कक्षा दसवीं ने अपने-अपने वर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रौशन किया।इस उपलब्धि पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन प्रेम प्रकाश आर्य एवं प्राचार्य एम के सिन्हा ने बधाई दी। प्रेम प्रकाश आर्य ने कहा कि गीता से बच्चे जीवन जीने की कला सीखते हैं तथा उनमें संस्कार विकसित होते हैं। मैं सभी विजयी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हूँ।

## मुक्ति संस्था ने 43 लावारिश शवों का किया सामूहिक दाह संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 43 लावारिश शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। जुमार नदी के तट पर सामूहिक चिता सजाकर विधि-विधान से दाह संस्कार किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने मुखाग्नि दी। उन्होंने कहा कि मुक्ति संस्था ने अबतक कुल 1492 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया है। इस मौके पर रवि अग्रवाल, आशीष भाटिया, राहुल चौधरी, आर के गांधी, गौरी शंकर शर्मा, शिवशंकर शर्मा, सुमित अग्रवाल, हरीश नागपाल, केवल किशोर, संदीप पपनेजा, पंकज खिरवाल, संदीप कुमार, सुनील अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, राजेश विजयवर्गीय, राहुल चौधरी, अमित अग्रवाल, नीरज खेतान, राहुल जायसवाल, नवीन गाड़ोदिया, नरेश प्रसाद और मनोज पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

# रांचीः रन ऑफ यूनिटी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने टीम हेल्प के सौजन्य से मंच स्थापना सप्ताह के अन्तर्गत रन ऑफ यूनिटी का आयोजन किया। शाखा ने टीम हेल्प के साथ मिलकर एक दिन, एक सोच व एक मक़सद से रास्ट्रिय दौड़ का आयोजन किया। यह आयोजन मोराबादी मैदान के चिल्ड्रेन पार्क में किया गया। प्रोग्राम सुबह 7 बजे शुरू हुआ शाखा अध्यक्ष पुजा सरावगी ने कहा टीम हेल्प एवं सबकी सहभागिता से ही यह दौड़



सफल हुई। फाउंडर प्रेसिडेंट निपुण जैन का काफ़ी सहयोग रहा। शाखा सदस्यों के साथ साथ परिवार गण मित्र गण स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी ने भी भाग लिया । दौड़ कई कैटगरी में रखी गई । बच्चों के लिए 100 मीटर , महिलाओं के लिए 200 मीटर , बड़े बच्चों के लिए 400 मीटर , मुख्य अतिथि मुख्यालय उपाध्यक्ष रोहित शारडा एवं मंडलीय उपाध्यक्ष सचिन मोतिका जी ने भी सहभागिता दी। कार्यक्रम में विनर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका पुजा बागड़िया, रंजू मालपनी एवं पुजा तोदी दीपिका टेकरीवाल थी । मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पुजा सरावगी, स्वेता भाला, विनीता, किरण खेतान राधा ड्रोलिया, कविता सोमानी, दीपिका, मोनिका, पुजा अग्रवाल, निकिता की उपस्थिति रही।

## जातिगत आधार पर जनगणना बहुत जरूरी, सरकार निर्णय ले : बंधु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि, झारखण्ड में भी बिहार की तर्ज पर ही जातिगत आधार पर शीघ्र ही जनगणना शुरू होनी चाहिये, क्योंकि यह समय की माँग है। तिर्की ने कहा कि, जातिगत आधार पर जनगणना नहीं होने के कारण झारखण्ड में जनजातीय समुदायके साथ ही अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग एवं अन्य पिछड़े वर्ग की वैसी बड़ी आबादी किसी भी प्रकार के लाभ से वंचित है।

उसे न तो घोषित आरक्षण नियमों का फायदा मिल पा रहा है न ही अनेक लाभकारी योजनाओं का।



इसके कारण अभावग्रस्त लोगों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जातिगत आधार पर जनगणना शुरू नहीं होगी तब समाज की वास्ताविक जरूरतों के अनुरूप आरक्षण नियमों का वास्तविक अर्थो में जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन करना मुश्किल है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस सन्दर्भ में अविलम्ब सकारात्मक निर्णय लें। तिर्की ने कहा कि, बिहार में जातिगत आधार पर जनगणना के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में कुछ लोगों द्वारा दायर याचिका के संदर्भ में न्यायाधीशों द्वारा कही गयी। बातें इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि आज के संदर्भ में जातिगत जनगणना समय की माँग है और यह सामाजिक स्तर की वैसी जरूरत है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्रजी का 135 वां जन्म महोत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची बोरया में एकदिवसीय 135 वो पावन जन्म महोत्सव समारोह आयोजित किया गया जिसमें कथावाचक ने कहा कि सत्संग का अर्थ होता है सच और सांग हर आदमी खुद को और दूसरे को सुरक्षित रखना ही धर्म है दुनिया में धर्म सिर्फ एक ही है लोगों का मत अलग-अलग हो सकता है।

श्री श्री आचार्यदेव के आशी श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्रजी का 135 वां पावन जन्म महोत्सव तथा यह प्रार्थना पूज्यपाद 22 को रांची में मनाया जा रहा। ईश्वरीय दिव्य प्रेरणा से अनुप्राणित हों और उनकी असीम अनुकम्पा के साथ जीवन सम्बर्द्धन पथ पर चलें। इस मौके पर मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हर कोई को काम ना हो कि जीवन में कोई अभाव ना रहे क्योंकि अभाव में सदा स्वभाव बना रहता है और ईश्वर की याद बनी रहती है घर से बाहर जाते समय अपने से श्रेष्ठ का आशीर्वाद लेकर निकले सब मंगल होगा। धर्म के लिए श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद जी एक पुरुषोत्तम पुरुष के रूप में दुनिया में आए।

### हाई कोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीशों की निःशुल्क कॉल सुविधा में बदलाव

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीशों एवं सेवानिवृत न्यायाधीशों को दूरभाष प्राधिकार की ओर से अनुमान्य निःशुल्क कॉल संख्या के अलावा 1500 रुपये का निःशुल्क कॉल की सुविधा प्रदान करने के प्रावधान में संशोधन किया गया है। अब प्रति माह अनुमान्य 1500 रुपये के प्रावधानित सीमा के अंदर निःशुल्क कॉल की सुविधा के साथ एफटीटीएच, फाइबर टू द होम तथा इंटरनेट, कॉल सेवा के अन्य माध्यम के दावे भी जुडे होंगे। इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग की सहमति के बाद संकल्प कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है।

# श्री रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगाः श्री महावीर मंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल राँची की वार्षिक कार्यसमिति बैठक ब्राम्हण धर्मशाला में श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में मुख्यरूप से श्री महावीर मण्डल राँची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू , राजीव रंजन मिश्रा , रामधन बर्मन , उपेंद्र रजक , नंद लाल शर्मा एवं राज किशोर उपस्थित थे ।बैठक का संचालन कैलाश केसरी एवं धन्यवाद ज्ञापन गोपाल पारीक नही किया ।बैठक में शामिल सभी पूर्व अध्यक्षो एवं वरीय सदस्यो को चुनढी ओढकर एवं राम पट्टा देकर सम्मानित




किया गया। श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाया जाएगा एवं श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी । बैठक में श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष स्व मनोज खन्ना , श्री महावीर मंडल चुटिया के पूर्व अध्यक्ष स्व बाबूलाल ठाकुर एवं श्री महावीर मण्डल बरियातू के पूर्व अध्यक्ष स्व राकेश कुमार महेन्द्रू के आकस्मिक निधन पर मंडल द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया ।बैठक में श्री महावीर मंडल चुटिया के अध्यक्ष सुनील रंजन सहाय ,श्री महावीर मंडल पुनदाग के अध्यक्ष बृंद कुमार साहू ,श्री महावीर मंडल बरियातू के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सिन्हा ,श्री महावीर मंडल बार्डगाई के अध्यक्ष डॉ जीवाधन प्रसाद ,श्री महावीर मंडल लोवाडीह के अध्यक्ष पप्पू सिंह ,श्री महावीर मंडल कांके रोड के अध्यक्ष बलराम प्रसाद ,श्री महावीर मंडल रातू रोड के अध्यक्ष अमित सोनी , श्री महावीर मंडल नामकुम के अध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक एवं श्री महावीर मंडल अरगोड़ा के अभिषेक चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किये ।बैठक में शशांक शर्मा , पीयूष आनंद , राकेश सिंह , अमरदीप साहू , आशीष बर्णवाल , बिरजू महतो सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे ।

# चडरी तालाब में दशकर्म स्थल का होगा सौंदर्यकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** चडरी सरना समिति के चडरी तालाब में चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में चडरी तालाब स्थित दशकर्म स्थल का चबूतरा,सेड, एवं चडरी तालाब में गेट का निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह के द्वारा किया गया। सिंह ने कहा कि चडरी तालाब में हर दिन धार्मिक अनुष्ठान होती है। दशकर्म स्थल वर्षो से नहीं था। चडरी तालाब में दशकर्म स्थल नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। ये सभी को देखते हुए चडरी तालाब में दशकर्म स्थल का चबूतरा, सेड एवं चडरी तालाब में गेट का निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास किया हूं। यह काम को बहुत ही शुद्धता के साथ काम होगा। यह काम आने वाली छठ महापर्व से पहले किया जाएगा। चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि चडरी तालाब में दशकर्म स्थल पूर्व में उत्तर भाग में स्थित था। चडरी तालाब में यह काम होने से चडरी ग्राम के साथ साथ



थड़पकना,लोहरा कोचा, भुतहा तालाब, सुभाष चौक,अपर बाजार, आदि मौहल्ला के लोगों को सुविधा होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, चडरी पुजा समिति के संरक्षक जितेन्द्र सिंह, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, राजेश मुंडा, गुड्डू पहान, चिकू लिंडा, सबलू खान, केंद्रीय सरना समिति के महासचिव कृष्णकांत टोप्पो, उदय मुंडा, विकी मुंडा, आकाश मुंडा,आषिष लिंडा,बादल नायक,बन्टी मुंडा,बादल लिंडा,रामा मुंडा,पनीर छोटू मुंडा,अनुप हेमरोम, अशोक मुंडा, जगेश्वर राम, सहित चडरी ग्राम गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड के 23 मुखिया एक्सपोजर विजिट पर जाएंगे महाराष्ट्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के 23 मुखिया एवं पंचायती राज विभाग के तीन पदाधिकारियों को 23 से 28 जनवरी तक महाराष्ट्र सरकार के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, यशवंतराव चव्हाण विकास प्रशासन प्रबोधिनी, पूणे में प्रशिक्षण करने के लिए भेजा जाएगा। सभी मुखिया समाजसेवी अन्ना हजारे के गांव रालेगांव सिद्धि पंचायत, महाराष्ट्र में पेसा क्षेत्रों एवं अन्य ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को रांची, गुमला, सिमडेगा और लातेहार से पंचायत के मुखिया का एक प्रतिनिधिमंडल पूणे,



महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ है। इस प्रतिनिधिमंडल में कई ऐसे प्रतिनिधि भी हैं, जो पहली बार एक्सपोजर विजिट में जा रहे हैं और वे सभी लोग यशदा में प्रशिक्षण लेकर झारखंड के गांव पंचायतों को सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो योजनाओं के क्रियान्वयन में सकारात्मक भूमिका होगी।

## भाई भीख का त्योहार मनाया गया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पुरियो पंचायत में रविवार को भाई भीख का त्योहार पारंपरिक तरीके से अपने गांव के सीमांत पर विधिवत पूजा-अर्चना कर मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता का निर्वहन करते हुए गांव के आदिवासी समाज और सनातन समाज की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की। इसमें बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाहन-पुजार ने अगुवाई की। गांव के पहनाइन सरहुलिया उराईन ने बताया कि सैकड़ों वर्षो से आदिवासी व सनातन समाज मिलकर भाई भीख पर्व को मनाते आ रहे हैं। गांव के कोटवार द्वारा गांव के सीमा क्षेत्र मे एक सप्ताह पूर्व ही सूचना दी जाती है कि गाव में इस तिथि को भाई भीख का पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद गांव की बहुएं अपने मायके जाकर भाई से भीख के स्वरूप सुहाग का सामान, चावल और पैसा मांगती हैं। साथ ही पूजा के दिन भाई को आमंत्रित किया जाता है। इसके बाद महिलाएं स्थानीय देवी मंडप में पूजा-अर्चना कर मंदिर मे बैठे पाहन को दक्षिणा स्वरूप चावल देती हैं और अपने भाइयों का रीतिरिवाज के साथ आरती और तिलक लगाने के बाद उन्हें पकवान खिलाकर विदा करती हैं। इस परंपरा का निर्वहन आसपास के गांव में भी किया जाता है।

## विधायक ने कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटी पश्चमी पंचायत के अंतर्गत अदर्शनगर टाटीसिल्वे कराटे टैनिंग सेंटर में इंट 'नेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड एवं ब्रॉनज़ मेडल प्राप्त करने वाले मयंक कुमार दास, साहिल कुमार महतो को मेडल एवम सर्टिफिकेट देकर खिजरी के लोक प्रिय विधायक राजेश कच्छप द्वारा सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर खिजरी के विधायक ने कहा कि यह स्वस्थ रहने एवम् आत्म सुरक्षा का सशक्त माधयम है। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विधायक राजेश कच्छप,अरविंद लोहरा पंचायत समिति सदस्य,सुनीता देवी मुखिया, इंदु देवी प स स टाटी पश्चमी,जितेंद्र सिंह, गरुँ कुमार, एम एम मिश्रा, संजय कुमार, राजू तिवारी, अशोक मिश्रा, उमा शंकर महतो,महावीर कोयरी, मनोज कुमार ठाकुर, मना शर्मा उपस्थित रहे।

## ट्रक अनियंत्रित होकर पलटने से दो घायल

**कोडरम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की सुबह 11:00 बजे कोडरमा घाटी नौवा माइल में कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से 2 लोग घायल हो गए, घायल की पहचान इंद्रजीत सिंह उम्र 29 वर्ष पिता यशवंत सिंह ग्राम तरनतारन पंजाब, बृजेश यादव उम्र 27 वर्ष पिता देवराज यादव बलुवाही यूपी के रूप में हुई है, मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में धनबाद से कोयला लोड करके बिहार की तरफ जाने के क्रम में कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी नौवा माइल के पास अनियंत्रित होकर पलट जाने से 2 लोग घायल हो गए, इसकी सूचना पीसीआर के मिलने के बाद पीसीआर पहुंचकर घायल को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

## डेल्हीवरी ट्रेनिंग एण्ड रिक्रूटमेन्ट प्रोग्राम लॉन्च

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े पूर्णतया एकीकृत लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता डेल्हीवरी ने लॉजिस्टिक्स उद्योग में करियर बनाने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए डेल्हीवरी ट्रेनिंग एण्ड रिक्रूटमेन्ट प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की है। यह प्रोग्राम प्रवेश एवं मध्यम-स्तर की संचालनात्मक भूमिकाओं में गारंटी के साथ नौकरियां उपलब्ध कराता है। कंपनी गंगानगर, उज्जैन, कुरूर, पुरुलिया एवं श्रीनगर जैसे दूसरे और तीसरे स्तर के 25 शहरों को ध्यान में रखते हुए 19 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा का संचालन करेगी। इस परीक्षा के द्वारा उम्मीदवारों को गुरूग्राम में 5 सप्ताह के प्रशिक्षण प्रोग्राम के लिए चुना जाएगा। इस प्रशिक्षण में क्लासरूम के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी शामिल होगा, जहां ऑपरेशनल प्रोसेस, सॉफ्टवेयर टूल्स, सॉफ्ट स्किल्स एवं पीपल मैनेजमेन्ट जैसे सभी विषयों को कवर किया जाएगा।

## दो ट्रको की टक्कर में एक चालक घायल

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की दोपहर 3:00 बजे कोडरमा घाटी में टाटा डीसीएम ट्रक और ट्रक की टक्कर में एक चालक घायल हो गए, घायल की पहचान प्रमोद यादव उम्र 45 वर्ष पिता रघु यादव ग्राम अकबरपुर नवादा के रूप में हुई है, मिली जानकारी के अनुसार टाटा डीसीएम ट्रक में खाद लोड करके बिहार से बंगाल की तरफ जाने के क्रम में कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में विपरीत दिशा से एक ट्रक आकर टक्कर मार देने से टाटा डीसीएम चालक ट्रक में फंसकर घायल हो गए इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर और ग्रामीणों की मदद से एक घंटा के बाद चालक को काफी मशक्कत के बाहर निकाला गया और आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा है।

## पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे छात्र

**जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद में संचालित बी.एस.वी उच्च विद्यालय में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर भव्य पंडाल बनाने में विद्यालय के छात्र जुट गए हैं और पंडाल को अंतिम रूप के लिए उत्साह के साथ जुटे हैं छात्र। वही विद्यालय के प्राचार्य विवेकानंद कश्यप ने बताया कि दूर-दूर से लोग इस भव्य सरस्वती पूजा पंडाल को देखने आते हैं और इसी दौरान उन्होंने बताया कि सरस्वती पूजा का पंडाल छात्रों के द्वारा स्वयं भव्य रूप दिया जाता है जो पूरे जिले में चर्चा का विषय रहता है और इस बार सरस्वती पूजा पंडाल को और भव्य रूप छात्रों के द्वारा दिया जा रहा है। वही विद्यालय के शिक्षकों का भी भरपूर योगदान पंडाल बनाने में रहता है। और पूरे विद्यालय प्रांगण में सीसीटीवी भी लगाया जाएगा ताकि मनचलों के द्वारा पूजा में कोई दिक्कत ना हो जिसे लेकर नजर बनाई जा सके वहीं विद्यालय के छात्रों में काफी उत्साह देखी जा रही है।

## पहला रिट्रेक्टेबल पोर्टेट लेंस पेश

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनोवेटिव टेक्नोलॉजी ब्रांड टेक्नो ने भारत मेंफैंटम एक्स2 प्रो 5जीको पेश कर दिया है। इसमें दुनिया का पहला रिट्रेक्टेबल पोर्टेट लेंस है। फैंटम एक्स2 प्रो 5जी इससे पहले लॉन्च हुए फैंटम एक्स2 5जी का अपग्रेडिड वर्जन है, जिसे इस महीने की शुरुआत में लॉन्च किया गया था। फैंटम एक्स2 5जी को जहां 39,999 रुपये की कीमत में पेश किया गया था,वहीं प्रो वेरिएंट को 49,999 रुपये की कीमत में पेश किया गया है। फैंटम एक्स2 सीरीज को पिछले महीने ग्लोबली लॉन्च किया गया था, इसके जरिए टेक्नो ने प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में एंट्री की थी। प्रो वेरिएंट की प्री-बुकिंग आज से शुरू हो गई है और इसकी पहली सेल 24 जनवरी 2023 से शुरू होगी। ग्राहक को फैंटम एक्स2 प्रो 5जी को अमेजन और रिटेल टचपॉइंट्स के जरिए खरीदा जा सकता है।

## राजद की संगठन को मजबूती को लेकर बैठक

**मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद परिवार की संगठन को मजबूती व वनभोज को लेकर रविवार को राजद प्रखंड कमिटी मरकच्चो की ओर से प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित पार्टी कार्यालय के समीप ब्लॉक चौक पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मरकच्चो सह पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बिजय कुमार सिंह ने की जबकि संचालन भुनेश्वर प्रसाद यादव ने किया।बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष सह जीप अध्यक्ष रामधन यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिला महासचिव शरफराज नवाज, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला सचिव सरफुद्दीन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में 8 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाले वनभोज सह पार्टी संगठन को लेकर मरकच्चो स्थित पंचखेरो जलाशय में करने का निर्णय लिया गया। वनभोज सह कार्यकर्ता बैठक समारोह को सफल बनाने में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता को अपने ग्रामीण साथियों के साथ पहुंचने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए रामधन यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जहां लोगों से मिलने का मौका मिलता है। वहीं आपसी प्रेम भी बढ़ता है। प्रखंड अध्यक्ष बिजय कुमार सिंह ने कहा कि राजद समाज के हर तबके के लोगों को साथ लेकर उनके सहयोग से चल रही है। समाज के हर तबके के लोगों को उचित सम्मान मिले यही पार्टी का उदेश्य है। उन्होंने बताया कि वनभोज सह कार्यकर्ता बैठक में पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुभाष यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में उपस्थित लोगों ने आयोजित कार्यक्रम में अपने ग्रामीण साथियों के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का संकल्प लिया।

# गोलीकांड की 21वीं बरसी पर जन संकल्प सभा का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** गोलीकांड की 21वीं बरसी के मौके पर मरकच्चो शहीद मैदान में शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने मरकच्चो गोलीकांड के शहीदों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, झामुमो भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष एम.चंद्रा ,कोडरमा लोक सभा प्रभारी सिताराम सिंह ,ईश्वरी राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे ।इसके पूर्व कामरेड शहीद अशोक यादव का भाई सिताराम यादव व उनकी मां समेत उपस्थित भाकपा माले के नेताओं ने झंडोत्तोलन किया। तत्पश्चात उक्त जगह पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया । संकल्प सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि मरकच्चो गोली कांड बाबूलाल मरांडी के इशारे पर की गयी थी जिसमे भाकपा माले के तीन साथी शहीद हो गए। आज भी कोडरमा की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है ।भाजपा की डबल इंजन की सरकार कोडरमा में इंजन अलग और डिब्बा अलग हो गया है। विकाश पूरी तरह खड़ी हो गयी है।भाजपा ने हर विभाग में सांसद प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि बनाया गया।वे प्रतिनिधि लूट रोकने के बजाय खुद लूटने में लगे हैं। कोडरमा के दोनो मैडम पूरी मलाई को मह के माखन खा जाएंगी और बचा हुवा छाछ में भी पानी मिला कर जनता को देने की का कर रही है।उन्होने कहा कि कोडरमा में ढिबरा चुन कर अपना जीवन यापन करने वाले गरीब गुरबों की आज रोजी रोटी छीन ली गयी है । लेकिन यहां की सांसद विधायक के मुंह से एक शब्द भी नही निकल रहा है ।वे सिर्फ अपनी कुर्सी में मस्त हैं । भाजपा द्वारा कालाबाजारियों को संरक्षण दिया जा रहा है । गरीबों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया है । प्रखंड कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन भाजपा के लोग मौन हैं और जब भाकपा माले के लोग इस के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उन्हे झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाता है । मौजूदा हेमंत सरकार भी पिछली सरकार की तरह भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त है ।पैसे लेकर थाना में पोस्टिंग की जा रही है । भाकपा माले को सदस्यता अभियान चलाकर कर ज्यादा से ज्यादा नौजवानो को जोड़ना है तथा मजबूत विपक्ष बनना है।उन्होंने कहा कि 2003 में तत्कालीन भाजपा सरकार के इशारे पर माले कार्यकर्ताओ पर गोलियां चलाई गयीं जिसमे तीन माले कार्यकर्ता शहीद हो गए थे । संप्रदायिक तत्वों के खिलाफ उस वक्त शुरू की गयी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

# जंगली हाथी ने ली मंगल मुंडा की जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ वन क्षेत्र के उलीडीह परासी पथ स्थित पॉवर हाउस के सामने जंगली हाथी ने एक ब्यक्ति को पटक कर मार डाला। मृतक की पहचान बड़वा निवासी मंगल मुंडा(70) के रूप में हुई। वही वन विभाग तथा तमाड़ पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग द्वारा मुआवजा के रूप में पचास हजार मृतक के पुत्र सुखराम मुंडा को जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी के व्दारा दिया गया। लोगों ने बताया की मंगल मुंडा प्रति दिन की तरह अपने चने की खेत को देखने गया था। खेत की निगरानी कर करीब पांच बजे अपने घर वापस आ रहा था। जहाँ उसका सामना एक विशालकाय हाथी से हो गया। मंगल मुंडा कुछ समझ पाता हाथी ने अपने सुड़ पर उठा कर पटक दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। लोगों का कहना है कि लगातार हाथियों का आतंक क्षेत्र मे बढ़ता ही जा रहा है। और या एक जंगली हाथी द्वारा लगातार लोगों को मौत के नींद सुला दिया जा रहा है। लेकिन स्थानीय नेताओं से लेकर वन विभाग के अधिकारी भी हाथियों को खदेड़ने में कोई रुचि नही दिखा रहे है। विभाग द्वारा सिर्फ मुआवजा देकर खानापूर्ति कर दिया जाता है। बताते चले की एक सप्ताह पूर्व में भी तमाड़ के कुरकुट्टा में भी जंगली हाथी ने एक महिला को पटक कर मार डाला था।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के खुखरा गांव के साहू टोला व रतन टोली में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि, पशुपालन सहकारिता विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग से बनने वाले तालाब जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया। वहीं जिला योजना के अनाबद्ध निधि से चचकोपी सेमर टोली में रोमिल तिर्की के घर से टंगरा तक बनने वाली पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह कृषि प्रधान गांव है। यहां के किसान बहुत ही मेहनती हैं। इनके आर्थिक विकास के लिए यह तालाब निश्चित रूप से लोगो के लिए वरदान साबित होगा।उन्होंने कहा क्षेत्र में शिक्षा, हरियाली और विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। इस दोनों तालाब के बन जाने से किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। गांव के छोटे किसान समृद्ध होंगे तभी गांव खुशहाल व विकसित होगा। वहीं सड़क के बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, मुखिया जतरु उरांव, परवेज आलम, नवल किशोर सिंह, राजेश साहू, अभिषेक सिंह, प्रकाश साहू, तेजू दास, करमा उरांव, शंभु बैठा, मो फहीम, तंजीर हुसैन मीर मुस्लिम, सरवन खान, रमेश साहु व सोमरा लोहरा सहित कई कर्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# मांडर विधानसभा के युवा कांग्रेस नेता सनी टोप्पो भाजपा में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर विधानसभा के युवा कांग्रेस नेता सनी टोप्पो भाजपा में शामिल हो गये हैं। रांची के मांडर प्रखंड के रसोई आश्रम मैदान में 22 जनवरी को भाजपा की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष कांग्रेस के युवा नेता सनी टोप्पो भाजपा में शामिल हो गये। मिलन समारोह में दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी के अलावा प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर सिंह, सांसद सुदर्शन भगत ,राजसभा सांसद समीर उरांव, प्रसाद साहू सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

**16 जनवरी को कांग्रेस प्रदेश सचिव के पद से दिया था इस्तीफा :** युवा कांग्रेस नेता टोप्पो ने भाजपा में शामिल हो 2019 के विधानसभा चुनाव में मांडर विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। चुनाव में पांचवें नंबर पर थे उन्हें 8840 वोट मिले थे टोप्पो ने कहा कि वे युथ कांग्रेस से जुड़े थे। पार्टी से काफी एक्टिव रहे लेकिन इन दिनों उनकी लगातार उपेक्षा की जा रही थी। मांडर उपचुनाव में पार्टी कैंडिडेट शिल्पी नेहा तिर्की को काफी सपोर्ट भी किया लेकिन मुझे कोई सपोर्ट नहीं मिला। उचित मान सम्मान नहीं मिलने के कारण उन्होंने 16 जनवरी को कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया।

# डालसा सभागार में कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नालसा एवं झालसा के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश के अध्यक्षता में District Level Multi Stake Holders का Consultation कार्यक्रम का आयोजन डालसा के सभागार भवन में किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने कहा कि आज इस वर्ष का पहला एवं इस प्रकार का पहला कार्यक्रम है, जिसमें सभी विभागों को अपना-अपना दायित्व कानून के दायरे में रहकर पूर्ण करना है। बच्चे देश के भविष्य हैं और उसके साथ अपराध को किस प्रकार रोका जाए और कैसे उसको त्वरित न्याय प्राप्त हो इस पर हमें विचार करना है। अगर किसी बच्चे द्वारा अपराध हो जाता है तो उसे समाज के मुख्य धारा से बच्चे को किस प्रकार जोड़ा जाए और उसके परिवार को किस तरह का कानूनी सहयोग देना है, उसी पर यह कार्यक्रम है। पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य ने कार्यक्रम में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र हों या शहरी क्षेत्र जिले के सभी प्रखण्डों के थानों द्वारा लोगों को जगह-जगह पर जागरूक किया जाता है जिससे की बच्चों को पुलिस के रूप में नहीं बल्कि एक अभिभावक के रूप में काम करना है। जिला जज प्रथम ने कहा कि पोक्सो मामले में बच्चों का ब्यान तुरन्त दर्ज हो और उसको सभी प्रकार के भय से मुक्त कराना होगा। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि आज सभी विभागों के अध्यक्ष मौजुद हैं और बच्चों के जीवन को कैसे सुदृढ़ और साकारत्मक बनाया जाए तथा बच्चों से संबंधित उत्पन्न किसी भी समस्या का समाधान तुरन्त कैसे निकले उसी से संबंधित यह विचार मंथन कार्यशाला एवं समन्वय कार्यक्रम झालसा द्वारा लगातार हो रही है। अब हम सब को मिलकर सहयोगात्मक व्यवहार के साथ बच्चों के हित को ध्यान में रखकर काम करना होगा। ए0सी0 ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रसाशन जिले में एक ऑबजर्वेशन होम हो, इसके लिए प्रयास करेगी तथा बच्चों के हित में काम करती रहेगी। सभी विभागों से आए पदाधिकारी ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा एवं सभी बिदुओं पर समाधान निकाला गया और आगे आने वाली समस्याओं को भी डालसा के माध्यम से निदान निकाला जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य, अमन कुमार जिला जज प्रथम संजय कुमार, किशोर न्याय बॉर्ड के न्यायिक दण्डाधिकारी, सिविल सर्जन, डीएसपी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी तनुश्री सरकार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, खूँटी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव, एन0जी0ओ0 सीनी की डीस्ट्रीक्ट कोऑर्डिनेटर, बाल कल्याण समिति के सदस्य, किशोर न्याय बॉर्ड के सदस्य खूँटी महिला थाना प्रभारी एवं पोक्सो केस में पिड़िताओं को सहयोग हेतु प्रदान की जानेवाली सपोर्ट पर्शन उपस्थित रहे।

# जनता को जाती और पार्टी मे बांटा जा रहा है : रामानन्द बेदीया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** राजनीति की मानसिक दशा को समझनी होगी ,यहां की राजनीति मे जनता को जाति और पार्टी मैं बाट कर रखा है ! यहां के जनता को बेचा जा रहा है !हम लोग को समझने की जरूरत है, मै सिल्ली में झामुमो की पार्टी को बचाने आया हूं ,आपकी सहयोग की जरूरत है, उक्त बातें झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया ने रामपुर स्वर्णरेखा नदी छठघाट पर हाकेदाग,हल्माद, के पंचायत कमिटी गठन सह वन भोज कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को कहीं। श्री बेदिया ने कहा कि हम लोगों को मिलकर आगामी 2024 में विधानसभा के चुनाव में जनता की मानसिकता को बदलना होगा, आजसु को पटकनी ही देनी है, और झामुमो की सरकार को लाना है ,हेमंत सोरेन को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि हेमंत की सरकार ने बूढ़ा बूढ़ी को समय पर पेंशन दिलाने का काम किया है, और उन्हें सम्मानित किया है मैं भी वादा करता हूं अगर किसी को बूढ़ा बूढ़ी को अगर पेंशन समय पर नहीं मिल रहा है, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा से संपर्क करें, यह वादा रहेगा, उनको जल्द से जल्द पेंशन दिलाया जाएगा और आपको इस विधानसभा में डरने की जरूरत नहीं है ,आप बेहिचक होकर रहिए। हमारे यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ही काफी हैं। सिल्ली विधानसभा के प्रवक्ता फखरुद्दीन राय ने कहा की हमें झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार लाने के लिए खुलकर सामने आना होगा ,हमें हेमंत की सरकार को हाथ को मजबूत करना होगा।

रामानंद बेदियाको सहयोग देना होगा। इस कमेटी का संचालन प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने किया, इसके अलावा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष साहू ,द्वारिका महतो, फागू चंद्र माझी ,नरेश नायक, हरिचंद करमाली ,लखीराम बेदिया ने संबोधित किया हाकेदाग और हल्माद चुने गए कमेटी के सदस्यों को माला पहना कर सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के बीच बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह मरकच्चो प्रखंड से प्रदेश प्रतिनिधि मनोज सहाय पिंकू के निर्देशानुसार मरकच्चो प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के बीच प्रखंड आवासीय कार्यालय पर उपस्थित हुए। उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए सहाय ने कहा कि हम सब के सम्मानित नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो पदयात्रा को मरकच्चो प्रखंड में सभी कांग्रेस जनों ने सफल किया, जबकि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हाथ से हाथ जोड़ कार्यक्रम को भी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सफल बनाना है। प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा के निर्देश पर मौके पर ही कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष यासीन अंसारी ने मरकच्चो प्रखंड के क्रमशः दोनों मंडल उत्तरी एवं दक्षिणी के आठ आठ पंचायत के पंचायत अध्यक्षों का मनोनयन किया गया जिन्हें हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम सहित डिजिटल सदस्यता अभियान को सफल बनाने की जवाबदेही दी गई। जबकि प्रदेश सचिव के नेतृत्व में कार्यक्रम में उपस्थित दो दर्जन से अधिक लोगों को डिजिटल पद्धति से कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रतिनिधि सह जिला बीस सूत्री सदस्य अनवारूल हक, युवा विधानसभा प्रभारी चांद आलम अल्पसंख्यक जिला महासचिव महताब आलम, महिला प्रखंड अध्यक्ष सेलिना बेगम , युवा नेता नसीम अख्तर, महेश मोदी रामचंद्र दास, मो अनवर, आजाद शाह भारती, मो साजिद, नसीमा बेगम अशमेरी खातून, नूरजहां बेगम, सुखदेव गोस्वामी, मो कासिम,मरगूब अंसारी, चांदनी बेगम, उपेंद्र सिंह, मो मुनव्वर, राजेश कुमार सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

# 28 जनवरी से फुड लाईसेंस रजिस्ट्रेशन हेतु कैम्प का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी द्वारा जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया गया है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रावधान के अनुसार खाद्य कारोबारियों को लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के कारोबार करना दण्डीय अपराध है तथा छः माह का कारावास एवं पांच लाख रूपये तक का जुर्माना का प्रावधान है।

अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु जिले में प्रखंडवार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी 2023 को अनुमंडल कार्यालय, खूँटी, 02 फरवरी 2023 को प्रखण्ड कार्यालय परिसर, मुरहू, 06 फरवरी को प्रखण्ड कार्यालय परिसर, तोरपा, 10 फरवरी 2023 को प्रखण्ड कार्यालय परिसर, कर्रा में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी द्वारा बताया गया है कि फुड रजिस्ट्रेशन (जिसका सलाना टर्नओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची समर्पित करना होगा। इन दस्तावेजों में आवेदक का पहचान पत्र, यदि पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण-पत्र, एवं एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा।

वहीं फुड लाइसेंस (जिसका सलाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक हो) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची यथा- प्रोपराईटर/डाइरेक्टर्स/पार्टनर की सम्पूर्ण विवरणी (पता/मोबाईल नं0/ईमेल आई.डी. आदि), आवेदक/प्रोपराईटर/पार्टनर का पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र, व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड/बिजलीबिल/राजस्व रसीद/रेंट एग्रीमेंट आदि), प्रोपराईटरशीप से संबंधित स्वघोषणा पत्र/पार्टनरशीप डीड/फॉर्म, मैन्यूफैक्क्रिंग के लिए अतिरिक्त दस्तावेज, मैन्यूफैक्क्रिंग युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित, मैन्यूफैक्क्रिंग यूनिट में प्रयोग किये जा रहे मशीनों की सूची क्षमता अनुरूप, उत्पादन इकाई का ले-आउट/ब्लूप्रिंट, मैन्यूफैक्क्रिंग यूनिट के लिये रिकोल प्लान, मैन्युफैक्क्रिंग उत्पाद की सूची, होटल कैटरर/रेस्टूरेन्ट के लिए अतिरिक्त दस्तावेज- उपयोग में लाए जा रहे पेयजल की शुद्धता की जाँच रिपोर्ट, मीट/चिकन/मछली दुकान के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र समर्पित करना होगा। उक्त सभी दस्तावेजों को स्वअभिप्रमाणित रूप में जमा करना होगा।

अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी द्वारा जिले के सभी खाद्य कारोबारियों यथा होटल, भोजनालय, रेस्टूरेंट, पानी विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं,वितरक,प्रदायक,भंडारक , उत्पादक, खुदरा बिक्रेता, ठेला-खोमचा, बधशाला, कैंटिन, मिठाई दुकानदार, परिवाहक, फल-सब्जियों के दुकान, सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैंटिन इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराईटर आदि को सूचित करते हुए अपील की गयी है कि उपरोक्त तिथि को कैम्प में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर फुड लाईसेंसिग/रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन समर्पित करें।

## एसएससी जीडी की तैयारी कर रहे छात्रों का थाना प्रभारी ने लिया परीक्षा



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड के मरांगहातु पंचायत भवन में संचालित कोल्हान नितीर तुरतुंग संस्था में एसएससी जीडी की तैयारी कर रहे बच्चों का कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने परीक्षा लिया। बच्चों को कॉम्पिटिशन परीक्षा में आने वाली प्रश्न पर फोकस डाला व विशेष जानकारी दिया। श्री भोक्ता ने कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर अपना कर्म करें मंजिल तक पहुंचने में आपको कोई रोक नहीं सकता। वहीं श्री भोक्ता ने बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए कामना किया।

## भगवत सिंह मुंडा की जयंती पर सोनाली टुसू मेला सह फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड के रूगुडीह फुटबॉल मैदान में स्वं भगवत सिंह मुंडा जंयती पर सोनाली टुसू मेला संघ लुपूंगबेडा रूगुडीह के द्वारा आयोजित दो दिवसीय टुसू मेला और फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुआ। पुरूष वर्ग के फाइनल में पोड़ाडीह एफसी को 1-0 से पराजित कर डोरेया एफसी की टीम चैम्पियन बनी। जबकि महिला वर्ग के फाइनल में टाई ब्रेकर से हेलो ब्रदर्श विजार कुचाई को 2-1 से पराजित कर मधुडीह टीम चैम्पियन बनी। पुरूष वर्ग में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। जबकि बालिका वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में रूगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा एवं सासंद प्रतिनिधि लखीराम मुंड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर खेल शुरू किया। वहीं बूगी बूगी नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मुखिया करम सिंह मुंडा एवं सासंद प्रतिनिधि लखीराम मुंड़ा,बैकुंठ सिंह मुंडा,मंगल पाण्डेया, दुर्गा सिंह मुंड़ा, ललितचन्द्र सिंह मुंड़ा, हरिचरण मुंडा, हेमन्द्र सिंह मुंड़ा, मंदन सिंह मुंड़ा, डोमन सिंह मुंड़ा,आदि उपस्थित थे।

## गोड़ सेवा संघ का प्रमंडलीय स्तरीय वार्षिक महाधिवेशन सह संकल्प दिवस आज



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोड़ सेवा संघ एवं संपूर्ण मानवता कल्याण संघ के संयुक्त तत्वधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कोल्हान प्रमंडल स्तरीय में वार्षिक महाधिवेशन सह संकल्प दिवस ,महा रक्तदान शिविर, मेगा हेल्थ कैंप का कल खरसावां प्रखंड के अंतर्गत स्कूल मैदान बड़सरगीडीह में प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 10 बजे झंडोत्तोलन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। उक्त जानकारी डॉक्टर संजय गिरी एवं गोड़ सेवा संघ द्वारा दी गई।

## रश्मि कुमारी का पंचायत सचिव पद पर चयन

**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर 2 निवासी समाजसेवी शंकर सिंह की सुपुत्री रश्मि कुमारी का पंचायत सचिव पद पर चयन हुआ है. इसको लेकर कॉलोनी में और परिजनों में खुशी का माहौल है. उक्त जानकारी देते हुए शंकर सिंह ने बताया पिछले कई वर्षो से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही थी, आखिर सफलता हाथ लग गई. इधर बधाई देने वालों का घर में तांता लगा रहा।



## सत्यम शिवम ट्रस्ट की वार्षिक वनभोज मिलन समारोह

**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था सत्यम शिवम ट्रस्ट की वार्षिक वनभोज मिलन समारोह आदित्यपुर के साई कंपलेक्स परिसर में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता कंचन सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं टाटा मोटर्स के डॉक्टर अहमद उपस्थित थे। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में ट्रस्ट के द्वारा बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषो के बीच कई सारे म्यूजिकल चेयर, इन आउट, बॉल पासिंग गेम, थ्रो बॉल जैसे कई खेलकूद प्रतियोगिता किया गया। विजेताओं को बारी बारी से मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर समारोह की अध्यक्षता कर रही कंचन सिंह ने आगामी वर्ष की होने वाली कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर बताई। वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं टाटा मोटर्स के डॉक्टर अहमद ने ट्रस्ट के द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना करते हुए अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग देने की बात कही। इस समारोह को सफल बनाने में रेखा, सुजीत, आनंद इत्यादि कई लोगों का काफी योगदान रहा है।

## सुधीर महतो का मनाया गया पुण्य तिथि



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बिष्टाटांढ़ एस एम पब्लिक स्कूल के पास रविवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो का 9 वां पुण्य तिथि धुम धाम से मनाई गई। झामुमो कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय सुधीर महतो के आदमकद मुर्ती पर अगरबत्ती दिखाकर व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहा और माल्यार्पण कर लोग श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं वरिष्ठ झामुमो नेता राम प्रसाद महतो ने कहा कि स्वर्गीय सुधीर महतो शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सुधीर महतो को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर राम प्रसाद महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, गुसेश्वर महतो,अमित सिन्हा, पंचानन पातर, अघोर महतो, पशुपति बागची, रामेश्वर उरांव,बिजय कृष्ण महतो, लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा, हरेंद्र नाथ महतो ,हाकीम महतो आदि उपस्थित थे।

# अफीम खेती को लेकर थाना में हुई पंचायत प्रतिनिधियों संग बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर की अध्यक्षता में अफीम खेती सहित तमाम नशे को लेकर बैठक कि गई । बैठक में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा को लेकर भी चर्चा किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों से अफीम खेती मुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग करने की अपील किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों को अफीम खेती के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक करने का अपील किया गया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने पंचायत प्रतिनिधियों को आफीम खेती करने वालों को समझाने के बाद भी खेती करने वाले का सुचना देने का अपील किया। वहीं थाना प्रभारी श्री ठाकुर ने बताया कि आज पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवियों के साथ बैठक कर 26 जनवरी व सरस्वती पूजा में शांति व्यवस्था कायम रखने में अपेक्षित सहयोग करने का अपील किया गया। मौके पर जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, प्रमुख गुरूपद मार्डी, एस आई शिवा यादव, एएसआई मनिंदर सिंह, विनय सिंह, नारायण साह, राजेन्द्र तिवारी, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, बीपीन सिंह मुण्डा, सहित तमाम मुखिया ,पंसस सदस्य उपस्थित थे।



## डॉ अजय पर हमले के विरोध में त्रिपुरा के सीएम का गोविंदपुर चौक पर पुतला दहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रदेश प्रभारी डॉ अजय कुमार के विरुद्ध मॉबलिंचिंग का माहौल बना कर हमला करने की घटना को लेकर कांग्रेसजनों में भारी रोष है, इसी को लेकर गोविंदपुर चौक पर सचिन यादव युवा कांग्रेस जिला महासचिव एवम भोला यादव नेतृत्व में भाजपा सरकार एवं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम संध्या 6 बजे जिला कार्यकारी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, विजय यादव एवम ज्योतिष यादव की मौजूदगी में किया गया। पुतला दहन से पूर्व भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर भारी रोष व्याप्त किया। धर्मेंद्र सोनकर ने संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को गंभीरता-पूर्वक कार्यवाई सुनिश्चित कर अविलंब हमलावरों को गिरफ्तार करे। बब्लू झा ने कहा कि यह घटना स्वस्थ्य लोकतंत्र में



कला धब्बा के रूप में जाना जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यत गोपाल यादव बब्लू झा अजितेश् उज्जैन शशि भूषण प्रसाद,रोहित सिंह जिला महासचिव नीरज सिंह यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भोला यादव यूथ कांग्रेस विधानसभा महासचिव नीरज साहू विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव, ज्योतिष यादव, गोपाल यादव, विकास सिंह, रवि यादव, सुनील यादव, जीतू यादव, चंदन सिंह, अरूप सरकार, भरत सिंह, विकास यादव, अमन सिंह, लालू सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

## जोहार यात्रा को सफल बनाने को लेकर नसीम पैलेस में हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र नसीम पैलेस में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी के निर्देश पर नगर पालिका अध्यक्ष शमशाद अली की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। अध्यक्ष शमशाद अली ने बताया कि प्रस्तावित 31 जनवरी को खतियान ई जोहार यात्रा को सफल बनाने के लिए बैठक रखी गई। मौके पर एमडी समाद, जमील बाबा, नगर सचिव मुकेश शर्मा, एमडी शमशेर, शकील गद्दी, सामु मलिक, सिमरन भाटिया, अब्दुल कादिर और तमाम लोग उपस्थित थे।

## शहर के समाजसेवी सह श्रीलेडर्स के पार्टनर शेखर डे शामिल हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आदर्श विकास इन्टीच्यूट लक्ष्मीनगर, टेल्को जमशेदपुर द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126 वीं जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का मनाया गया। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप समाजसेवी सह सुभाष संस्कृति परिषद जमशेदपुर के उपाध्यक्ष एवं श्रीलेडर्स के पार्टनर शेखर डे और विशिष्ट अतिथि में प्रजापति ब्रहमा कुमारी प्रीती बेहन,( सीनियर राज योगा टीचर, मरीन ड्राइव ब्रांच) उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में नरेन्द्र कुमार, श्याम सुन्दर प्रसाद , गुरु गोविन्द सिंह आजाद शामिल हुए। स्वागत भाषण इन्स्टीच्यूट के संचालक विकास गोराई ने दिया । कार्यक्रम में वर्ष 2020 , 2021 और 2022 में सफल ( मैट्रिक परीक्षा) विद्यार्थीयों को सम्मानित किया गया। इन्स्टीच्यूट के बच्चे द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम और भाषण भी दिया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेखर डे ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला ।




## टीआरएफ लेबर यूनियन ने महामिलन सेवा आश्रम में दिया दैनिक जरूरत का समान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को टी.आर. एफ. कर्मचारियों का एक दल यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय के नेतृत्व में सालवोनी स्थित महामिलन आश्रम पहुंच कर आश्रम के बच्चों के बीच दैनिक जरूरत का समान वितरित किया। इस मौके पर फुटबॉल खेलने वाले बच्चों को जर्सी सेट्स, फुटबॉल इत्यादि भी वितरित किया गया। आश्रम के महाराज एवं बच्चों ने संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राकेश्वर पाण्डेय ने कहा कि टीम बहुत ही नेक कार्य कर रही है, हम सभी लोगों को समाज में अक्सर ऐसे कार्यक्रम करने एवं अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे लोगों के द्वारा किए जाने वाले कार्यों से ही समाज में स्थितरता बनी हुई है। श्री पाण्डेय जी ने कहा कि हम समाज के लिए जो भी कार्य करतें हैं वह कई गुणा होकर वापस हमारे पास आता है। इस मौके पर सीता पांडेय, यूनियन के महामंत्री एम.एच.हीरामानेक, सहायक सचिव बलभद्र पूर्ती, अंजनी कुमार, कोषाध्यक्ष नविन कुमार, राजेन शेरपा, मुनेश्वर महतो, प्रभात कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रजापति, पूर्व सहायक कोषाध्यक्ष बी.पी. सिंह, प्रिया महतो, राजीव कुमार, विनय कुमार आदि थे।



## गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने निकाला 'भारत जोड़ो यात्रा' शामिल हुए कई दिग्गज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लकी शर्मा के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा बारीडीह बजरंग चौक से प्रारंभ हुआ। यात्रा बागुन नगर बागुन हातु होते हुए यात्रा आगे बढ़ी, जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष शैलेश पांडे, कांग्रेस नेता बबलू झा, कांग्रेस नेता राजा सिंह राजपूत, गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस के प्रभारी प्रमोद मिश्रा, जमशेदपुर प्रखंड के संयोजक सुल्तान अहमद, कांग्रेस नेता अजितेश उज्जैन, बारीडीह मंडल अध्यक्ष हरे कृष्णा लोहार, सिदगोड़ा मंडल के अध्यक्ष मन्नू झा, गोलमुरी प्रखंड के उपाध्यक्ष नरेश सिंह, असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी, असंगठित कामगार कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह, बारीडीह मंडल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गौतम एवं सैकड़ों की संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता इस यात्रा में शामिल हुए।



## मारवाड़ी सम्मेलन चुनाव में चारों प्रत्याशी के नामांकन पत्र सही

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद (2022-24) हेतु आगामी 07 फरवरी मंगलवार को चुनाव होने जा रहा हैं। इसके लिए चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। चारों उम्मीदवार क्रमशः मुकेश मित्तल, अशोक चैधरी, पवन अग्रवाल और राजेन्द्र प्रसाद शर्मा का जमा किये नामांकन पत्र को सही पाया गया हैं। अशोक चैधरी ने 10 सेट, पवन अग्रवाल ने 2, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने 1 तथा मुकेश मित्तल ने तीन सेट नामांकन पत्र जमा किया हैं। मुकेश मित्तल के दो सेट नामांकन पत्र सही पाये गये हैं।

## मुकेश मित्तल ने समाज के लोगों से मिलकर की वोट देने की अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मुकेश मित्तल (सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष) समाज के लोगों से मिले और वोट देने की अपील की। समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज में नयी चेतना, बोध, समझ एवं साहस का संचार करने हेतु टीम वर्क की बात कही। मुकेश मित्तल ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि समाज का एक मारवाड़ी भवन का निर्माण करवाया जाएगा जो कि सभी सुविधाओं से परिपूर्ण होगा। इसमें जिला मारवाड़ी सम्मेलन का कार्यालय के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही सम्मेलन के सदस्यों को अपने घर के विवाह आदि कार्यक्रमों के लिए भी भवन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी सम्मेलन किसी भी जाति एवं धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं करती। सही मायने में मारवाडी सम्मेलन भारतीय संविधान के मूल मंत्र धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक न्याय का दर्पण है, जो हमें सिखाता है कि किसी भी सूरत में इंसानियत सबसे ऊंची है। मुझे गर्व है कि मैंने मारवाडी समुदाय में जन्म लिया जो एक कर्मयोगी एवं गतिशील समाज है।

## तैलिक साहू महासभा ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू का किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू के शहर आगमन पर एनएच 33 पारडीह काली मंदिर के पास में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में साहू समाज के लोगों ने संगठन के गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। पूर्व मंत्री ने समाज और संगठन हित में सबको साथ लेकर चलने की सलाह दी। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष पप्पू साहू, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, शैलेंद्र कुमार, रंजीत गुप्ता, मनोज साहू, सत्यदेव प्रसाद, गौतम साहू, मनीष साहू, प्रभात साहू, आदि मौजूद थे।

## करीम सिटी कॉलेज ने अपने संस्थापक करीम साहब की बरसी पर उन्हें किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हर साल की तरह इस साल भी 21 जनवरी को करीम्स ट्रस्ट के संस्थापक मरहूम तफज्जुल करीम की बरसी मनाई गई। इस दिन को करीम्स ट्रस्ट और उससे जुड़ी हुई सभी शैक्षणिक संस्थाओं में स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए और अपने संस्थापक को याद किया गया। आज प्रातः 8:30 बजे कॉलेज के फैकल्टी स्टडी में कुरान खानी की गई जिसमें करीम सिटी कॉलेज तथा करीमिया स्कूल के शिक्षकों तथा संस्था से जुड़े हुए लोगों ने कुरान शरीफ की तिलावत की। 11:00 बजे पूरा संस्था परिवार अपने ट्रस्टी अशफाक करीम की अगुवाई में साकची कब्रिस्तान में मरहूम तफज्जुल करीम साहब की कब्र पर इस्तमाई दुआ की। इस अवसर पर करीमिया प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षक हाफिज मोहम्मद आरिफ ने कुरान की आयतें पढ़ीं और उन्हीं की अगुवाई में दुआ हुई। इस अवसर पर ट्रस्टी ने मरहूम संस्थापक को याद किया और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की विवेचना की। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने भी उन्हें याद करते हुए कहा कि मरहूम करीम साहब एक महान व्यक्ति थे उन्हें भुलाया नहीं जा सकता।



SYED TAFAZZUL KARIM
1886-1964

## थल सेना लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन ठाकुर का अंसार खान ने किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय थल सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन ठाकुर आज निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जमशेदपुर पहुंचे। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने अपने साथियों के साथ सर्किट हाउस जाकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया। अंसार खान ने बताया भारतीय थल सेना के अधिकारी मनमोहन ठाकुर दिल्ली से आज अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए जमशेदपुर पहुंचे। अंसार खान और मनमोहन ठाकुर से कई घंटे तक बातचीत हुई। थल सेना के अधिकारी मनमोहन ठाकुर ने अंसार खान के देश के ऊपर जो फिल्माया गया गाना मेरे देश प्रेमियों की बहुत तारीफ किया। कर्नल मनमोहन ठाकुर ने अंसार खान को सरोज सेवा संस्थान इस डायरी को अपनी ओर से दिया। आज स्वागत करने में मोहम्मद कैफ, मोहम्मद इमाम मुर्तुजा, आरजू खान, आदिल खान मोहम्मद शमी नूर आलम फिरोज आलम मौजूद थे।



## संपादकीय

# बेटी बचाओ, कुश्ती बचाओ

**विनेश** फोगाट अपने भार-वर्ग में विश्व चैम्पियन पहलवान हैं। उन्होंने एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल मुकाबलों में भी स्वर्ण पदक जीते हैं। साक्षी मलिक रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कुश्तीबाज हैं। बजरंग पूनिया विश्व के सर्वश्रेष्ठ पहलवान रहे हैं और टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदकवीर हैं। विश्व चैम्पियनशिप में कई पदक जीत चुके हैं। रवि दहिया भी टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता पहलवान हैं। दीपक पूनिया और अंशु मलिक सरीखे युवा भी पदकवीर हैं। यह सूची और भी लंबी हो सकती है। इन खिलाडियों ने वैश्विक खेल मंचों पर भारत का 'तिरंगा' लहराया है और राष्ट्रगान 'जन, गण, मन' की गूंज पर देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इन पदकवीर पहलवानों को देश की आन, बान, शान माना और उनका अभिनंदन भी किया। एक मुलाकात के दौरान विनेश फोगाट ने प्रधानमंत्री को कुछ 'ब्रीफ' किया था। शायद उन्हें याद होगा ! ये खिलाड़ी खेल रत्न, अर्जुन अवार्ड और अन्य सम्मानों से अलंकृत किए गए हैं। वे देश के आम आदमी नहीं हैं। ऐसे कई पहलवानों को राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देना पड़ा, तो यह शर्मनाक कलंक की बात है। कुछ बेटी पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं छह बार के निर्वाचित भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह समेत कोच, स्टाफ पर यौन शोषण के संगीन, गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे आरोप सिर्फ बेटी पहलवानों ने ही नहीं, बल्कि नाविक, हैंडबॉल, साइकिल और अन्य खेलों के खिलाडियों ने भी लगाए थे। उनमें से कुछ ने आत्महत्या तक कर ली। ज्यादातर ने खेल ही छोड़ दिया। ये सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे, जिन्हें 'यौन समझौतों' के लिए विवश किया जाता रहा। भारत कोई खेल-सम्पन्न देश नहीं है। ओलंपिक में लंबे समय तक हम खाली हाथ ही लौटते रहे। अब बैडमिंटन, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी और कुश्ती में कुछ होनहार बेटियों ने देश के लिए पदक और सम्मान अर्जित किए हैं, तो बंद कमरों के यौन उत्पीडऩ सार्वजनिक हो रहे हैं। ऐसे आरोप हवा-हवाई नहीं होते। यदि पदकवीर पहलवान आज सडक़ पर धरना-प्रदर्शन को विवश हुए हैं, तो कमोबेश सरकार के स्तर पर तुरंत हस्तक्षेप किया जाना चाहिए था। महज आश्वासन देने के ये राजनेता आदी रहे हैं, लेकिन सरेआम एक खेल और पदकवीर खिलाडियों को बर्बाद होते नहीं देखा जा सकता। प्रधानमंत्री इन खिलाडियों की एक-एक गतिविधि, जीत-हार, उपलब्धि पर फोन करके उनकी पीठ थपथपाते रहे हैं। अपने आवास पर आमंत्रित कर प्रोत्साहित और सम्मानित करते रहे हैं। आज जब हम यह आलेख लिख रहे हैं, तो धरने का तीसरा दिन है, लेकिन प्रधानमंत्री ने एक फोन करके खिलाडियों की पीड़ा और उनके दर्द को समझने की कोशिश नहीं की है। लगातार खामोश रहे हैं, क्योंकि कीचड़ भाजपा सांसद पर गिरा है। अलबत्ता खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से संवाद होता रहा है, लेकिन निष्कर्ष कितनी दूर है ? बहरहाल यदि पहलवान एक दिन भी अभ्यास, प्रशिक्षण आदि को छोड़ दे, तो वह औसतन 9 दिन पिछड़ जाता है। जाहिर है कि इतने में ही पदक के फिसलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। धरने पर बैठे कुश्तीबाजों ने तब तक नहीं खेलने की चुनौती दी है, जब तक 'यौन अपराध' के आरोपित अध्यक्ष को बर्खास्त नहीं किया जाता और कुश्ती महासंघ को भंग नहीं किया जाता। इसमें तुरंत फैसला करने में दिक्कत क्या है ? जांच हो जाने दो, नेताजी फिर कुर्सी पर विराजमान हो सकते हैं। भारतीय घटनाक्रम पर वैश्विक कुश्ती महासंघ की भी निगाहें टिकी हैं। महान धाविका पीटी उषा की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय ओलंपिक संघ को भी तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। ध्यान यह भी रखना चाहिए कि भारत ने अभी तक ओलंपिक में कुल 35 पदक जीते हैं, जिनमें से 7 पदक पहलवानों के हुनर ने हासिल किए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में हमने 564 पदक जीते हैं, उनमें से 115 पदक कुश्ती के हिस्से के हैं। अब यह मामला हरियाणा बनाम उप्र का नहीं है। यह शोषण की पराकाष्ठा है कि विनेश को कहना पड़ा कि हिंदुस्तान में कोई बेटी ही पैदा न हो।

भारत कोई खेल-सम्पन्न देश नहीं है। ओलंपिक में लंबे समय तक हम खाली हाथ ही लौटते रहे। अब बैडमिंटन, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी और कुश्ती में कुछ होनहार बेटियों ने देश के लिए पदक और सम्मान अर्जित किए हैं, तो बंद कमरों के यौन उत्पीडऩ सार्वजनिक हो रहे हैं। ऐसे आरोप हवा-हवाई नहीं होते। यदि पदकवीर पहलवान आज सडक़ पर धरना-प्रदर्शन को विवश हुए हैं, तो कमोबेश सरकार के स्तर पर तुरंत हस्तक्षेप किया जाना चाहिए था। महज आश्वासन देने के ये राजनेता आदी रहे हैं, लेकिन सरेआम एक खेल और पदकवीर खिलाडिय़ों को बर्बाद होते नहीं देखा जा सकता। प्रधानमंत्री इन खिलाडिय़ों की एक-एक गतिविधि, जीत-हार, उपलब्धि पर फोन करके उनकी पीठ थपथपाते रहे हैं।

## कुछ अलग

# भाजपा की बारी, दक्षिण की सवारी

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बीते दिनों कर्नाटक दौरे पर थे। राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उनका यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि यहां भारतीय जनता पार्टी मैदान में अकेले उतरेगी और उनका इरादा दो तिहाई बहुमत हासिल करना है। गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि यहां भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। हालांकि यह माना जा रहा था जनता दल (सेक्युलर से भाजपा का गठजोड़ हो सकता है। मगर अब साफ है कि भाजपा अपने बूते जनता की अदालत में जाएगी। अमित शाह ने भाजपा के लिए कर्नाटक को दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार घोषित किया है। उनके इस कथन के बाद दक्षिण भारत में भाजपा के दायरे को लेकर एक बार फिर से नया विमर्श शुरू हो गया है। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों में अपना पैर जमाने के लिए कई अनुभवी कार्यकर्ताओं को तैनात करने का फैसला किया है। इन राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या 50 से भी अधिक है। इस कड़ी में बीते दिनों हैदराबाद में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। यह एक ऐसी योजना है, जिससे भाजपा को विधानसभा के अलावा 2024 के लोकसभा चुनाव में सीधा फायदा मिलेगा और यदि पार्टी वास्तव में इस चुनाव में एक नया कीर्तिमान स्थापित करना चाहती है तो उसे दक्षिण भारतीय राज्यों में उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह यह भली भांति समझते हैं कि यदि उन्हें दक्षिण भारतीय दिलों में अपनी एक चिर स्थायी जगह बनानी है, तो उत्तर भारत से सांस्कृतिक और भाषायी रूप से जोड़ना ही होगा। एक दौर ऐसा था, जब दक्षिण भारत खुद को कटा हुआ महसूस करता था। लेकिन बीते 8 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अथक प्रयासों से पूरे राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोया है और आज लोगों के दिलों में उप-राष्ट्रवाद के स्थान पर राष्ट्रवाद ने अपना घर बना लिया है। इसके हमने कई उदाहरण देखे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दक्षिण भारतीय राज्यों में अपने दायरे को एक नया आयाम देने के लिए 'ट्रिपल सी' की रणनीति अपनाई है, जिसकी व्यापक परिभाषा - सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीकों को पुनर्जीवित करना, विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय हस्तियों को पार्टी में शामिल कर जनमानस के बीच अपनी विश्वसनीयता स्थापित करना और जमीनी स्तर पर अपनी सांगठनिक क्षमता को सुदृढ़ करना है। आंकड़े बताते हैं कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों में कुल 130 लोकसभा सीटें हैं। यहां भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटों पर, जबकि बीते लोकसभा चुनाव में 29 सीटों पर जीत हासिल की थी। इससे साफ है कि इस क्षेत्र में भाजपा की स्वीकार्यता दिनों-दिन बढ़ रही है और पार्टी यह धारणा भी तोड़ने में सफल हो रही है, भाजपा एक उत्तर भारतीय पार्टी है। वास्तव में, दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा के सामने एक खुला मैदान है। उसके सामने संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। पार्टी मोदी-योगी मॉडल के सहारे इन राज्यों में एक नई ऊंचाई हासिल कर सकती है और अपनी जन-कल्याणकारी नीतियों से कांग्रेस और वाम दलों का अंत कर सकती है। इसके फलस्वरूप देश में परिवारवाद, जातिवाद और ध्रुवीकरण की राजनीति का भी अंत होगा। हालांकि, भाजपा के लिए यह एक अग्निपथ है। लेकिन हम जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के कुशल नेतृत्व में कुछ भी असंभव नहीं।

### बढ़ती खाई को लेकर पूरी दुनिया में एक नई बहस छिड़ी

# चिंताजनक स्तर तक बढ़ती अमीरी-गरीबी की खाई

योगेश कुमार गोयल

भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा धन-दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई। एक ओर जहां आम आदमी कोरोना महामारी के दौर में पेट भरने का जुगाड़ करने के लिए संसाधन जुटाने को तरसता रहा, नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करता रहा, वहीं उस दौर में भी भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3608 करोड़ रुपये प्रतिदिन बढ़े।

**दुनियाभर** में अमीरी और गरीबी के बीच खाई निरन्तर बढ़ती जा रही है, जो कोरोना काल के बीच और तेजी से बढ़ी है। इसी बढ़ती खाई को लेकर पूरी दुनिया में एक नई बहस छिड़ी है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से ठीक पहले आई रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट: द इंडिया स्टोरी' में इसे लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा धन-दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई। एक ओर जहां आम आदमी कोरोना महामारी के दौर में पेट भरने का जुगाड़ करने के लिए संसाधन जुटाने को तरसता रहा, नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करता रहा, वहीं उस दौर में भी भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3608 करोड़ रुपये प्रतिदिन बढ़े। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में पिछले दस वर्षों में देश में पैदा हुई सम्पत्ति के गैर-बराबर बंटवारे के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा गया है कि 2012 से 2021 के बीच भारत में जितनी भी संपत्ति अस्तित्व में आई, उसका 40 प्रतिशत हिस्सा देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के हाथ में गया जबकि 50 फीसदी जनता के हाथ में केवल तीन फीसदी सम्पत्ति ही आई। रिपोर्ट के अनुसार भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये के पार जा चुकी है, जिससे 18 महीनों तक देश का पूरा बजट चलाया जा सकता है। यही कारण है कि सरकार को सलाह दी जाती रही है कि यदि भारतीय अरबपतियों की कुल सम्पत्ति पर महज दो फीसदी टैक्स ही लगा दिया जाए तो उसी से आगामी तीन वर्षों तक कुपोषण के शिकार बच्चों की सभी जरूरतों को बहुत आसानी से पूरा किया जा सकता है। 1980 के दशक की शुरूआत में एक फीसदी



धनाढ्यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर ही कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है। वैसे तो पिछले कुछ वर्षों से लगातार यह तथ्य सामने आ रहे हैं कि देश की आधी सम्पत्ति देश के चंद अमीरों की तिजोरियों में बंद है और अमीर-गरीब के बीच खाई निरन्तर गहरी हो गई है लेकिन बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति अब और भी बदतर होती जा रही है और यह केवल भारत की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। कटु सत्य यही है कि महामारी के दौर में तो अमीर जहां और ज्यादा अमीर हुए, वहीं गरीबों तथा मध्यम वर्ग का हाल और बुरा हुआ है तथा आर्थिक विषमता चिंताजनक स्थिति तक बढ़ गई है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में पहले भी कहा जा चुका है कि अमीर लोग महामारी के समय में आरामदायक जिंदगी का आनंद ले रहे थे जबकि स्वास्थ्य कर्मचारी, दुकानों में काम करने वाले और विक्रेता जरूरी भुगतान करने में असमर्थ थे और इस परिस्थिति से निकलने में वर्षों लग सकते हैं। ऑक्सफैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर के मुताबिक रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अन्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था से किस तरह सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौरान सबसे धनी लोगों ने बहुत अधिक सम्पत्ति अर्जित की जबकि करोड़ों लोग बेहद मुश्किल से गुजर-बसर कर रहे हैं। ऑक्सफैम की पिछले साल की रिपोर्ट में भी कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो देश में आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति इतनी खराब नहीं होती। इससे पूर्व 'रिफ्यूजी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ था कि कोरोना महामारी ने दुनियाभर में 16 करोड़ से भी ज्यादा ऐसे लोगों के रहने का ठिकाना छीन लिया, जो भुखमरी, बेरोजगारी तथा आतंकवाद के कारण अपने घर या देश छोड़कर दूसरी जगहों पर बस गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी सामाजिक असमानताओं को और उभार रही है। संयुक्त राष्ट्र और डेनवर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी कहा जा चुका है कि महामारी के दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20.7 करोड़ और लोग बेहद गरीबी की ओर जा सकते हैं और यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब को पार कर जाएगी। विश्व खाद्य कार्यक्रम के एक आकलन के अनुसार दुनियाभर में 82 करोड़ से भी ज्यादा लोग हर रात भूखे सोते हैं और बहुत जल्द 13 करोड़ और लोग भुखमरी तक पहुंच सकते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट इन फिगर्स 2020' रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना से वैश्विक गरीबी दर में 22 वर्षों में पहली बार बढ़ोतरी होगी और भारत की गरीब आबादी में 1.2 करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं। विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता बेहद चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। करीब दो वर्ष पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही देश की कम आय वाली 70 फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। विश्व आर्थिक पत्रिका 'फोर्ब्स' की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो। ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए।

# आबादी के खतरों को अनदेखा कर रहे दल

भारत इस साल चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। चीन की 1.426 अरब की तुलना में भारत की जनसंख्या 2022 में 1.412 अरब है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2050 में भारत की जनसंख्या 1.668 अरब हो जाएगी जो चीन की उस समय की वर्तमान जनसंख्या से 1.317 अरब ज्यादा होगा। आबादी बढऩे की देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही जनसंख्या के कारण देश गंभीर रूप से बेकारी और गरीबी जैसी समस्याओं से लंबे अर्से से त्रस्त है। देश के प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ती आबादी का जबरदस्त दबाव पड़ रहा है। 130 करोड़ की आबादी के लिए गुणवत्ता युक्त सुविधाएं तो दूर बुनियादी सुविधाएं जुटाने के लिए ही सरकारों के पसीने छूट रहे हैं। सीमित अथिक संसाधनों से केंद्र और राज्य सरकारें जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजट में इंतजाम करने के लिए हर बार जूझती हैं। विश्व की कुल जनसंख्या का 17 .5 प्रतिशत जनसंख्या भारत में निवास करती है, किन्तु भारत के पास पृथ्वी के धरातल का मात्र 2 .4 प्रतिशत भू भाग ही है।

**देश** के राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति के नुकसान-फायदे के लिए आबादी की सुनामी के खतरों को अनदेखा कर रहे हैं। विश्व में अभी तक चीन जनसंख्या वृद्धि के मामले में सर्वोपरि था। चीन ने कठोर नीति से जनसंख्या को नियंत्रित करते हुए वृद्धि दर में लगाम लगा दी। चीन ने 1980 में वन चाइल्ड पॉलिसी को लॉन्च किया था। चीन में पिछले साल 2022 के अंत में 1.41 अरब लोग थे जो 2021 के अंत की तुलना में 850000 कम थे। इसके विपरीत भारत में जनसंख्या वृद्धि बेलगाम है। भारत इस साल चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। चीन की 1.426 अरब की तुलना में भारत की जनसंख्या 2022 में 1.412 अरब है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2050 में भारत की जनसंख्या 1.668 अरब हो जाएगी जो चीन की उस समय की वर्तमान जनसंख्या से 1.317 अरब ज्यादा होगा। आबादी बढने की देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही जनसंख्या के कारण देश गंभीर रूप से बेकारी और गरीबी जैसी समस्याओं से लंबे अर्से से त्रस्त है। देश के प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ती आबादी का जबरदस्त दबाव पड़ रहा है। 130 करोड़ की आबादी के लिए गुणवत्ता युक्त सुविधाएं तो दूर बुनियादी सुविधाएं जुटाने के लिए ही सरकारों के पसीने छूट रहे हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों से केंद्र और राज्य सरकारें



जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजट में इंतजाम करने के लिए हर बार जूझती हैं। विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5 प्रतिशत जनसंख्या भारत में निवास करती है, किन्तु भारत के पास पृथ्वी के धरातल का मात्र 2.4 प्रतिशत भू भाग ही है। जनसंख्या वृद्धि की वजह से गरीबी, भूख और कुपोषण की समस्या को प्रभावी ढंग से दूर करने और बेहतर स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में बाधा आ रही है। स्थिर जनसंख्या वृद्धि के लक्ष्य के मामले में बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य पिछड़े हुए हैं। देश में लैंगिक अनुपात में गिरावट और लड़कियों के प्रति भेदभाव काफी अधिक है। देश में करोड़ों लोगों के पास आज भी रहने का स्थायी ठिकाना नहीं है। दुनिया की सबसे अधिक मलिन बस्तियां भारत में ही हैं। दिन प्रतिदिन पैट्रोलियम पदार्थों, रसोई गैस, भोजन सामग्री या अन्य वस्तुओं के मूल्य बढ़ते जा रहे हैं। सभी का मूल कारण जनसंख्या का दबाव है। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन योजना कारगर साबित नहीं हो सकी। विगत दिनों जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रभावी कानून लाए जाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह कोर्ट का काम नहीं है। ये नीतिगत मसला है। अगर सरकार को जरूरत लगेगी तो सरकार फैसला करेगी। केंद्र में रही सरकारों ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए सिर्फ चिंता करने के अलावा कभी गंभीर प्रयास नहीं किए। वोट बैंक की राजनीति इस मुद्दे पर भी हावी रही है। यही वजह है कि राजनीतिक दल इस मुद्दे पर कठोर उपाय करने से बचते रहे हैं। जनसंख्या के बढने से जैविक ईंधनों की खपत बढ़ गई है। अब स्थिति यहां तक आ गई है कि न तो प्राकृतिक रूप से शुद्ध वायु उपलब्ध है और न ही जल और भोजन इत्यादि। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए भूमि पर कम से कम 33 प्रतिशत भूभाग पर वनों का विस्तार होना अति आवश्यक है। भारत में 15वीं भारत वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार कुल वनावरण एवं वृक्षावरण 802088 वर्ग किलोमीटर है। देश में कुल वनावरण 708273 वर्ग किलोमीटर है जो कि कुल भौगोलिक क्षेत्र का मात्र 21.54 प्रतिशत है। इसी तरह से जल संसाधन (धरातलीय, भूमिगत), वायु संसाधन, मृदा संसाधन, खनिज संसाधन इत्यादि का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। धरातल के अंदर दबे खनिज पदार्थों का दोहन करके पृथ्वी को खोखला करने, प्राकृतिक नदियों पर विनाशकारी बांध का निर्माण करने, पर्वतों की चट्टानों को तोड़-तोड़ कर गगनचुम्बी इमारतों, उद्योगों, संचार के साधनों का निर्माण करने, वनों का विनाश करके मानव बस्तियां बसाई गयी हैं। कृषि योग्य भूमि का विकास किया गया है जिससे धरातल पर असंतुलन उत्पन्न हो गया है। इन सभी कारणों से प्राकृतिक आपदाएं (भूकंप, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, चक्रवात, वैश्विक तापन, सुनामी, ज्वालामुखी इत्यादि) की बारम्बारता का प्रतिशत बढ़ गया है। उत्तराखंड के जोशीमठ में आई प्राकृतिक आपदा के पीछे भी ऐसे ही मानव जनित कारण रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की द वल्र्ड पॉपुलेशन प्रोस्पेक्ट्स 2019 की रिपोर्ट के एक अनुमान के अनुसार भारत में युवाओं की बड़ी संख्या मौजूद होगी, लेकिन आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों के अभाव में इतनी बड़ी आबादी की आधारभूत आवश्यकताओं जैसे भोजन, आश्रय, चिकित्सा और शिक्षा को पूरा करना भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उच्च प्रजनन दर, बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और बढ़ते प्रवासन को जनसंख्या वृद्धि के कुछ प्रमुख कारणों के रूप में बताया गया है। यूएन की एक तंजीम वल्र्ड फूड प्रोग्राम के मुताबिक एक तरफ जहां दुनिया की आबादी 8 अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है, तो वहीं दूसरी तरफ रोजाना करीब 83 करोड़ लोग खाली पेट सोने को मजबूर हैं। यही नहीं, साल 2019 में जहां करीब 13.5 करोड़ लोग गंभीर अनाज संकट का सामना कर रहे थे, अर्थात भुखमरी जैसे हालात का सामना कर रहे थे। तीन साल के अंदर यह आंकड़ा बढ़ कर करीब साढ़े 34 करोड़ तक पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में जितने लोग इसका सामना कर रहे हैं, उसमें करीब दो तिहाई यानी 66 फीसदी लोग अफ्रीका से हैं, और कोरोना के बाद इसमें और इजाफा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के 2019 के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार इस समय पूरी दुनिया में कुल 1.3 अरब गरीब हैं जिसमें से भारत में 64 करोड़ से घटकर 37 करोड़ रह गए हैं। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि भारत में बेरोजगारी दर 2017-18 में 45 साल के उच्च स्तर यानी 6.1 पर पहुंच गई है। मतलब रोजगार के लिए तैयार हरेक 100 व्यक्ति में से 6.1 व्यक्ति बेरोजगार हैं। देश में जनसंख्या वृद्धि विस्फोटक स्थिति में पहुंच चुकी है। सवाल यही है कि आखिर सरकारों की तंद्रा भंग कब होगी। बेहतर होगा कि राजनीतिक दल इस मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय आपसी समन्वय से ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाएं जिससे आबादी के बढ़ते संकट को रोका जा सके। अन्यथा भारत को चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से जूझने के अलावा और कई तरह की घरेलू मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण तथा कई अन्य समस्याएं भारत झेल रहा है।

## देश दुनीया से

# ओपीएस बहाली से वित्तीय प्रबंधन की चुनौती

**प्रदेश** में बनी नई सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप ओपीएस फिर से शुरू करने के बारे नीतिगत निर्णय ले लिया है। यह एक ओर समाज में बड़े दबाव समूह को खुश कर गया है, वहीं दूसरी ओर सबको इस चिंता में भी डाल रहा है कि पेंशनों से बढ़ती देनदारियों को प्रदेश का सीमित राजस्व कैसे संभाले। ओपीएस को फिर से लागू करने वाले राज्यों की भांति बड़ा सवाल है कि पूर्व में जमा हुई योगदान अंश राशि को वापस करने बारे कुछ हल निकलेगा कि नहीं। हालांकि इस संदर्भ में वित्त राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में दिए उत्तर से फिलहाल कोई प्रगति नहीं दिखती क्योंकि पीएफआरडीए ने अंशदान के रूप में जमा राशि को लौटाने के किसी भी प्रावधान से इंकार किया है। जब तक यह विषय सुलझता नहीं, तब तक राज्यों को अपने राजस्व/ऋण पर ही निर्भर रहना होगा। फिलहाल लाभान्वित पेंशनरों और आम जनता को सरकार के इस बड़े दायित्व के प्रति संवेदनशील रहना होगा। अगर कुछ प्रयास राजस्व बढ़ाने की दिशा में हों या फिर कुछ मदों में खर्चों की कटौती के संदर्भ में। राज्य/देश की शासन/प्रशासन/सार्वजनिक व्यवस्था के अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्यकलापों को ईमानदारी से आजीवन करने और वो भी बिना किसी अन्य व्यावसायिक गतिविधि में शामिल हो, पेंशन की सुनिश्चितता को आवश्यक बनाती रही हैं । बाज़ार की अनिश्चितता के हवाले लोकतंत्र की समूची कार्यपालिका की मशीनरी को नहीं किया जा सकता और यह तर्क कार्यकुशलता एवं भ्रष्टाचार के सन्दर्भ में और भी महत्वपूर्ण है। इस सदी के प्रारम्भ में जब देश में सरकारी क्षेत्र के बढ़ते बजट घाटे के बारे चिंता हुई तो वेतन, पेंशन और ऋण की देनदारियों को कम करने हेतु कठोर उपाय करने को सुझाया गया ताकि वित्तीय संकट से दूर रहा जाए। अनेक राज्यों की वित्तीय स्थिति काफी बिगड़ चुकी थी जहां हर बजट का बढ़ता राजकोषीय घाटा, राज्यों के कुल ऋणों को राज्य की आय (सकल राज्य घरेलु उत्पाद) के अनुपात में चिंताजनक स्तर तक ले जा रहा था। इसी कारण वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार देश में वित्तीय अनुशासन बनाने हेतु एक एक्ट लाई जो एफआरबीएम एक्ट 2003 के रूप में पारित हुआ। इस एक्ट के प्रभाव में ही कॉन्ट्रैक्ट भर्तियां और अंशदान आधारित राष्ट्रीय पेंशन योजना आरम्भ हुई। क्योंकि पहले की नियुक्तियां पुराने भर्ती एवं सेवा नियमों के तहत हुई थीं और उनकी पेंशन को निरस्त करना गैर कानूनी था, इसलिए वर्ष 1 जनवरी 2004 के बाद केंद्र ने और राज्य सरकारों ने भर्ती एवं पदोन्नति सेवा शर्तों को बदल सेना को छोड़ बाकी सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अधीन लाया। पश्चिम बंगाल को छोड़ सभी राज्यों ने इसे लागू कर लिया था। बाजार की अनिश्चितता के कारण और फंड के अकुशल प्रबंधन के कारण जब एक बहुत कम मात्रा के रूप में पेंशन मिलने लगी तो देश भर में एनपीएस के खिलाफ आवाज़ उठने लगी जिसे हिमाचल से पहले झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और पंजाब में चुनाव दौरान महसूस किया और वहां इसके खात्मे और पुरानी पेंशन बहाली के वायदे ने सत्ता का रास्ता आसान किया। एफआरबीएम एक्ट 2003 अडॉप्ट करने में हिमाचल प्रदेश शुरुआती राज्यों में रहा जिसने एचपी एफआरबीएम एक्ट 2005 के रूप में पारित किया। इस एक्ट के अंतर्गत वित्तीय अनुशासन की ख़ातिर राज्यों को अपने बजट के राजकोषीय घाटे (ऋण) को राज्य के सकल घरेलु उत्पाद (राज्य की आय) के 3 फीसदी हिस्से तक ही सीमित रखने का लक्ष्य है। इसी तरह राजस्व घाटे तो शून्य तक ले जाने का लक्ष्य है। एफआरबीएम समीक्षा समिति की सिफारिश के मुताबिक राज्यों को अपने कुल ऋण राज्य के सकल घरेलु उत्पाद के 20 फीसदी स्तर के अंदर ही रखने चाहिए, अगर ऋण के चक्रव्यूह से बचना है तो। इसी संदर्भ में कैग और आरबीआई भी बार-बार आगाह करता आया है। इसी कड़ी में बढ़ती देनदारियों को ऋण लेने की वार्षिक सीमा भी एक बड़ी बाधा है।

ओपीएस को फिर से लागू करने वाले राज्यों की भांति बड़ा सवाल है कि पूर्व में जमा हुई योगदान अंश राशि को वापस करने बारे कुछ हल निकलेगा कि नहीं। हालांकि इस संदर्भ में वित्त राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में दिए उत्तर से फिलहाल कोई प्रगति नहीं दिखती क्योंकि पीएफआरडीए ने अंशदान के रूप में जमा राशि को लौटाने के किसी भी प्रावधान से इंकार किया है। जब तक यह विषय सुलझता नहीं, तब तक राज्यों को अपने राजस्व/ऋण पर ही निर्भर रहना होगा। फिलहाल लाभान्वित पेंशनरों और आम जनता को सरकार के इस बड़े दायित्व के प्रति संवेदनशील रहना होगा।

## नागरिक बोध

# आपदा जोखिम की जड़ें कहीं? अंकुर कहीं

**प्राकृतिक** आपदाएँ एक प्रमुख कारण हैं जो किसी राष्ट्र के जीवन और संपत्ति पर भारी बोझ का कारण बनते हैं। इसलिए आपदा के प्रभाव, उसके शमन और आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक अन्य गतिविधियों के अध्ययन पर तत्काल ध्यान देना अनिवार्य है। आपदाएं मानव निर्मित और प्राकृतिक जन्म दोनों हो सकती हैं। मानव निर्मित आपदाओं में दंगे, युद्ध, परमाणु खतरे, खतरनाक अपशिष्ट आदि शामिल हैं। प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, भूकंप, सुनामी, भूस्खलन, बादल फटने और आदि जैसे जलवायु कारकों और रोग, महामारी आदि जैसे जैविक कारकों के कारण हो सकती हैं। कुछ आपदाएँ सीधे प्रभावित करती हैं। और तत्काल प्रभाव पड़ता है और अन्य का दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। किसी भी प्रकार की आपदा से हमेशा मानव जीवन और राज्य संपत्ति का भारी नुकसान होता है। जबकि कई आपदाओं में संपत्ति के विनाश को टालना संभव नहीं है लेकिन किसी भी आपदा में मानव जीवन को बचाया जा सकता है। आपदा घटनाओं की एक श्रृंखला है जो बड़े पैमाने पर जीवन, आजीविका और संपत्ति का विनाश करती है। जब आपदाएं अपरिहार्य हो जाती हैं, तो उनके जोखिम को कम करने की तैयारी के बारे में सोचना अनिवार्य हो जाता है। जैसा कि आम कहावत है, ₹रोकथाम इलाज से बेहतर है₹, यह न केवल जरूरी है बल्कि लचीलापन बनाने के लिए लाभदायक भी है, क्योंकि यह कम विनाश लाता है और यह आपदा के बाद राहत और पुनर्वास की तुलना में सस्ता है। आपदाएं मानव जाति के लिए एक विचार नहीं है। उन्होंने बाढ़, भूकंप, सुनामी, चक्रवात, कुछ नामों के लिए हर संभव रूप में अपनी नींव स्थापित की है। चाहे वह चीनी बाढ़ हो या फ्लोरिडा के चक्रवात, आपदा के निशान सीमाओं के पार हैं। इस संदर्भ में, मानव जाति के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह प्रतिक्रिया से रोकथाम की ओर परिवर्तन करे। पहले, तकनीकी बाधाओं के कारण तैयारी स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान तक सीमित थी जिसे अब वर्तमान पीढ़ी के नवाचार और अनुसंधान के साथ ठीक से एकीकृत करने की आवश्यकता है। आपदा तैयारी के इस तंत्र को विश्व स्तर पर लिया गया है।

# मंत्री सत्यानन्द भोगता ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया उदघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** वन विभाग के द्वारा इस तरह का आयोजन सराहनीय पहल है। इसके लिए मीनाक्षी नेत्रालय के चिकित्सक और वन विभाग के अधिकारी बधाई के पात्र हैं। उक्त बातें राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता ने रविवार को चतरा जिला वन विभाग सभागार में मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान, राँची एवं वन विभाग, चतरा के द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा।कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। निःशुल्क शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता ने कहा कि वन विभाग के द्वारा इस तरह का आयोजन सराहनीय पहल है। इसके लिए मीनाक्षी नेत्रालय के चिकित्सक और वन विभाग के अधिकारी बधाई के पात्र हैं। ऐसे निःशुल्क शिविर से गरीबों और असहाय लोगों को अत्यधिक लाभ होगा। इस तरह के शिविर समय समय पर सयोजित होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सभी को संयमित जीवन व्यतीत करने की जरूरत है। संतुलित आहार, शुद्ध हवा पानी भोजन का सेवन करने से बीमारियों से मुक्ति मिलती है।जन प्रतिनिधि और जनता का चोली दामन का रिश्ता होता है।झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एंव कौशल विकास मंत्री होने के बावजूद मंत्री श्री भोगता सर्वाधिक समय अपने क्षेत्र की जनता के बीच देते हैं। कहीं पे निगाहें, कहीं पे निशाना वाली कहावत चरितार्थ करते हुए माननीय मंत्री के लिए उदघाटन और शिलान्यास एक बहाना है।वास्तव में जनता की दुःख सुख के बीच उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का समाधान करना उद्देश्य है। झारखंड सरकार के व्यस्तम मंत्री में मुख्यमंत्री के बाद मंत्री सत्यानन्द भोगता का नाम शामिल है। बावजूद इसके क्षेत्र की जनता और विकास को लेकर सर्वाधिक चिंतित रहते हैं। चतरा आगमन के बाद कभी भी 24 घण्टा अपने आवास पर आराम नहीं करते हैं। बल्कि आवास पर रहते हुए भी क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर व्यस्त रहते हैं। कार्यक्रम में एसडीओपी अविनाश कुमार, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, जिलापरिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष मन्दूर साहू, डॉ. विकास, डॉ चन्दन, डॉ अभिषेक समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# कोयला वाहन के चपेट में आने से अधेड़ घायल, मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के बगरा मोड़ के समीप शनिवार देर शाम अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया ।जबकि इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गयी। मृतक विनोद साव थाना क्षेत्र के जबड़ा कुट्टी गांव का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक मृतक अपने निवास स्थान से बाइक पर सवार होकर लुतीडीह जा रहा था। रास्ते में तेज गति से आ रहे एक अज्ञात कोल वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों की सहायता से 108 एंबुलेंस से सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल ने भी उसकी चिंता जनक हालत को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। किंतु रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में हीं उसकी मौत हो गई।घर में हुई इस प्रकार अप्रत्याशित मौत से परिजनों में चीख पुकार मची हुई है जबकि ग्रामीण मर्माहत है। गाँव में मातम का माहौल है।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता ने कान्हाचट्टी प्रीमियर लीग के समापन समारोह में हुए शामिल



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री सत्यानन्द भोगता ने कान्हाचट्टी प्रखंड के बी.के हाई स्कूल मैदान में कान्हाचट्टी स्पोर्ट्स एसोशिएसन के द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय कान्हाचट्टी प्रीमियर लीग के समापन समारोह में शिरकत की। और मैच का बल्ला घुमाकर शुभारंभ किया। इसके उपरांत मंत्री श्री भोगता ने विजेता उपविजेता टीमों को पुरुस्कार राशि, शील्ड देकर सम्मानित किया। इस समारोह के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में क्रिकेट सबसे प्रसिद्ध खेलों में से एक है। यह खेल प्रशंसकों के बीच बहुत उत्साह और जोश पैदा करता है। खेल खेलने वाले खिलाड़ियों को ईमानदारी पूर्वक खेलना चाहिए। खेल लोगों को भावनात्मक रूप से एकजुट करता है। यह बहुत रोचक तथा असम्भावनाओं से भरा हुआ खेल है। ऐसे ऐसे आयोजनों से ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मददगार साबित होगा। स्थानीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी ही कल देश विदेश में देश का नाम रौशन करेंगे। राज्य सरकार भी खेल के प्रति काफी गम्भीर है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार सहयोग कर रही है। इस समापन समारोह के दौरान जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो, मंत्री प्रतिनिधि राजेंद्र राम, प्रखंड प्रमुख इंदु देवी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# गोनिया पचपेड़ा के संदीप कुमार ने 12500000 जीत को गलत बताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिले के बारियातु थाना अंतर्गत गोनिया पंचायत के पचपेड़ा मोहल्ला निवासी संजीत कुमार पिता प्रमोद साहू ने कहा कि 11 जनवरी को ड्रीम11 क्रिकेट खेलने के दौरान एक करोड़ 2500000 जीत का जो मामला है जिसमें वाह इस खेल में नहीं था एक अफवाह के तहत मेरा नाम सामने आ गया है जितने वाला व्यक्ति वह लातेहार जिले के ही चंदवा थाना अंतर्गत का है. ज्ञात हो कि बीते 12 जनवरी 2023 को भारत बनाम श्रीलंका के द्वितीय वनडे मैच में टॉस टीम लगाया गया जिसमें 49 रूपये के मैच में झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर 1 करोड़ तथा 39 में 2500000 रुपए जितने का मामला सामने आया था जिसको लेकर कुछ अखबार में भी यह खबर छपी थी जो बैबुनियाद और खबर गलत है और इस तरह का कोई मामला नहीं है ना ही आज हमने ड्रीम 11 में कोई पैसे नही जीता हूं और ना ही यह हमारे खाते में आया है। यह बात संजीत कुमार साहू और उसकी मां बबीता देवी ने भी यह बात कही। ज्ञात हो कि पैसे जीतने की खबर पूरे लातेहार जिले में फैल गया है जिससे उनके परिवार वालों के सामने कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उन्हें डर कर चलना पड़ रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि इस तरह को कोई बात नहीं है और ना ही उन्होंने कोई खेल में पैसे की जीत हुई हैं।

# कुशवाहा दांगी समाज का चुनाव हुआ संपन्न अध्यक्ष बने परमेश्वर दांगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत स्थित कौलेश्वरी मंदिर प्रांगण में कुशवाहा दांगी समाज का प्रखंड स्तरीय चुनाव रविवार 22 जनवरी को संपन्न हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद सदस्य रूबी वर्मा जिप सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी देवचरण दांगी राम लखन दांगी कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष केदार दांगी गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी शामिल हुए। आगे बता दें कि चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार अपना नाम दर्ज कराएं जिसमें कुशवाहा दांगी समाज के लोग अपना मतदान कर परमेश्वर दांगी को 125 वोट से विजय घोषित हुआ तो दूसरा उम्मीदवार सुरेश डांगी ने मात्र 13 वोट लाए सचिव पद के लिए संतोष कुमार निराला को चयनित किया गया महासचिव के सिंडुआरी गांव निवासी चमारी दांगी को चयनित किया गया उपाध्यक्ष पद के लिए जोगेश्वर दांगी बनाए गए। समाज को सुचारू रूप से चलाने तथा समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए चयनित लोगों को सौंपा गया मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी महादेव दांगी प्रखंड पूर्व अध्यक्ष महावीर दांगी शारदा देवी चंदा देवी सत्येंद्र कुशवाहा देवनारायण दांगी राजू लाल वर्मा एवं सैकड़ों जाने-माने लोग थे।

## लड़की अपहरण को लेकर थाना में प्राथमिक दर्ज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बारियातू पंचायत के गांगपुर गांव के विजय राणा ने अपनी बेटी का अपहरण करने वाले गांव के ही एक लड़का बजरंगी साव पिता त्रिभुवन साव के प्रति मामला दर्ज करवाया है जिसे लेकर 22 जनवरी रविवार को गिद्धौर थाना कांड संख्या 10/23 में मामला दर्ज हुआ है। लड़की के पिता आवेदन में लिखा है कि 20 जनवरी के सुबह 3:00 बजे बेटी घर से बाहर निकली और अब तक वापस नहीं आई जब काफी खोजबीन करने लगे एवं गांव में खोजबीन किया। तब इन्हें ग्रामीणों के द्वारा पता चला कि गांव का ही एक लड़का बजरंगी साव भगा ले गया है।

## भाजपा का डाटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला सम्पन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता पार्टी का एक दिवसीय डेटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश एवं बूथ तक डेटा प्रबंधन की कार्यशाला की जा रही है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का डाटा सरल एप पर उपलब्ध होगा।उन्होंने बताया कि एक क्लिक पर सारी जानकारी राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों तक पहुंच जाएगी। वहीं डेटा प्रबंधन पर व्यख्यान करते हुए जिला संयोजक सह महामंत्री मृत्युंजय सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को डाटा प्रबंधन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं आने वाले दिनों में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला, एवं बूथ प्रबंधन का डेमो भी दिखाया। डाटा प्रबंधन पर प्रदेश से आए अमित साहू ने कहा के पिछले 2 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी सरल ऐप पर कार्य कर रही है। अब बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ता एक ऐप पर एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध मिलेंगे। एक क्लिक पर बूथ की सारी जानकारी उपलब्ध रहेगी।भारतीय जनता पार्टी अब पूरी तरह डिजिटल रूप में आने की ओर बढ़ चुकी है। जल्द ही सरल ऐप का विस्तार करते हुए अपने कार्यकर्ता वोटर्स एवं समर्थकों को भी सरल ऐप से जोड़ा जाएगा। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह आईटी प्रभारी सुभाष सिंह ने कहा कि पिछले दिनों परदेस में डेटा प्रबंधन एवं उपयोग पर कार्यशाला हुई थी जिसमें दिल्ली से आए हुए राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने डेटा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया था जिसे हम लोगों को मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक ले जाना है। मंडल एवं बूथ तक सरल ऐप का विस्तार कर उस पर कार्यकर्ताओं को जोड़ना है श्री सिंह ने इस पर विस्तार पूर्वक बताया एवं मंडल स्तर तक बैठक कर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं तक सरल ऐप को पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, कार्यालय प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डु ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गान गा कर कार्यशाला की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा व संचालन जिला महामंत्री मृंतुजय सिंह ने किया एवम धन्यवाद ज्ञापन जिला सह संयोजक दीपक शर्मा ने किया। मौके पर सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मंडल संयोजक, सह संयोजक, सोशल मीडिया प्रभारी एवं आईटी प्रभारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला अनुकंपा समिति की बैठक पदाधिकारियों के साथ की गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक की गई। बैठक में अनुकंपा से संबंधित कुल 24 मामले रखे गए। सभी मामलों के आवेदन की बारी बारी से जांच कर कुल 15 योग्य लोगों के आवेदन का अनुशंसा किया गया। शेष आवेदकों के आवेदन पर अगले बैठक में विचार किया जाएगा। जिसमें कुल 15 आवेदकों में से 9 आवेदकों को तृतीय वर्ग में 6 आवेदक का चतुर्थ वर्ग हेतु अनुशंसा किया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, अपर समाहर्ता, पवन कुमार मंडल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मुनि कुमारी, ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय किशोरी सम्मेलन में 12 गांव की 300 किशोरियां हुई शामिल

## किशोरियों ने दिखाया प्रतियोगिता का जलवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया एलेवन स्टार फुटबॉल मैदान में रविवार को गर्लफस्ट और लोक प्रेरणा केंद्र के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय किशोरी सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप सदस्य देवनंदन साहु, हुरणाली मुखिया सह झामुमो नेता पूरन राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात किशोरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित किशोरियों ने समाज से बाल विवाह, दहेज प्रथा से मुक्ति दिलाने को लेकर नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान शिला इचाक और पुंडरा की किशोरियों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसके अलावे भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें शील इचाक, तलसा आमगांवां, पिरि, टुटीलावा, मनातू, पुंडरा, देल्हो, लुतिडीह, गोठाई, लिपदा कुल 12 गांवों से लगभग तीन सौ किशोरियों ने प्रखंड स्तरीय किशोरी सम्मेलन में भाग ली। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली किशोरियों व मैट्रिक में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को मुख्यातिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर लोकप्रेरणा की सचिव मौसमी बाखला, मुखिया नरेश साहु, जवाहर यादव,अनिता मिश्रा, आंगनबाड़ी सेविका के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती पूजा के जुलूस में वर्जित रहेगा मदिरा पान, मद्यपान कर्ताओं पर होगी कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सरस्वती पूजा को लेकर रविवार को सिमरिया थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक की गयी। यह बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने किया। जबकि संचालन थाना प्रभारी विवेक कुमार ने की। बैठक में बीडीओ नीतू सिंह, जिप सदस्य देवनंदन साहू, पुलिस निरीक्षक केपी चौधरी, पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह और उप प्रमुख दामोदर गोप मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि पूजा और जुलूस के दौरान मदिरा पान का सेवन नहीं करने तथा डीजे साउंड में भड़काऊ गाना नहीं बजाने का सख्त निर्देश दिया गया।मनाही के बाद भी भड़काऊ गाना और मदिरा पान का सेवन करने वालों पर सख्त करवाई की जाएगी। उन्होंने प्लास्टिक के प्रयोग नही करने पर बल दिया। उन्होंने पत्ता के दोना का प्रयोग करने और पूजा समाप्ति के बाद पंडाल के स्थान को साफ सुथरा कर स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी क्लबो के सदस्यों को ससमय प्रतिमा को विसर्जन करने को कहा और विसर्जन के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई। वहीं थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि क्लब के सदस्यों को साउंड संचालक और क्लब के सभी सदस्यों का मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि शराब पीकर हुड़दंगी करने वाले के खिलाफ करवाई की जाएगी। उन्होंने शांति पूर्वक पूजा मनाने को कहा है। मौके पर एसआई शशिकांत साहू, रामदेव वर्मा, एएसआई गौकरण कुमार, विद्यानन्द शर्मा, रामकुमार टुड्डु, मुखिया नरेश साव, इफ्तेशाम प्रवीण, लखन प्रसाद साहू, सुधीर सिंह, जवाहर यादव, भूपेंद्र ठाकुर, जवाहर विश्वकर्मा, गोपाल प्रसाद मेहता के अलावे दर्जनों शांति समिति के सदस्य और जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य एवं बुद्दिजीवी मौजूद थे।

# भाजपा का दही चूड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक किसुन कुमार दास व पुत्र पंकज राज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित दही चुडा कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक किसुन कुमार दास और इनके पुत्र पंकज राज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। भाजपा द्वारा आयोजित दही चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन इटखोरी मयूरहंड सीमा पर बसे बभनडीह गांव में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के गणमान्य कार्यकर्ताओं ने अपनी बातों को रखते हुए कहां कभी देश में भारतीय जनता पार्टी का एक दो सांसद हुआ करते थे और पूरा देश भाजपा पर हंसा करता था लेकिन सन 2014 में एक ऐसा सूर्य का उदय हुआ जिसने पूरे भारत की दिशा और दशा ही बदल कर रख दिया। यहां पर सूर्य का जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर किया गया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्वस्तरीय नेता बन चुके हैं आज पूरे देश में भाजपा का सर चढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति दीवानगी देखने को मिलता है।भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार 60 से 65 सालों तक कांग्रेस ने राज किया और भारत को गर्त में धकेल दिया लेकिन आज हमारे रात के बीच जो सूर्य चमक रहा है वह हमें पूरी दुनिया में एक नया जोश और खुद पर गर्व करने का सौगात दिया। कार्यक्रम में महिला और पुरुषों की संख्या करीब 5 साल के आसपास थी बीच-बीच में लोग जय श्री राम के नारे लगाते रहे और फिर से एक बार आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट भी देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक किसुन कुमार दास ने कहा झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है और सरकार सोई हुई है। किशोर कुमार दास ने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने झारखंड को विकास और तरक्की के पटरी पर लाया था लेकिन झारखंड में जैसे ही महागठबंधन की सरकार बनी वैसे ही झारखंड में लूट और खसोट बढ़ गया झारखंड किसका गलत हाथों में चले जाने के कारण झारखंड फिर से एक बार बर्बादी के मुहाने पर पहुंच गया। किशोर कुमार दास ने कहा कि सिमरिया विधानसभा में विकास की गंगा बहायी जा रही है जितने भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में सड़क है उनका नवीनीकरण किया जा रहा है ताकि प्रखंड के लोगों को आवागमन में सुगमता हो।हालांकि आपको बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव होने में अब गिने चुने दिन बचे हैं ऐसे में वोट बैंक की राजनीति अभी से ही शुरू हो गई है और वोटरों को लॉलीपॉप थमाया जा रहा है। अभी भी प्रखंड मुख्यालय में लोगों को भारिया सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है प्रखंड में सरकारी अस्पताल तो है लेकिन डॉक्टर नहीं हैं।प्रखंड तो बना लेकिन यहां कर्मचारी नहीं हैं।थाना तो है लेकिन पुलिस के सशस्त्र जवानों की संख्या जरूरत के हिसाब से कम है।आम लोगों से जुड़ी अन्य और भी समस्याएं हैं जिसका निदान का अनुपात बहुत ही कम है अब देखना है चूड़ा दही और तिलकुट क्या-क्या गुल खिलाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नागपुरी एल्बम का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झंकार म्यूजिक एण्ड डांस एकेडमी झारखंड राज्य की अपनी प्रादेशिक भाषा नागपुरी और झारखंड राज्य की संस्कृति भाषा को विश्व पटल पर नई उचाई पहुचाने के उद्देश्य से झंकार म्यूजिक एण्ड डांस एकेडमी के द्वारा निर्मित एतिहासिक नागपुरी एल्बम रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर जॉनी रुफीना तिर्की एंव विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया। डिंकीं फिजिक्स के रिता लाल मंडल,सरगम स्टूडियो के दिवाकर मिश्रा, डीजे. जींसान, केशरी म्यूजिकल के शुभम केशरी, श्री मां संगीताएन के डायरेक्टर दीपक घोश एंव सीमा घोश, राज आर्यन डांस एकेडमी के डायरेक्टर राज आर्यन, सोशल वर्कर श्री प्रकाश जी उपस्थित रहे। झारखंड की लोग- संगीत, खान-पान तथा झारखंड के सभी जिलों कस्बों की संस्कृतियां गाने की बोल में दर्शाए गाएं है। मुख्य अतिथि के रूप डॉक्टर जॉनी रुफीना तिर्की ने सभी कलाकारों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से झारखंड की संस्कृति बहुत करीब से जानने का मौका मिलता है। वही विशिष्ट अतिथियों में रीत लाल मंडल ने कहा कि इस गाने में झारखंड के संस्कृति की दर्शन के साथ साथ गावों की संस्कृति की बहुत बड़ी स्तर पर गाया गया है। झंकार म्यूजिक एण्ड डांस एकेडमी के डायरेक्टर राहुल कुमार पासवान ने मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। और नागपुरी एल्बम ÷हाय रे मोर सुन्दर झारखंड÷ गाने की बारे में जानकारी दिये। गाने में 23 सिंगरो द्वारा तथा 30 डांसरो द्वारा आयोजित किया गया है। गाने के म्यूजिक डायरेक्टर दिवाकर मिश्रा ने कहा कि झारखंड के इतिहास में अभी तक एक गाने में 23 सिंगर एक साथ गाए। बहुत बड़ी उपलब्धि है। सावंत इंटर कॉलेज के सचिव अनुरंजण जी ने सभी कलाकारों को कहा कि आज के युवा पीढ़ी आपनी संस्कृति और सभ्यता को नहीं भूल सकते हैं। सभी विशिष्ट अतिथियों ने एक साथ मिलकर काम करने से झारखंड की लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। अब कलाकारों को जिला स्तर से उठ कर राज्य के साथ देश स्तर पर अपने कला का कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। एल्बम के निर्माण में डायरेक्टर एवं निर्देशक - राहुल कुमार पासवान, म्यूजिक कंपोजर - श्रावण कुमार पासवान, गीतकार - नन्द लाल जी, म्यूजिक - दिवाकर मिश्रा, कैमरा एंव एडिटिंग - प्रकाश जी, कोरियोग्राफर - कृष्ण कुमार दास,योगदान रहा। झंकार परिवार के सदस्य - प्रज्ञा सिंह, अविनाश, राजु कुमार, जैनब प्रविन, ताराचंद, सुजित हाजरा, अंनिता, चितरंजन, रेखा, प्रनभ,अभिनव, शून्नधा,मुकेश, माही, अभिमन्यु, सतेंद्र राणा, कर्मवीर, अपूर्व, चयन, राजेश्वरी,भीम इत्यादि।

### निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एंव श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में दिन रविवार को कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित कंचनपुर के काली मंदिर में निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 62 मरीजों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया गया। साथ ही मुफ्त दवाइयां एवं मुफ्त टूथब्रश का भी वितरण किया गया। शिविर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं निःशुल्क रक्त शर्करा व कोलेस्ट्रॉल की जांच की गई। शिविर का निरीक्षण डॉ रोहित अग्रवाल व डॉ सौम्या राज ने किया। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एंव श्रीनिवास अस्पताल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पुष्पा कुमारी ने शिविर की अच्छी व्यवस्था की। नेत्र जांच और रक्त परीक्षण में ऋषिकेश कुमार, रोहित कुमार एवं राजेश कुमार ने अपनी सेवाएं दी। वहीं प्रशिक्षु आतिश घोष, कौसर कलाम, शेख शाहीन, शीबा खान, रागिनी शुक्ला, पीहू प्रियंका, अंकिका आनंद, रश्मि कुमारी ने शिविर के दौरान अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान दी व ग्रामीणों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति आवश्यक जनकारी दी। शिविर को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्य बिट्टू कुमार, राजन कुमार व पंकज कुमार ने भरपूर सहयोग दिया।



### फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का छठी कार्यसमिति बैठक रामगढ़ में संपन्न

# रामगढ़ में औद्योगिक विकास को मिलेगा गति : किशोर मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ के जिमखाना क्लब में एफजेसीसीआई की छठी कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रामगढ़ के उद्योग व्यवसाय के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं और इसको लेकर एफजेसीसीआई सभी समस्याओं के समाधान करने के लिए तत्पर है। किशोर मंत्री ने कहा कि बाजार समिति शुल्क जो सरकार के द्वारा फिर से एक बार लगाने का प्रयास जारी है। एफजेसीसीआई लगातार इसका विरोध कर रहा है। और जरूरत पड़ेगा तो आंदोलन की दिशा में भी कदम उठाया जाएगा।



बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि रामगढ़ जिले में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एवं यहां उद्योग व्यापार के लिए असीम संभावनाएं हैं । और एफजेसीसीआई इसके लिए लगातार अपने प्रयास को जारी रखा है। बैठक को संबोधित करते हुए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने कहा कि रामगढ़ के उद्योग व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की सराहनीय एवं सकारात्मक भूमिका है और उद्योग व्यवसाय के क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उसको समाधान कराने के लिए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स अग्रणी भूमिका में है। बैठक में उपस्थित रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पूर्व अध्यक्षों को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महासचिव डॉक्टर अभिषेक रामधीन, अमित शर्मा, आदित्य मल्होत्रा, रोहित पोद्दार, शैलेंद्र अग्रवाल, सुनील केडिया, नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, प्रवीण लोहिया, नवीन गाड़ोदिया, मनोज नरेडी, ज्योति कुमारी, राजेश कुमार, रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के गोविंद अग्रवाल, अशोक जैन, रमन मेहरा, आनंद अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद सिंह, प्रदीप सिंह, विनय कुमार अग्रवाल, मनजी सिंह, श्याम सुंदर परसुरामपुरीया , गोपाल शर्मा, इंद्रपाल सिंह सैनी, सतीश गुप्ता, कमल शर्मा, रमेश बौंदीया, मनोज बंसल, अखिलेश शर्मा, विनय सिंह, प्रदीप बरेलिया, रामप्रवेश गुप्ता, निलेश गुप्ता, रविंद्र साहू,समेत अनेकों समाज सेवी उपस्थित थे।

## अभूतपूर्व कलश यात्रा, सदर विधायक सहित कई गणमान्य हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमसांडी के छड़वा डैम स्थित नवनिर्मित काली मंदिर में श्री श्री 1008 शतचंडी माता की प्राण प्रतिष्ठा उद्घाटन 22 से 30 जनवरी 2023 तक अयोजित होने जा रहा है। इसी निमित्त रविवार की सुबह यहां अभूतपूर्व कलश यात्रा के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत हुई। क्षेत्र के करीब 20 गांवों की करीब 5000 से ऊपर कलश यात्री इस कलश यात्रा में शामिल हुए। गाजे- बाजे, ढोल- ताशे के साथ नारा- जयकारा लगाते हुए सभी बड़े अनुशासित तरीके से कतारबद्ध होकर पारंपरिक गीत गाते हुए माथे में कलश धारण कर छड़वा डैम काली मंदिर प्रांगण से छड़वा डैम पहुंचे। जहां विधि- विधान से पूजा-अर्चना कर जल भरा और फिर मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञ मंडप पहुंचे। सभी कलश यात्रा भगवा वस्त्र धारण किए हुए थे तो पुरुष हाथों में भगवा ध्वज लिए साथ चल रहें थे। क्षेत्र के बहिमर, डांड से लेकर पेलावाल तक के श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव में लीन होकर इस कलश यात्रा में शामिल हुए ।

## सदर विधायक ने रखा 32 लाख की विकास योजनाओं की आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और नगर निगम के मेयर रोशनी तिर्की के साथ मिलकर नगर क्षेत्र में 32 लाख की विकास योजनाओं की आधारशिला रविवार को रखी। विधायक मनीष जायसवाल ने इसकी शुरुआत हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस चौक से की। जहां मेयर रोशनी तिर्की और स्थानीय वार्ड पार्षद विकास यादव एवं राजपूत समाज के वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में नगर निगम के नागरिक सुविधा मद अंतर्गत करीब 8 लाख रुपए की राशि से



महाराणा प्रताप के प्रतिमा का प्रतिस्थापन कार्य का विधिवत शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। तत्पश्चात नगर निगम क्षेत्र स्थित कॉलेज मोड़ के समीप चानो रोड़ पर जिला परिषद की 24 लाख 19 हजार की योजना संत कोलंबा कॉलेज मोड़ से अरण्य विहार होते हुए एन.एच. तक नाली निर्माण कार्य का शिलन्यास जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और स्थानीय वार्ड पार्षद निपम खलखो के साथ मिलकर सिलावट अनावरण करोड़ नारियल फोड़कर किया ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नगर क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा प्रतिस्थापित होने से शहर का गौरव बढ़ेगा वहीं निगम क्षेत्र मैनाली दुरुस्त होने से जल निकासी की सुविधा बढ़ेगी । मौके पर विशेषरूप से सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक मेहता, पंकज सिंह, सुरेंद्र मेहता, प्रमोद सिंह, करण सिंह, विकास सिंह, सुनील सिंह राठौर, राकेश उपाध्याय, अनूप भाई वर्मा, विनोद यादव, मनोज यादव, अभिजीत पांडेय, आलोक पांडेय, प्रकाश वर्मा, संजय पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## मोहम्मद हुसैन को कांग्रेस नेता बजरंग महतो ने बुके देकर किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड ब्यांग निवासी मोहम्मद हुसैन पिता मुस्तकीम अंसारी ने जे पी एस सी की परीक्षा पास कर रामगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। मालूम हो कि मोहम्मद हुसैन ने झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रथम समिति उप समाहर्ता प्रतियोगिता परीक्षा पास की है। मोहम्मद हुसैन राजकीय मध्य विद्यालय बरकाकाना में वर्ष 2018 से बतौर सहायक शिक्षक पदस्थापित हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में जेपीएससी की प्रथम समिति उप समाहर्ता प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन 12 जून 2013 को यह परीक्षा रद्द कर दी गई। गौरतलब है कि उन्हें बीसी कोटा का स्टेट टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। दोबारा ली गई । परीक्षा में मोहम्मद हुसैन शामिल हुए और परीक्षा पास कर 17 साल के इंतजार को खत्म शामिल थे। कांग्रेस नेता बजरंग महतो ने उनके घर पहुंचकर बुके देकर स्वागत किया। साथ ही कहा कि



क्षेत्र के लोगों के लिए काफी खुशी व उत्साह की बात है गांव का बेटा मेहनत कर के गांव से निकलकर डिप्टी कलेक्टर बना। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश पुर्व पार्षद राजू महतो कांग्रेस नेता विरेन्द्र महतो महताब राही जबार अंसारी तबारक अंसारी गुलाम रसुल रुकेश कुमार रितेश कुमार अमित कुमार मुकेश कुमार करमू महतो मोहित पटेल बाबु राम महतो सपुत कुमार सुनिल कुमार हेमंत महतो आदि।

## आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख पदाधिकारियों की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड 22 जनवरी सिकनी पंचायत के शिवालय मंदिर प्रांगण में वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश अनुसार आजसू पार्टी के कार्यकर्त्ता के द्वारा बूथ कमेटी एवं चूल्हा प्रमुख का गठन हेतु एक बैठक रखा गया ! जिसमे ग्राम सिकनी के बूथ संख्या 172, 173 ,174 के लिए एक कमिटी का गठन किया गया जिसमे सभी बूथ के लिए 20 महिला और 20 पुरुष का चयन किया गया।पंचायत स्तरीय 10 घर में से एक चूल्हा प्रमुख बनाने हेतु निर्णय लिया गया। विधानसभा के उप चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से उपचुनाव में वोट देकर विजय बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सिकनी पंचायत चुनाव प्रभारी जलन्त चौधरी, नितीश महतो, बलराम महतो, उमाशंकर महतो, किलश महतो, प्रशांत महतो एवं बैठक में उपस्थित समाजसेवी हरिकिशुन महतो, आजसू पार्टी के नेता योगेंद्र महतो, आजसू मिडिया प्रभारी राजेन्द्र उर्फ



रमन पटेल, युवा नेता कृष्ण कुमार, सिकनी पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो, टुल्लू महतो, केदार महतो, देवकुमार राम, तुलाराम महतो, प्रदीप महतो, शिवशंकर महतो, संभु महतो, रविन्द्र, महतो, सुरेन्द्र महतो, अजित महतो, सुशीला देवी, बिनीता देवी, निर्बला देवी, किरण देवी, बसंती देवी, रीना देवी, सुमित्रा देवी, जयंती देवी, शीला देवी, देवंती देवी, सावित्री देवी, सहित आजसू पार्टी के अनेको महिला नेत्री एवं आजसू कार्यकर्ता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एवं 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने आजसू पार्टी का दामन थामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखण्ड कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष व वर्तमान 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंटू करमाली पूरे सहपाठियों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा और उन्होंने गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात कर आजसू पार्टी में शामिल हुए तथा सांसद को बुके देकर स्वागत किया उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस का नीति से देशवासी त्राहिमाम है इसे देखकर मैं भी रामगढ़ जिला का विकास करने वाले पार्टी में शामिल हुआ हूं और पूर्व में अनगिनत



रामगढ़ जिला में ऐतिहासिक विकास कार्य हुआ है जिसे देखकर मैं पुण-इस पार्टी में शामिल हुआ हूं रामगढ़ जिला का सर्वांगीण विकास केवल आजसू पार्टी कर सकता है पार्टी के पास मिशन और विजन दोनों तरह की विकल्प है जिसे देख इस बार रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में भारी मतों से आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता चौधरी को विजय बनाने का काम करेंगे। तथा रामगढ़ विधानसभा में आदिवासी समुदाय के लोगों से जनसंपर्क कर डोर टू डोर संपर्क अभियान करेंगे एवं सुख-दुख के साथी गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देशानुसार विकास पुरुष हमारे साथ हैं इनके द्वारा घोषित प्रत्याशी उम्मीदवार को भारी मतों से वोट देकर विजय बनाने का काम करें उन्होंने कहा कि पूरी दल बल और तामझाम के साथ पूरे प्रखंड स्तर पर बहुत जल्दी पार्टी का दामन थामेंगे और आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगें।

## सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने चाहा एवं कुरुम में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नं 32 के चाहा एवं कुरुम के विभिन्न टोला मोहल्लें में आगामी 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो ने जनसंपर्क अभियान चलाए। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों से कहा कि रामगढ विधानसभा में उपचुनाव होने वाला है पहले आपलोग जिस विश्वास के साथ आजसू पार्टी के साथ खड़े थे पुनः उसी आस्था एवं विश्वास के साथ पार्टी के साथ खड़ा रहे। हम आपके विश्वास को कभी टूटने न देंगे।तीन साल में जो भी विकास की गति रुक गयी है उन्हें पुनः उस पटरी पर लाने का काम करेंगे। इनके साथ मुख्य रूप से लालबिहारी महतो,आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो,सचिव राजेन्द्र महतो,नौलेश सिंह, संतोष मानकी,दयासागर महतो, राजकुमार सिंह,मंटू सिंह, डब्लू सिंह,सीताराम सिंह, ललन सिंह, मनोज़ कुमार, कामेश्वर सिंह, नागेश्वर सिंह, सदानन्द सिंह, अवदेश सिंह, राजा बाबू, विनोद मुंडा, कारीनाथ मुंडा, उदय मुंडा, दिलीप मुंडा,पंकज सिंह, उज्ज्वल सिंह, शैलेश सिंह, संतोष मुंडा आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## चूल-मुंडन संस्कार को लेकर रजरप्पा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** झारखंड के सुप्रसिद्ध स्थल रजरप्पा मंदिर मैं रविवार को मुंडन संस्कार का मुहूर्त होने के कारण भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मां भगवती से आशीर्वाद लेकर रक्षा सूत्र बनवाए इस मौके पर मनोकामना पूरी के लिए चूल मुंडन के साथ सैकड़ों बकरे की बलि दी गई। मुंडन तिथि का विशेष मुहूर्त होने के कारण सुबह 4ः00 से सैकड़ों की संख्या में चार पहिया वाहन से दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पंक्ति में घंटों खड़ा होकर मां भगवती की पूजा अर्चना विधि विधान से किया। पूजा अर्चना को लेकर रजरप्पा मंदिर क्षेत्र में स्थानीय रजरप्पा पुलिस के दर्जनों जवान जगह जगह पर तैनात किए गए थे।

## गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक के आदर्शों को आत्मसात लेने की जरूरत : मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** महामना गौतम बुद्ध युवा सम्राट अशोक के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। जिससे सिर्फ कुशवाहा समाज ही नहीं बल्कि मेहनतकश सभी लोग जागरूक होंगे और अपने सामाजिक व राजनीतिक स्थिति को मजबूत करेंगे। उक्त बातें झारखंड कुशवाहा महासभा हजारीबाग इकाई के जिला सम्मेलन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि मुख्य संरक्षक सह पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने संबोधित कर हजारीबाग के शिवम बैकट्स के सभागार में अपने संबोधन में कहा । आगे उन्होंने कहा कि आज भी हमें इतिहास से सीखने की आवश्यकता है और भविष्य निर्माण में सबको सहयोग करना है।वहीं विशिष्ट अतिथि संरक्षक सह पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के लिए हम सभी को मिलकर आगे आने की आवश्यकता है इसके लिए आपसी मतभेद को भूलना होगा। झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा अध्यक्ष हाकिम प्रसाद ने कहा कि आज समाज राजनीतिक




संकट के दौर से गुजर रहा है जिस से उबार पाने के लिए हम सभी को अपने अंदर छुपे ताकत को पहचानने की आवश्यकता है और मजबूती के साथ राजनीतिक एकता दिखा कर आगे आने की जरूरत है। सभा की अध्यक्षता हजारीबाग जिला इकाई अध्यक्ष मुकुटधारी महतो व संचालन बटेश्वर मेहता ने किया। समारोह के पूर्व मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों द्वारा महामना गौतम बुद्ध, ज्योतिबा फुले ,सम्राट अशोक, शहीद जगदेव प्रसाद, अकलू राम महतो, देवी दयाल कुशवाहा, रीतलाल वर्मा समेत दर्जनों महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया और समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम राष्ट्रहित में : अजय सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत यादव धर्मशाला से बरही थाना चौक से होते हुए बरही चौक पर सभा में तब्दील हो गई और वंहा नफरत छोड़ो भारत जोड़ो तथा वाह रे मोदी तेरा खेल 200 रूपए सरसो तेल के जोरदार नारे लगाए गए। सभा में बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव व संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला के प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष




पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में कन्याकुमारी से काश्मीर तक की 3,750 किलोमीटर की लम्बी राष्ट्व्यापी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम जारी है जो पुरी तरह से राष्ट्र हित में है। उसी तर्ज पर झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों में प्रखंड, पंचायत से बुथ स्तर तक जारी रहेगा। केन्द्र में मोदी सरकार का विरोध करते हुए विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि जब से मोदी सरकार आई है तब से मंहगाई चरम पर रसोई गैस सिलेंडर का मुल्य 400 रूपए से बढ़कर 1200 रूपए हो गए हैं और पेट्रोल डीजल का मुल्य 100 रूपए पार कर गई है। उसी तरह खाद्य सामग्री का मुल्य आसमान छू रही है। आम जनता को इस भीषण मंहगाई ने तो कमर ही तोड़ डाली है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश में नफरत का महौल बन गया है देश टूटने के कगार पर है। भाजपा की सरकार नफरत फैला कर सत्ता पर बना रहना चाहती है और ऐसे समय पर हमारे नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का नारा देकर भारत को जोड़ने का प्रयास कर रहें है। विशिष्ट अतिथि व बरही विधान सभा के प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि देश में दिनों दिन बेरोजगारी का ग्राफ बढ़ रही है मोदी सरकार चुनाव के पूर्व कहा था कि साल में दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे पर कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क है रोजगार देने के बजाय रोजगार छिना जा रहा है। 20 सुत्री कार्यक्रम के जवाहर लाल सिन्हा ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा हमारे राष्ट्रीय नेत्री पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी तथा राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को प्रताड़ित किया गया, इसका जवाब आम चुनाव में भाजपा को जनता देगी। कहा कि मोदी की केन्द्र सरकार दिनो दिन सरकारी संस्थानों बेचने का काम कर रही हैं और इसका सिधा लाभ बड़े-बड़े पूंजीपतियों को मिल रहा है। पूर्व जिला महासचिव बिनोद यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने किसान के तीन काला कानून पारित कर देश के 600 सौ किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया जब कांग्रेस ने इस तीन काला कानून का विरोध किया तो अंत मे ये ने कहा कि मोदी सरकार जीएसटी लगाकर छोटे व्यापारियों की जीना हो मुहाल कर दिया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बड़कागांव प्रखंड में झंडोत्तोलन के लिए समय सारणी हुई निर्धारित

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय एवं पंचायत समिति प्रमुख फुलवा देवी द्वारा झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारित की गई। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में 9:15 बजे पूर्वाहन, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 9:25 बजे पूर्वाहन, पंचायत भवन कार्यालय बड़कागांव पूर्वी में 9:30 बजे पूर्वाहन, कन्या मध्य विद्यालय में 9:40 बजे पूर्वाहन ,प्लस टू उच्च विद्यालय में 9:45 बजे, बड़कागांव बीआरसी में 9:50 बजे पूर्वाहन, बड़कागांव थाना में 9:55 बजे पूर्वाहन ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 10:00 पूर्वाहन ,पीडब्ल्यूडी कार्यालय में 10:05 बजे पूर्वाहन, बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन मैं 10:10 बजे पूर्वाहन ,गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय में 10:15 बजे पूर्वाहन ,आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव में 10:20 बजे पूर्वाहन ,अंबेडकर चौक बड़कागांव में 10:25 बजे पूर्वाहन, डाड़ीकला थाना में 10:30 बजे पूर्वाहन ,इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज में 10:40 बजे पूर्वाहन ,बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय में 10 45 बजे पूर्वाहन ,प्राथमिक उर्दू विद्यालय में 10:50 पूर्वाहन, ग्रामीण महिला विकास मंच में 10:55 बजे पूर्वाहन, पंचायत भवन कार्यालय बड़कागांव मध्य में 11:00 बजे पूर्वाहन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 11:10 बजे पूर्वाहन, कर्णपुरा इंटर कॉलेज में 11:20 बजे पूर्वाहन, कर्णपुरा स्नातक महाविद्यालय में 11:25 बजे पूर्वाहन झंडोत्तोलन होगी। ज्ञात हो कि बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा को लेकर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी।

## बड़का चुंबा में मां रक्षा काली पूजन पाठ पूरे धूमधाम से मनाया गया

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़का चुंबा में शनिवार को रात्रि में मां रक्षा काली पूजा पूरे धूमधाम से मनाया गया। मां काली का पूजा पूरे विधि विधान के अनुसार पूजन पाठ किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि मां काली की पूजा में लगभग 778 बकरा बलि दिया गया। रविवार और सोमवार को भव्य मेला रखा गया। मां काली पूजा समिति अध्यक्ष प्रभात कुमार बेलथरिया, उपाध्यक्ष राम प्रकाश पटेल, सचिव जितेंद्र मिश्रा, सह सचिव सोनू तिवारी, कोषाध्यक्ष पुरंजय मिश्रा, उप कोषाध्यक्ष प्रेम बेलथरिया, सुनील मिश्रा, संतोष मोदी, निरंजन महतो, मुंशी महतो, मुन्ना बेलथरिया नंदलाल महतो, मनोज महतो, संदीप कुशवाहा, गानों महतो, अमित बेलथरिया, जोगेंद्र रजक, रामप्रकाश कुमार, बासुदेव महतो, अरविंद गुप्ता, लखन साव, मिथिलेश शर्मा, संतोष भटेले, विनोद रजक, लक्ष्मण प्रजापति, भीम प्रजापति, दिलरंजन प्रसाद, सुदामा करमाली, राजेश घटवार, रामकुमार करमाली, ओम प्रकाश भटेले, इंदर राम, हरिनाथ महतो, विजय सूबेदार कुमार लॉबिंद साव यादी कई ग्रामीण लोग शामिल थे।

## सरस्वती पूजा व गणतंत्र दिवस मानने को लेकर शांति समिति की बैठक

**जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर जयनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रविवार को प्रखंड प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में की गई। वहीं संचालन शिव शंकर वर्णवाल ने किया बैठक में पर्व को शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की गई। बैठक में शांति पूर्वक सरस्वती पूजा मनाने की सलाह दी गई। पूजा, जुलूस में अश्लील एवं भड़काऊ गाना नहीं बजाने की अपील की गई। वही मायका अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह ने कहा कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज व वीडियो भेजेंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूजा में लोग शराब से दूर रहें ताकि शांति पूर्वक पूजा संपन्न हो सके और निर्धारित समय व रूट चार्ट के अनुसार प्रतिमा का विसर्जन लोग करें। आदि कई निर्देश दिए गए। वही मौके पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहां की पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें इसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन व पुलिस चौकी को दें उपद्रवी एवं मनचलों के ऊपर पैनी नजर रहेगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी मौके पर मौजूद मायका अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, एसआई अमित कुमार, एसआई दिलीप मंडल, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मुखिया राजकुमार यादव, मुखिया संजय साव, मुखिया कौशर खान, किशोर साव, मुखिया आशा देवी, सरफुद्दीन अंसारी, अरमान खान, केडी यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इश्लाम अंसारी,सदस्य दुलारी देवी, आदि जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व ग्रामीण मौजूद थे।

## पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ

**जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुष स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जयनगर प्रखंड सीआरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय शांथ मैं योग शिविर लगाया गया. शिविर के आयोजक आयुष विभाग कोडरमा डॉ सुरेंद्र कुमार के अगुवाई में हुई.शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित के साथ योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन, जयनगर प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, प्रदीप कुमार सुमन,शिक्षक शंकर दयाल, प्रशिक्षक प्रीति सुमन,प्रखंड प्रभारी कैलाश लाल बरनवाल, सुनील कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की. मौके पर योगी सुषम सुमन नें कहा कि यह शिविर 5 दिन चलेगी जहाँ बच्चे लोग के लिए योग का मार्गदर्शक करने के लिए यह स्पेशल ट्रेनिंग योग प्रशिक्षण केंद्र है. जिसमें ट्रेनिंग प्राप्त करके उन लोग को शिक्षक शिक्षिकाओं को एक ब्रांड एंबेसडर सर्टिफिकेट दिया जाएगा ताकि वह विद्यालय में जाकर योग का प्रशिक्षण दे सकते हैं. मौके पर प्रमुख अंजू देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि बहुत सौभाग्य है की हमारे प्रखंड में हमारे शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है इससे हमारे बच्चे लोग संस्कारवान और दिमाग मजबूत होगा. इसके लिए झारखंड सरकार, योगी सुषमा सुमन को धन्यवाद देता हूं बहुत अच्छा कार्य हो रही है. योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की सभी प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाओं को योग का किताब और सिलेबस भी दिया गया. साथ ही जड़ी बूटी का पौधा भी दिया गया. इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे.

# वन विभाग के द्वारा किया गया 50 टन अवैध कोयला जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बडकागांव :** वन विभाग के द्वारा लगातार दूसरे दिन भी अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर सघन छापेमारी अभियान जारी रहा। रविवार को प्रखंड के मालडीह, इंदिरा, बरवनिया,चानो के जंगल से लगभग 50 टन अवैध रूप से उत्खनन कर भंडारित किया गया कोयला बरामद किया गया।

सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार के नेतृत्व में जिले हजारीबाग तथा बड़कागांव के वन कर्मियों की टीम के द्वारा कोयला जप्त किया गया। बड़कागांव पुलिस के सक्रिय सहयोग से छापेमारी कर उक्त कोयला जप्त किया गया है। जेसीबी द्वारा लोड कर 13 ट्रैक्टर से लगभग 50 टन कोयला वन विश्रामागार बड़कागांव में लाया गया।

बताते चलें कि शनिवार को सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार के नेतृत्व में 120 टन कोयला जब्त किया गया था।

वन विभाग की करवाई से अवैध कोयला माफिया में हडकंप मची हुई है। समाचार लिखें जाने तक मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी था। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से एसआई अभय कुमार, वनपाल रामचंद्र प्रसाद, वनरक्षी भोला साहु, मनोरंजन कुमार, केशव महतो, विनोद बेसरा हजारीबाग रेंज से ओम प्रकाश शर्मा, सुजीत टोप्पो, गोपी पासवान, महेश कुमार दास, निश्चित महतो, वीरेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, विकास रजवार, रवि कुमार आदि शामिल थे।

## स्थापना दिवस पर टाइगर जयराम महतो को आमंत्रित किया जाएगा : वि.प्र.सं. मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** हेसला बासगढ़ा में पी वी यू एन एल के विस्थापित प्रभावितो की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद ने किया। गत 18 जनवरी 2023 को पी वी यू एन एल और भेल के एजेंसीयो के साथ सम्पन्न मोर्चा की बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया गया।और कहा गया की वार्ता में दिए गए आश्वासनों के अनुरूप सभी एजेंसियों के द्वारा विस्थापित प्रभावितो को पूरी प्राथमिकता देते हुवे काम पर रखना है साथ ही न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना है इसका पालन जिस कंपनी एजेन्सी के द्वारा नही किया गया,उसे काम नहीं करने दिया जाएगा, उसके काम को ठप करवाया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया की प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी मोर्चा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। यह स्थापना दिवस विशेष होगा,इसमें टाइगर जयराम महतो को आमंत्रित करने का घोषणा किया गया। इस स्थापना दिवस में हजारों हजार की संख्या में सभी गांवों से महिला पुरुष भाग लेंगे। स्थापना दिवस की तिथि की घोषणा आगामी 29/01/2023 को किया जायेगा।बैठक में मुख्य रूप से अब्दुल कयूम,अंसारी, सांकुल के देवराज कुमार तथा परमानंद राजीव, कोलेश्वर महतो,मो आलिम, अर्जुन सिंह रवि कुमार गोविंद महतो मनीष कुमार आदि सैकडो महिला पुरुष शामिल थे।

## भुईयां समाज ने हेसला में माता शबरी जयंती मार्च में मनाने का लिया निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** जिले के हेसला महुआटांड़ बिरसा चौक स्थल पर रविवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति जिला रामगढ़ समिति की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप भुईयां व संचालन चंदन भुईयां ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी मार्च 2023 में मां शबरी जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए समाज की टीम प्रत्येक प्रखंड में दौरा कर समाज के लोगों से मिलेंगे। अवसर पर भुईयां समाज जिलाध्यक्ष दिलीप भुईयां ने कहां कि भुईयां समाज वर्तमान समय में लगातार आगे बढ़ रहा हैं। करीब 15 वर्षो से समाजसेवा करते हुए सभी को शिक्षा ग्रहण करने, नशापान प्राण त्यागने, सामाजिक सहयोग, महिलाओं को शिक्षित करने, दहेज प्रथा बंद करने और बुद्धिजीवी वर्गो के साथ तालमेल बनाकर समाज उत्थान में कार्य हमेशा करने की बात कहीं। मौके पर पूर्व मुखिया सुंदरलाल भुईयां, रामअवतार भुईयां, रतनलाल ऋषि, रामवृक्ष भुईयां, गंगाराम भुईयां, चंदन भुईयां, मोहन भुईयां, मिलू भुईयां, कैलाश भुईयां, अरुण भुईयां, सरभु भुईयां, विशाल कुमार, जगदीश भुईयां, योगेंद्र भुईयां, शिव शंकर भुईयां, संतोष कुमार रिक्की, किरण देवी, धनेश्वरी देवी, महेंद्र भुईयां कुलेश्वर भुईयां, विनोद भुईयां समेत कई उपस्थित थे।

# कैथा के सैकड़ों लोगों ने आजसू में हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के उपस्थिति में आजसू पार्टी के नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो के नेतृत्व में झामुमो नेता लोकनाथ महतो और घूरन महतो के साथ सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू पार्टी दल एक परिवार है और आजसू पार्टी का हर एक कार्यकर्ता परिवार का एक एक सदस्य है। परिवार के सदस्यों की बेहतरी और उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन में शामिल लोगों से संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी उपचुनाव में आजसू पार्टी रिकार्ड मतों से विजय हासिल करेगी। गिरिडीह सांसद ने उपस्थित वार्ड प्रभारी,बूथ प्रभारी, महिला मोर्चा, चूल्हा प्रमुख सहित सभी आजसू कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीति सिद्धांत से हर वर्ग के लोगों को अवगत करते हुए पूरे मनोयोग से चुनाव संबंधी जिम्मेदारी को पूरी करने की बात कही। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, महतो,रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ,नगर परिषद कमिटी सचिव राजेंद्र महतो,वार्ड पार्षद देवधारी महतो, वार्ड पार्षद श्री रौशन महतो, वरिष्ठ नेता लालबिहारी महतो,उपस्थित हुए। इस अवसर पर झामुमो छोड़ आजसू का दामन थामने वाले लोकनाथ महतो ने कहा कि गिरिडीह चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी के कार्यशैली से प्रभावित होकर हम सभी ने आजसू पार्टी का दामन थामा है। आजसू पार्टी विकास की राजनीत करती है। आजसू पार्टी ही रामगढ़ विधानसभा का सर्वांगीण विकास कर सकती है। इस अवसर पर झामुमो छोड़ आजसू का दामन थामने वालों मे लोकनाथ महतो, घूरन महतो, कन्हाई कुमार,प्रह्लाद कुमार, एटम कुमार,बबलू कुमार, तारा कुमार, राकेश कुमार , रोहित कुमार, अभिषेक कुमार, टिंकू पटेल नीतेश कुमार,नकलेश, कुमार तनू कुमार ,गलू कुमार,पवन कुमार, बालदेव महतो ,विनय कुमार,केशव कुमार दास, सचिन कुमार महतो, संदीप कुमार, दिलीप कुमार,मेधा महिला समूह से कविता देवी, सावित्री देवी,वीणा देवी,साबी देवी,खुशबू देवी, किरण देवी,गौरी देवी,उषा देवी,सबीता देवी सुनीता देवी,पूनम देवी,सकीना देवी, प्राची महिला समिति से नीतू,सलखो, ज्योति ,सीता,सीमा, बबीता, सावित्री, कालो, ननकी, मुनीया, किरण,नीतू, सुषमा ,सोनी सरस्वती महिला समूह से सोनी देवी, पियासो देवी, ललीता देवी, सीमा देवी, कविता देवी सरिता देवी,फुलकी देवी, सोनमती देवी करुणा देवी, सिंकू देवी, मीना देवी,सोनामती देवी, सीता देवी, अनिता देवी, फूलवा देवी, बिमला देवी, सबिता देवी,झूली देवी, रीता देवी कैथा बीच टोला से।

# आम आदमी पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** रविवार को आम आदमी पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हेसला कार्यालय में रखी गई ।आज की बैठक मैं मुख्य रूप से आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के संदर्भ में रखी गई है, जिसकी तिथि की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा की गई है, 27 फरवरी दिन सोमवार को, मतदान की तारीख तय की गई है वहीं नामांकन के लिए 31 जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी, आगामी 7 फरवरी तक नामांकन किया जा सकेगा, 8 तारीख को स्कूटनी की तिथि निर्धारित की गई है एवं नाम वापस लेने की तिथि 10 फरवरी तय की गई है, वही 2 मार्च 2023 को चुनाव परिणाम घोषित करने की तिथि निर्धारित की गई है यह सूचना भारत निर्वाचन आयोग के बुधवार को कई राज्यों में होने वाले उपचुनाव को लेकर सूचना जारी की गई है, मुख्य आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल के साथ नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी के रंग भवन ऑडिटोरियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा, विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की साथ ही उन्होंने एक संसदीय सीट और 6 राज्यों में विधानसभा उपचुनाव की तिथि घोषित की है, रामगढ़ चुनाव के संबंध में, आम आदमी पार्टी के केन्द्रीय कमेटी के द्वारा दिशानिर्देश अभी नहीं दी गई है, अतः यह वरीय पदाधिकारियों का अधिकार क्षेत्र है, अत~ इस संदर्भ में उनके आदेश की प्रतीक्षा है इस बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला सह प्रभारी राजेश कुमार वर्मा पूर्व जिला सचिव मनोज कुमार बेदिया, रामगढ़ युवा अध्यक्ष शहजादा मुस्तफा, मोहम्मद सालिक अहमद ,मोहम्मद अखतर ,चतुर्भुज कश्यप, इरफान अंसारी ,मोहम्मद सलमान, चंदन बेदीया, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद हुसैन, बाबार इराकी, मेराज खान, दीपक मुंडा ,शमसुद्दीन अंसारी ,बबलू खान उर्फ मजहर,रामजतन अकेला, मिनहाज उर्फ सौदागर, इमरान गोलू,कर्मी देवी, निशा देवी, खुशबू कुमारी ,ललिता देवी ,अनिता कुमारी ,उमा कुमारी ,देवंती देवी ,जानती देवी, रीता कुमारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

# विधायक अंबा प्रसाद ने काली पूजा महोत्सव का उद्घाटन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम नापोकला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक के द्वारा काली पूजा महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस मौके पर विधायक ने मौजूद हजारों की संख्या में ग्रामीणों को काली पूजा की ढेरों शुभकामनाएं दीं और मां काली की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख एवं समृद्धि हेतु प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि माँ काली की कृपा से नापो पंचायत में करोड़ों रुपयों की लागत से विकास योजनायें शुरू कराया गया है। विधायक ने बताया कि नापोखुर्द से इसको तक लगभग ढाई करोड़ की लागत से पथ निर्माण हो रहा है, इसको गुफा जाने वाली सड़क का कायाकल्प हो गया है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि आने वाले दिनों में नापोकला में नये उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण और नापोखुर्द में पूरन साहू के घर से मुख्य पथ होते हुए श्मशान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू होगा। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर कहा कि नदी के पास गार्डवाल का निर्माण यथाशीघ्र कराया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, फागू यादव, राम साहू, गणेश यादव, राजकुमार यादव, शमशेर आलम, कमल गोप, कौशल साहू समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## रजरप्पा स्पोर्टिंग क्लब ने जमाया खिताब पर कब्जा, बोरोबिंग रही उपविजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रविवार को चितरपुर टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के ग्राउंड में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धटनकर्ता गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अनुज पुत्र पीयूष चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए विधिवत रुप से टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस दौरान पीयूष चौधरी ने कहा कि पिछले 20 वर्षो से आजसू पार्टी द्वारा रामगढ़ जिला में विभिन्न तरंगों खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा सहयोग करने का काम किया है और भविष्य में भी साथ देने का काम करेगा ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों जिसे हमें पहचाने की आवश्यकता है वैसे होनहार खिलाड़ी को ऊंची मंजिल तक पहुंचाने की जरूरत है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ के पूर्व जिला पार्षद गोपाल चौधरी सहित चितरपुर उत्तरी पंचायत मुखिया मंजू देवी, चितरपुर आजसू पार्टी प्रखंड सचिव दशरथ महतो, हर्ष मौजूद थे। पीयूष चौधरी ने कहा कि, इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से क्षेत्र में छिपे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से अवगत होने का मौका मिलता है साथ ही खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का भी मौका मिलता है उन्होंने आगे कहा कि, खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। इधर, गोपाल चौधरी ने कहा की क्षेत्र में बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद है बस उन्हें मौका देने की जरूरत है। साथ ही, मुख्य अतिथि ने माइल वॉलीबॉल क्लब को इस तरह के आयोजन के लिए धन्यवाद किया। मौके पर महावीर महतो, राहुल महतो, पवन महतो, योगेंद्र महतो, संजीत महतो, भानु महतो, कमलेश महतो, जडेजा महतो, गोपी महतो, शंकर महतो सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# गैस टैंकर और ट्रक के बीच टक्कर, टैंकर के केबिन में लगी आग, जिन्दा जले चालक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की दोपहर 12 बजे जामसोती नाला के पास गैस टैंकर और ट्रक के बीच हुए टक्कर में गैस टैंकर के केविन में अचानक आग लग जाने से चालक जलकर मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि गैस टैंकर बिहार से गैस खाली करके कोडरमा की तरफ लौटने के क्रम में कोडरमा घाटी जन्मशती नाला के पास कोडरमा की तरफ से एक ट्रक बिहार तरफ जाने के कारण जामसोती नाला के पास टक्कर हो जाने से गैस टैंकर केविन में अचानक आग लग कर चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई जलने के बाद पूरा अफरा-तफरी मच गया. वहीं इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर इसकी सूचना दमकल को दिया गया। सूचना दमकल को मिलने के बाद दमकल पहुंचकर आग को काबू पाया गया. इस दौरान लगभग रांची-पटना रोड एक घंटा तक जाम रहा. वहीं आग पर काबू पाने के बाद रांची- पटना सड़क को चालू किया गया। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हुई है।

**फायर बिग्रेड की टीम ने पाया आग पर काबू :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि टक्कर के बाद गैस टैंकर का ड्राइवर गाड़ी में ही फंस गया था. जिसके बाद टैंकर के केबिन में आग लग गयी और चालक जिंदा जल गया. घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और टैंकर में लगे आग पर काबू पाया गया. लेकिन तब तक ड्राइवर पूरी तरह से जल गया था.

## जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा धर्म



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेल के जीतपुर कोल्यारी द्वारा जरूरतमंद असहाय महिलाऔ पुरुषों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल का वितरण जामाडोबा में किया गया। जरूरतमंद लोगो को काफी संख्या में ज़रूरत मंद महिला और पुरुषों कम्बल लेने के लिए पहुचे सैल के महा पर्वधक हलुमन प्रशाद ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया। आगे भी सेल गरीबो की मदद करती रहेगी। खुशहाल वतन वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक सईद ए बरकत ( अरमान ) ने कहा की गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। खुशहाल वतन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य दौरा जगह जगह जा कर गरीबी की एक सूची तैयार की गई। ताकि गरीब लोगों को ही लाभ मिल सके जामाडोबा .शास्त्री नगर गोवाला पट्टी रमजान पुर आदि जगहों से जरोरत मंद लोगो ने आकर कम्बल लिया मोके पर इमरान आलम, आरिफ सिद्दीकी, डॉ हिमांशु, खुसबू फरहा. इशरत बानो, फोजिया फरहा, मो वासिम।

## जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के स्वास्थ्य जांच अभियान से लाभान्वित हुए ग्रामीण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का सामाजिक दायित्व के तहत ग्राम चीराबाद में बाबा धनंजय मंडल के शिविर में स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त दवा का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण कैंप आकर इस अवसर का जरूरतमंदो ने लाभ उठाया। जेपी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा चिकित्सा शिविर अभियान का यह पड़ाव ग्रामीण परिवारों के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित हुआ है जिसमें अस्पताल जाने से वंचित ग्रामीण अपना स्वास्थ्य जांच करा कर स्वास्थ्य के प्रति सतर्क हो रहे हैं और उन्हें मुफ्त में हॉस्पिटल की तरफ से दवा दी जा रही है। हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रदीप मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर ई.नित्यानंद मंडल,डॉ.पी एन रजक डॉ.किमी मंडल.डॉ मृत्युंजय भट्टाचार्य,भैरव मंडल,सुमन मंडल, सक्षम,सक्षमी मंडल, प्रवीण, मंडल आदि ने कैंप को सफल बनाया।

## 25 दिनों बाद ओमान से कल पहुंचेगा धानेश्वर महतो का शव



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तमाम कोशिशों के बाद 25 दिनो बाद धानेश्वर महतो का शव ओमान की राजधानी मस्कट से दिल्ली सोमवार सुबह 2:55 को कार्गो से दिल्ली पहुँचेगा और दिल्ली से सोमवार सुबह 9:05 बजे कोलकत्ता पहुंचेगा। कोलकत्ता से एम्बुलेंस से घाघरा लाया जायेगा। बताते चलें कि बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा निवासी धानेश्वर महतो की 28 दिसंबर 2022 को ओमान में काम करने के दौरान मौत हो गयी थी और मृतक का पूरा परिवार सदमे से गुजर रहा था। पति का शव ओमान से मंगाने को लेकर पत्नी गीता देवी लगातार गुहार लगायी थी। लेकिन 25 दिनो बाद भी शव नहीं आ पा रही थी। वहीं कंपनी के द्वारा मुआवजे को लेकर कोई सार्थक जवाब न मिलने से परिवार के सदस्य परेशान काफी परेशान थे।मृतक धानेश्वर महतो का मासूम पुत्र साजन कुमार(12), कुंदन कुमार(07) की लालन- पालन व पढ़ाई लिखाई को लेकर काफी चिंतित है।वहीं इस मामले को लगातार मिडिया के माध्यम से सरकार से गुहार लगाने वाले प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में हमेशा कार्य करने वाले समाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली का कहना है कि ऐसे गरीब असहाय लोगों को कंपनी के साथ-साथ सरकार को भी आर्थिक मदद करनी चाहिए।ताकि बच्चों का लालन-पालन और पढ़ाई लिखाई ठीक ढंग से हो सके।

## माहुरी वैश्य मण्डल घुज्जी के द्वारा वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को माहुरी वैश्य मंडल घुज्जी के द्वारा वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष गुरुचरण राम ने किया. वहीं कार्यक्रम प्रारम्भ से पूर्व कुलदेवी माँ मथुरासिनी के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित किया गया, ततपश्चात उपस्थित लोगों ने समाज की एकता,अखण्डता व मजबूती पर जोर दिया ताकि समाज बेहतर और मजबूती से उभर सके. राजनीतिक, प्रशासनिक तथा व्यवसायिक क्षेत्र में प्रगति कर सके. साथ ही साथ युवाओं में एकजुटता कैसे बनी रहे और समाज में कोई एक दूसरे से अलग न हो सके इसके लिए प्रयास किया जाए।

## गुरुकुल स्टूडी सर्कल के 32 अभ्यर्थियों ने पंचायत सचिव परीक्षा में हुए सफल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह के कर्बला रोड स्थित गुरुकुल स्टडी सर्कल के राजेश,गौतम, सुनील, गणेश मंडल, वसीम,प्रियंका, खुशबू,दिनेश, चाँदनी, रूबी,अमित, ललिता, पूनम पिंकी, शालिनी, सुचेता, रचना, भावना सिन्हा समेत 32 अभ्यर्थियों ने पंचायत सचिव परीक्षा मे अंतिम रूप से चयनित हुए हैं । यह परीक्षा 2017 मे ली गई थी, उसके बाद सरकारी दाव पेंच मे यह परीक्षा फंस गया और काफी संघर्षों के बाद अब जा कर हेमंत सरकार ने अभ्यर्थियों के हित मे फैसला लेते हुए, रिजल्ट जारी कर दिया है द्य गुरुकुल स्टडी सर्कल के डायरेक्टर डॉ संजीव सिन्हा ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कमाना करते हुए उन्हें सफल जिन्दगी और ईमानदारी पूर्वक जिन्दगी जीने की सलाह दी ।

## खलिहान में लगी आग से हजारों का नुकसान, युवा क्रांतिकारी रंजीत महतो ने की मदद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती गांव हरिहरपुर कुंभटांड़ टोला के किसान सुधीर महतो के खलिहान में अचानक आग लग गयी जिससे हज़ारो का नुकसान हुआ। हरिहरपुर के वार्ड प्रतिनिधि पप्पुलाल महतो, मुकेश महतो आदि ग्रामीणों के द्वारा सुचना मिलते ही युवा क्रांतिकारी रंजीत महतो के द्वारा गोविंदपुर प्रखंड के अंचल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और धनबाद जिले के आपदा प्रबंधन विभागीय अधिकारियों को पीड़ित किसान की समस्याओं से अवगत कराया।

# समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है : प्रधान जिला जज

### कमजोर तबके तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हम कृतसंकल्प : उपायुक्त

### जानकारी के अभाव में लोग रह जातें हैं अपने अधिकारों से वंचित : बार अध्यक्ष

### दुष्कर्म पीड़ितों की गरीमा बनाए रखने में न्यायपालिका का अहम रोल : पोक्सो जज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय मल्टी सेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यक्रम का उद्घाटन टाउन हॉल में रविवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा उपायुक्त धनबाद संदीप सिंह,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर न्यायाधीश शर्मा ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है ।इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश मे स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है, अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में केवल 6 मामलों में विभिन्न थानों द्वारा दुर्घटना सूचना रिपोर्ट दायर की गई थी । थाना प्रभारियों को कहा कि किसी भी मामले को लंबित रखने के बजाय उस पर त्वरित कार्यवाही कर



अदालत में जल्द से जल्द अंतिम प्रतिवेदन रिपोर्ट या चार्जशीट दायर कर दी जानी चाहिए। ताकि लोगों को त्वरित न्याय दिया जा सके । उपायुक्त धनबाद संदीप कुमार सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोग इतनी मजबूत नहीं होते कि वह अपने अधिकारों के लिए सक्षम तरीके से लड़ाई लड़ सके ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार उनको स्वस्थ, सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों तक पहुंचे उसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों के अधिकार की सुरक्षा में न्यायपालिका का अहम रोल है अनुसंधान में चूक के कारण कई अपराधी अपराध करके बच जाते हैं उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान की बारीकियों के बारे में भी बताया उन्होंने कहा कि नाबालिग से दुराचार के मामले में पुलिस पदाधिकारियों का दायित्व है कि वह चौबीस घंटे के अंदर पीड़िता का मेडिकल जांच कराएं और उसके उम्र निर्धारण के लिए संबंधित दस्तावेज एकत्रित करें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से वह बार एसोसिएशन के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार समाज के निचले स्तर तक के लोगों तक न्याय पहुंचाने का काम कर रहा है, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है जो एक एक सराहनीय कदम है। बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के हर तबके को न्याय दिलाने के लिए एसोसिएशन न्यायपालिका और प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहा है लोगों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं का अहम रोल है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विराट छात्र सम्मेलन, शहर में निकली रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला इकाई की ओर से रविवार को शहर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में विराट छात्र सम्मेलन का आयोजन किया. इस दौरान संगठन की और से शहर में भगवा ध्वज के साथ रैली भी निकाली गई जिसमे हजारों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ता व छात्र शामिल हुए. वंदे मातरम और देशभक्ति के नारों के साथ निकली रैली में युवा शामिल हुए, तो काफी संख्या में युवतियां भी शामिल हुई. शहर भ्रमण करते हुए रैली वापस शिशु मंदिर स्कूल पहुंच कर खत्म हुई, जहां छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस मौके पर सम्मेलन में




आरएसएस के जिला कार्यवाहक मुकेश रंजन सिंह, सतीश्वर सिन्हा, छात्र संगठन के प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत, छात्र प्रमुख नवलेश सिंह, संगठन मंत्री बब्बन बैठा और छात्र प्रमुख विश्खा कुमारी समेत प्रदेश के कई नेता शामिल हुए।सम्मेलन की शुरुआत मां सरस्वती, भारत माता और स्वामी विवेकानंद के फोटो के समक्ष दीप जलाकर की गई. इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत ने कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अब इस देश में एक बड़ा वृक्ष बन चुका है क्योंकि पूरे देश में संगठन से 18 लाख से अधिक युवा कार्यकर्ता जुड़े हुए है और इसका कारण सिर्फ देशभक्ति और छात्रों से जुड़े मुद्दे के प्रति छात्र संगठन का मुखर होना है. प्रदेश मंत्री ने कहा की युवाओं को एक बेहतर मार्गदर्शन इसी संगठन द्वारा दिया जा रहा है. जिसे युवाओं में देश और अपने फ्यूचर के प्रति एक समर्पण जाग सके। कहा की फिलहाल देश के महोल को सिर्फ इसलिए खराब किया जा रहा है क्योंकि देश के नेता मोदी हैं, जिनके नेतृत्व में भारत के बुलंदी का डंका विदेशो में बज रहा है. युवाओं में अब इस बात का भय नहीं की उनका फ्यूचर कैसा होगा, क्योंकि एक एक युवाओं का फ्यूचर मोदी बनाने के प्रयास में है और दूसरी तरफ वामपंथी दलों के साथ कई और राजनीति दल युवाओं को रोजगार और महंगाई के मुद्दे पर भटका रहे है।

## जिप सदस्य दुर्गेश कुमार द्वारा नये ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड के कुसमरजा पंचायत के पाण्डेयबाँध बिछिया टोंगरी के हरिजन मुहल्ला में रविवार को जिप सदस्य दुर्गेश कुमार द्वारा विधिवत फिता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया बताते चले कि उक्त ट्रांसफमर करीब एक वर्ष पूर्व जल गया था जिससे वहाँ के ग्रामीण जनता को परेशानी हो रही थी जिसकी सूचना पिछ्ले सप्ताह ग्रामीणों ने जिप सदस्य दुर्गेश कुमार को देते हुए उक्त समस्या का समाधान करने का आग्रह किया जिसपर जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने विभागीय अधिकारियों से बात कर उक्त जले ट्रांसफार्मर को बदलने का मांग किया जिसपर दो दिन बाद 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर विभाग द्वारा जले ट्रांसफार्मर को बदल कर उक्त गांव को निःशुल्क 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया।

## पेफी राज्य खेल महाकुंभ प्रतियोगिता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

### -मैराथन दौड़, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, योगा, वुशु एवं कराटे की टीम करेगी शानदार प्रदर्शन : धनबाद जिला पेप्सी चैप्टर कोर कमिटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को धनबाद जिला पेफी चैप्टर कोर कमिटी की एक बैठक पेफी राज्य खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता के संबंध मे प्रधानखंटा हाई स्कूल के प्रांगन में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मैराथन दौड़, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, योगा, वुशु, कराटे की टीम को धनबाद जिला पेफी चैप्टर द्वारा राज्य खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता में भेजेगी। बैठक में अध्यक्ष मृदुल बोस, सचिव कुणाल कुमार, कोषाध्यक्ष सुन्दरजीत वर्णवाल, संयुक्त सचिव अभिजीत पात्रा, महिला टीम से प्रदिसा बनर्जी, जयश्री गोराई, बसंती कुमारी, रेश्मी तारा, नेपाल प्रसाद महतो, सुभाष लोध, मनोज कुमार पाठक, हिमांशु रजवार, सरफराज खान, मो. फरिद, मनोज कुशवाहा, प्रमोद पासवान, प्रदीप मरांडी, लखबीर सिंह, विनोद राउत,मिथलेश कुमार महतो, कैलाश महतो, प्रकाश महतो उपस्थित थे।

## केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना द्वारा 14वां स्थापना दिवस का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2023 को चैदहवॉं (14वॉं) स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने किया। इस अवसर पर वैज्ञानिक सत्र का आयोजन भी किया गया। अपर महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में अस्पताल द्वारा किये जाने वाले कार्यो की सराहना की। खास तौर पर पिछ्ले तीन वर्षो से कोरोना महामारी के दौरान इस अस्पताल ने महत्वपूण कार्य किये है। पी.एस.ए. ऑक्सीजन प्लांट, मॉरचुरी एवं आर. टी.पी.सी. आर लैब




की स्थापना की गयी जिसके कारण महामारी में मरीजों का यथोचित उपचार हो पाया। विगत दो वर्षो से इस अस्पताल में चिकित्सा के साथ-साथ शिक्षण का भी कार्य किया जा रहा है। 2022 में 06 सीटों पर पोस्ट एम.बी.बी.एस डी.एन.बी. पाठ्यक्रम की शुरूआत की गयी और इसमें निरंतर प्रगति जारी है। वैज्ञानिक सत्र में नई दिल्ली से आये चिकित्सकों तथा पटना के प्रसिद्व चिकित्सकों के अलावे रेलवे के चिकित्सकों ने भाग लिया और चिकित्सा क्षेत्र में होने वोले नये खोज तथा ईलाज के आधुनिकतम तकनीक से चिकित्सकों का ज्ञानवर्द्धन किया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक श्री बी.जी.एस राव, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार सहित प्रधान विभागाध्यक्षगण, यूनियन के पदाधिकारीगण, अस्पताल के चिकित्सकगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे । अस्पताल के चिकित्सा निदेशक, डॉ0 ए. के. सिंह द्वारा अस्पताल का प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया ।

## भारतीय मजदूर संघ की कार्यशैली अन्य यूनियन से अलग : के लक्ष्मा रेड्डी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को धनबाद कर्मचारी संघ के महामंत्री सह केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य रामधारी ने बताया भा.म.संघ से सबंध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के सभी कोल कंपनी बोर्ड सदस्यों का 21 और 22 जनवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला गुवाहाटी असाम में आयोजित की गई थी जिसमें महासंघ के सभी रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियन के सलाहकार समिति सुरक्षा समिति कल्याण समिति के सदस्यों की सहभागिता हुई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकेश्वर सिंह एवं संचालन सुधीर घुरड़े ने की।

भारतीय मजदूर संघ के कोल प्रभारी सह जे.बी.सी.सी.आई. के सदस्य लक्ष्मा रेड्डी ने अपने उद्घघाटन भाषण में उद्योग की स्थिति एवं संगठन की भूमिका पर कहा कि भारतीय मजदूर संघ की कार्यशैली अन्य यूनियन से अलग है कार्यकर्ताओं कि त्याग तपस्या के कारण ही देश का नहीं विश्व का सबसे बड़ा श्रम संगठन बना है,कोल इंडिया के घटते मेन पावर बढ़ते आउटसोर्सिंग पर चिंता व्यक्त की और कहा इस विपरीत परिस्थिति में संगठित के साथ साथ असंगठित मजदूर की समस्याओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए यह भी कार्य सेवा के रूप में है, उन्होंने जे.बी.सी.सी.आई. की आठवीं बैठक में 19त्र एम.जी.बी. की सम्मानजनक सहमति पर कोयलें की मजदूरों को जीत बताया और कहा की अगली होने वाली जे.बी.सी.सी.आई. की बैठक में कोयलें की मजदूरों को समाजिक सुरक्षा एलाउंस सहित अन्य मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर समान जनक समझौता कराई जाएगी, उन्होंने सदस्यता बढ़ाने और संगठन की मजबूती करने पर बल दिया और कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन का रीढ़ है।

## बीएड के छात्र छात्राओं ने झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से की मुलाकात, झरिया विधायक ने दिया आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बिनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के पीजी विभाग भी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में पीछे नही रहती है। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किए बिना प्रवेश का तिथि की घोषणा कर देता है, जिस कारण कई छात्रों का भविष्य आधार में लटकता हुआ दिखने लगता है। ऐसा ही एक मामला 2020-2022 सत्र के बीएड के छात्रों के साथ हुआ। विभाग द्वारा बीएड अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित किया गया, जिस कारण से पीजी में चयनित छात्र सत्र 2022-2024 में प्रवेश से वंचित हो गया। इसी मामले को लेकर बीएड के छात्र छात्राओं ने झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मिल अपनी समस्याओं को अवगत कराया । विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सभी छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि कुलपति से मिल कर आपकी समस्याओं का निदान करवाने का प्रयास करूंगा। किसी के भविष्य के साथ खिलवाड़ नही



होने दिया जाएगा।छात्र नेता राजीव पांडेय ने कहा कि जो भी बीएड छात्र का पीजी चयन सूची में नाम आया है, उन सभी का विश्वविद्यालय प्रबंधन सीट में वृद्धि कर एडमिशन सुनिश्चित कराए। विश्वविद्यालय की गलती है का खामियाजा छात्र क्यों उठाये।छात्रों का कहना था कि सत्र 2022/2024 में आवेदन के बाद हम सभी का पीजी चयन सूची नाम आ गया था, परंतु बीएड का परीक्षा परिणाम समय पर नहीं निकलने के कारण हमारा प्रवेश नही हो पाया। ज्ञापन सौंपने वालो में रवजोत कौर, तारिक अंसारी, प्रियंका, साक्षी मित्तल आदि मौजूद थे।

## धनबाद परिसदन भवन मे कांग्रेस ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन के द्वारा धनबाद जिला बीस-सूत्री कमिटी एवं प्रखंड बीस-सूत्री कमिटी के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा किए जाने के साथ-साथ झारखंड सरकार के विकास संबन्धित कार्य बाधित रहने सम्बन्धित ज्वलंत विषयों को लेकर धनबाद जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों एवं सभी प्रखंडों के बीस-सूत्री अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक धनबाद परिसदन भवन (सर्किट हाउस) में आयोजित की गई। बैठक में जिला बीस-सूत्री समिति के सभी सदस्य, मदन महतो, शमशेर आलम, लक्ष्मण तिवारी, योगेंद्र सिंह योगी, राजू प्रमाणिक, उषा पासवान, हराधन रजवार, मोहम्मद कासिम अंसारी, जितेश सिंह, अनिल साव, पप्पू कुमार तिवारी, राजेंद्र किस्कू, आलमगीर असरफ, अजय रवानी, शमीम अंसारी, तरूण मुर्मू, अलितुर अंसारी सहित जिला एवं सभी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष एवं सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शिल्पी शर्मा वीररत्न पुरस्कार से हुई सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मानवाधिकार सहायता संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिला में संपन्न हुआ जिसमे पूरे भारत के विभिन्न राज्यो से आए लोगों ने भाग लिया। महाराष्ट्र स्थित चंद्रपुर जिले की टीम ने अधिवेशन की मेजबानी की। झारखंड से धनबाद और बोकारो की टीम ने हिस्सा लिया जिसमे धनबाद जिला अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश महिला प्रकोष्ठ महासचिव शिल्पी शर्मा एवं धनबाद जिला उपाध्यक्ष सह धनबाद बोकारो प्रभारी गौरव शर्मा, बाघमारा प्रखंड सचिव संजय कुमार रवानी, बोकारो जिला अध्यक्ष मनोज कुमार,



बोकारो जिला महासचिव मो. कलीम, बोकारो जिला कोषाध्यक्ष मो. सलाउद्दीन एवं बोकारो जिला सदस्य कायनात फिरदौस ने झारखंड की तरफ से अपना नेतृत्व दिया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय प्रभारी रवि धरने और हेमलता धरने ने किया और अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू सिंह ने की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू सिंह ने झारखंड की शिल्पी शर्मा को वीररत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही गौरव शर्मा को झारखंड राज्य का प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष (महिला) के लिए शिल्पी शर्मा के नाम की घोषणा की।

## संक्षिप्त खबरे

### पुलिस की रेकी तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले 4 युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत एकागुड़ी में शुक्रवार सुबह बालू माफियाओं के द्वारा पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए पकड़े गए ट्रैक्टर को लेकर फरार करवाने कि मामला पर सेन्हा थाना में सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के लिखित बयान पर चार नामजद के खिलाफ धक्का-मुक्की करने एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने तथा अल्टो कार से रेकी करने का आरोप लगाते लोहरदगा थाना क्षेत्र के निगनी निवासी बहुरा साहू के पुत्र बजरंग साहू,शिव शंकर साहू के पुत्र संदीप कुमार साहू, सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू निवासी किशन उरांव के पुत्र राजकुमार उरांव तथा मेढो निवास सह ट्रैक्टर चालक ब्रिज उरांव के पुत्र कमलेश उरांव के विरुद्ध कांड संख्या 14 /2023 दर्ज कर धारा 341, 330, 342, 353, 506, 379, 411, 504 एवं 34 भादवी के तहत मामला दर्ज कर सेन्हा थाना पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई।

### ललित नारायण स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का हुआ समापन

# सपने वह नहीं होते जो नींद में देखे, सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं दे : बादल पत्रलेख

➲लोहरदगा में खेल को उच्च शिखर पर ले जाना हमारी पहली प्राथमिकता : धीरज प्रसाद साहू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि बादल पत्रलेख कृषि मंत्री झारखंड सरकार, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,कोषाध्यक्ष संजय कुमार साहू उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि बादल पत्रलेख ने कहा कि खेल मैदान में मुझे देखने को मिला की खिलाड़ी सारी शक्ति विजय होने में लगा रहा है,वह राष्ट्र के लिए खेल रहा है इसी में स्वयं भी लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति कलाम साहब के कोटेशन को याद करते हुए कहा कि सपने वह नहीं होते जो नींद में देखे जाते हैं,सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं देते हैं। कोई भी काम एकाग्र चित्त होकर करता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। साहू परिवार की प्रशंसा करते हुए बतलाया कि साहू परिवार सिर्फ लोहरदगा के लिए भर कार्य नहीं किया है इनका नाम पूरे झारखंड में होता है। पूरे झारखंड में इनके योगदान को याद किया जाता है। लोहरदगा में स्टेडियम निर्माण हो या खेल के बढ़ावा देने के लिए कोई भी कार्य हो मैं उसके लिए हर संभव सहयोग करूंगा। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि इस स्टेडियम में सन 1951 में मेरे पिताजी राय साहब बलदेव साहू ने पहली बार एथलेटिक्स मीट का आयोजन कराया था। उसके बाद लगातार आयोजन होता जा रहा है। एथलीट के अलावा क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मैं कार्य कर रहा हूं। फुटबॉल और हॉकी के क्षेत्र में भी मैं कार्य करूंगा। इस स्टेडियम को कैसे कायाकल्प हो इसके लिए मेरे द्वारा राशि आवंटित कर दी गई है, कोर्ट का आदेश निर्गत होते हैं स्टेडियम को ठीक करा दिया जाएगा। बड़े भैया आदरणीय स्वर्गीय श्री शिव प्रसाद साहू के सपनों का आगे बढ़ाना है। खिलाड़ियों ने अपने बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। हाईजंप जूनियर बालक में प्रथम नवाटांड के मोगेश किंडो द्वितीय खलारी के मनोज उरांव,तृतीय लोहरदगा के हिमांक टोप्पो, हाईजंप सीनियर बालिका में प्रथम रांची के अंकिता रानी,द्वितीय रांची के पूनम कुमारी,तृतीय रांची के पूर्णिमा मुंडा, हाईजंप सीनियर बालक में प्रथम आनंद उरांव,द्वितीय रांची के आशीष कुमार महतो, तृतीय रांची के विजय मछली, हाईजंप जूनियर बालिका में प्रथम पलामू के मनीषा कुमारी द्वितीय कामडारा के संगीता बगे, तृतीय लोहरदगा के अलीशा पन्ना, 400 मीटर जूनियर बालक में प्रथम लोहरदगा के विकास महतो, द्वितीय रांची के कार्तिक कुमार, तृतीय लोहरदगा के अमर उरांव, 400 मीटर जूनियर बालिका में प्रथम गुमला के सुरजी कुमारी, द्वितीय लोहरदगा के रीता कुमारी, तृतीय कामडारा के शांति सोरेन, 3000 जूनियर बालिका में प्रथम रांची के शुष्मीता कुमारी, द्वितीय कामडारा के अनिशा बागे, तृतीय लोहरदगा के सुर्खी कुमारी, 3000 सीनियर बालक में प्रथम गुमला के विज्ञान पन्ना,द्वितीय रांची के संजय महतो, तृतीय जमशेदपुर के निखिल कुमार साव को पुरस्कृत किया गया सम्मानित।

### गणतंत्र दिवस झंडोतोलन को लेकर कैरो प्रखण्ड के विभिन्न संस्थानो मे समय सारिणी तय



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर प्रखंड के सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानो मे झंडोत्तोलन को लेकर समय सारिणी तय कर दी गयी है। प्रखंड मुख्यालय प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे 09:00 बजे पूर्वाह्न, थाना परिसर मे 09:15 बजे पूर्वाह्न, डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय कैरो में 09:30 बजे पूर्वाह्न, कैरो उप स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन कैरो, राजकीय मध्य विद्यालय कैरो, मध्य विद्यालय सढावे, में पूर्वाह्न 08:30 बजे झंडोत्तोलन की जायेगी। वही 10:15 बजे विद्युत उपशक्ति केंद्र, 10:30 बजे सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर कैरो के आलावे प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानो व गैर सरकारी संस्थान, समाजिक व राजनीतिक संगठनों के संस्थानो मे गणतंत्र दिवस की झंडोत्तोलन को लेकर समय सारिणी निर्धारित कर दी गई है।

### आजसू पार्टी ने आशीर्वाद टाना भगत की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड के बंदुआ करंज मोड में आशीर्वाद थाना भगत की धूमधाम के साथ जयंती मनाई गई एवं मेला काआयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि बंदुआ निवासी सेना में थे उनकी वीरगति प्राप्त करने के बाद 2013 में तत्कालीन विधायक आजसू नेता कमल किशोर भगत ने आशीर्वाद टाना भगत की भव्य प्रतिमा बनवाई थी जिसका अनावरण तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के द्वारा किया गया था और तभी से प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी को शहीद के स्मरण में जयंती सह मेला का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाता है। जयंती के अवसर पर मुख्य रूप से आजसू नेत्री और स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी पूर्व प्रत्याशी निरू शांति भगत केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि जिला महिला अध्यक्ष अनीता देवी कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल लोहरदगा प्रखंड सचिव हेमंती देवी विजय कुमार ने उपस्थित होकर आशीर्वाद टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। आजसू नेत्री निरू शांति भगत ने कहा कि अमर शहीद देश के धरोहर होते हैं इनके बलिदान को स्मरण करते हुए हम सबों को भी देश सेवा के लिए समर्पित होने का प्रण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत का हमेशा प्रयास रहा है कि अमर शहीदों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्गो पर चलने के लिए आम जनता को प्रेरित किया जाए और मैं भी यह प्रण लेती हूं कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। मेला आयोजन समिति के द्वारा आए हुए अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।

## विधायक कोलेबिरा ने किया अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** रविवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी अपने विधानसभा क्षेत्र के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत राईबहार मंडली एवं मसनिया मंडली का औचक दौरा किये एवं मंडली के लोगों से मुलाकात किये ।साथ ही मंडली के लोगों ने उन्हें फूल माला के साथ गर्मजोशी से उनका स्वागत किया । साथ ही मंडली के लोगों ने अपनी समस्याओं को विधायक के सामने रखा। विधायक ने भी उनकी समस्या को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया एवं विधायक ने अपने संबोधन में कहा आज हमें एकजुट रहने की आवश्यकता है, क्योंकि विरोधी पार्टियां हमें आपस में बांटना चाहती है, हमारे जल जंगल जमीन को लूटना चाहती है, उनका षड्यंत्र को मैं सफल नहीं होने दूंगा, खिस्तान एवं आदिवासियों के लिए मैं हमेशा विधानसभा में आवाज उठाते आया हूं और आगे भी उठाऊंगा जिसे रोकने के लिए विपक्षी पार्टियां मुझे षड्यंत्र के तहत फंसाने एवं मुझे रोकने का कोशिश कर रहा है, लेकिन मैं उनके षड्यंत्र में नहीं फसुंगा एवं निरंतर ही जनता, आदिवासी व इसाइयों का मैं भला करने का कोशिश करूंगा उनका समर्थन करूंगा, उनका आवाज बन कर विधानसभा में हमेशा उनका आवाज बुलंद करूंगा। मंडली के लोगों ने भी कहा कि हम भी आपके साथ हैं, और आगे भी आपके साथ रहेंगे, विरोधि पाटियां जितने भी हमें छलने की कोशिश करें, लेकिन हम दोबारा उनके फंदे में नहीं फसेंगे, क्योंकि हमें सच्चाई का पता चल चुका है, कोन हमारे लिए तत्पर है, और कोन हमारे विरोधी हैं,कोन जनता के लिए काम करते हैं, सही नीति सिद्धांत के लिए चिंतित रहते हैं, हमें उन्हीं का साथ देना चाहिए । मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लाकड़ा, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार एवं विधायक की धर्मपत्नी विनीता कोनगाड़ी, पावल बागे, धर्मदास केरकेट्टा, बसंत कुल्लू, गुडविन कुल्लू, सिंगरेन जोजो, प्रचारक आसियान डांग, दर्शन जोजो, एवं मंडली के माता-पिता भाई-बहन अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## तेलेंगा खड़िया नोक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक कोलेबिरा द्वारा किया गया

➲सभी खेल को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है : विधायक कोंगाड़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटाँगर :** ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में तेलेंगा खड़िया नोक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी द्वारा किया गया। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि क्रिकेट के खेल में कई विशेषताएं हैं। खेल की भावना से खेल खेलें और जीत और हार की चिंता किए बिना खेल की कला का आनंद लें। खेल में भाईचारे की भावना और जीवन के सर्वोत्तम गुण क्रिकेट के मैदान में पाए जाते हैं। हमें हमेशा इस लोकप्रिय खेल को उत्तरोत्तर बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। हमारे देश में अच्छे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है आप सभी खिलाड़ी अच्छे से खेले ताकि भारत का नाम खेल जगत में अग्रणी बने। क्रिकेट खेल हमारे देश में सबसे अधिक पसंद किया जाता है। इस खेल को लेकर हमारे देश में अलग ही तरह का जूनून है। जब यह खेल हमारी टीम यानी भारतीय टीम खेलती है, तो वह कैसा प्रदर्शन कर रही है यह जानने की हर देशवासी के मन में उत्सुकता रहती है आप लोग भी अच्छे खिलाड़ी बन कर भारत टीम तक जगह बनाए। प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक और उपयोगी हैं। यह मूलतः हमारे सर्वांगीण विकास का भी एक साधन है इससे हमारा केवल शारीरिक ही नहीं अपितु मानसिक भी विकास होता है। हम इसके माध्यम से चीजों, समस्याओं, परिस्थितियों को नए प्रकार से देखना सीखते हैं। साथ ही यह हमारे भीतर जीतने की भावना का भी सूत्रपात करते हैं। हमारे प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अभिवृति को भी प्रोत्साहित करते हैं। ठेठईटांगर मुखिया संगीता मिंज ने कहा कि आज के युग में जब हम अपना अधिकतर समय पढाई पर केन्द्रित करने का प्रयास करते नजर आते हैं और साथ ही अपना ज्यादातर समय ऑनलाइन रह कर व्यतीत करना पसंद करते हैं।

### भंडरा प्रखंड के बेदाल गांव में बिजली बिल वसूली शिविर का हुआ आयोजन



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली बिभाग के तत्वावधान में रविवार को भंडरा प्रखंड के बेदाल गांव में बिजली बिल वसूली शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 35 उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिल जमा किया। शिविर के माध्यम से लोगों ने अपने बकाए बिजली बिल का भुगतान किया। राज्य सरकार के निर्देश पर विद्युत विभाग ने बिजली बिल बकाए उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर बिजली बिल जमा लिया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग के कर्मियों ने लोगों को जागृत करते हुए कहा कि उपभोक्ता थोड़े सजग रहें तथा बिल जमा करते रहें ताकि बिजली बिल का बोझ आप पर नहीं पड़े साथ ही सरकार द्वारा चल रही योजना जिसमे अपने बकाया बिल जमा कर 100 यूनिट फ्री बिजली का लाभ ले सकते है। मौके पर बिजली विभाग के संजय प्रजापति, जामवंत प्रजापति, ऊर्जा मित्र संदीप प्रजापति मौजूद थे।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, निकली गई भव्य कलश यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला के किस्को प्रखंड अंतर्गत तिसिया गांव में 22 जनवरी को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष कलश यात्रा में भाग लेकर सनातन धर्म एवं ईश्वर के प्रति भक्ति एवं निष्ठा को जीवंत किया। उल्लेखनीय है कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 22 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 जनवरी को रात्रि संगीतमय भक्ति जागरण कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा। इस महायज्ञ को विधि विधान के साथ संपन्न कराने के लिए बनारस, वृंदावन इत्यादि स्थानों से पुरोहित पधारे हुए हैं और इसकी तैयारी महीनों पूर्व से तिसिया ग्रामवासी करने में लगे हैं। आज के कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी की महिला नेत्री एवं पूर्व प्रत्याशी निरू शांति भगत, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, आजसू जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, कार्यकारी अध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, केंद्रीय सदस्य सह यज्ञ समिति के संरक्षक राजू गुप्ता, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि, जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह, लोहरदगा जिला महिला अध्यक्ष अनीता साहू, लोहरदगा नगर अध्यक्ष अशोक प्रसाद साहू, लोहरदगा प्रखंड महिला सचिव हेमंती देवी उपस्थित हुए।

### अपनी कुरीतियाँ दूर कर आशीर्वाद टाना भगत के सपनों को पूरा करें सभी लोग : बंधु तिर्की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 22 जनवरी पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अपनी कुरीतियों को दूर कर सभी लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव पर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने परिवार, झारखण्ड और देश के लिए अपना बेहतर योगदान देना चाहिये। श्री तिर्की ने कहा कि झारखण्ड की सबसे बड़ी खराबी हमारे अंदर की वैसी कुरीतियाँ है जो हमें आगे बढ़ने से रोक रही है और इन्हीं सब कारणों से आशीर्वाद टाना भगत और अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के अनुरूप झारखण्ड प्रदेश के गठन में समस्याएं आ रही है। आज लोहरदगा में कुडू बंधुआ के बड़की चापी में आशीर्वाद टाना भगत जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में श्री तिर्की ने कहा कि,संकोच भरे अपने स्वभाव तथा जागरूक नहीं रहने के कारण अनेक वैसी समस्याएं हमारे बीच जड़ जमाये बैठी है जिसका समाधान चुटकी बजाते किया जा सकता है। श्री तिर्की ने कहा कि,टाना भगतों के जीवन और उनके रहन-सहन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से समाज में व्याप्त नशाखोरी,अशिक्षा और फिजूलखर्ची के साथ ही लापरवाही से जीवन यापन, मोटरसाइकिल एवं अन्य वाहनों के चालक द्वारा लापरवाही से होनेवाली सड़क दुर्घटनाओं एवं इस कारण बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

## शिक्षा मनुष्य का सबसे बड़ा हथियार है : सुखदेव भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** होली फेथ पब्लिक स्कूल कुडू के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा की विद्या सबसे बड़ा धन है। शिक्षा के माध्यम से ही हम प्रगति कर सकते है। शिक्षकों और अभिभावकों से कहा की बच्चों पर अपनी इच्छा नहीं थोपें। उन्हें स्वाभाविक रूप से अपनी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने दें। उन्हें प्रोत्साहित कर उनके मनोबल को बढ़ाएं। बेटियों को पढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा की शिक्षित नारी घर और समाज को बेहतर तरीके से संवारती है।इस अवसर पर डांस दिलाने के फाइनलिस्ट का हौसला बढ़ाते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि सुखदेव भगत के विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं द्वारा पारम्परिक रूप से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक मिश्रा प्राचार्य रवि, जयंत मिश्रा, अनिल कुमार, विकास शाहदेव, किशोर भगत, राजमोहन राम, हाजी बदरूल, रामचरण राम, शिक्षक रजनीश, रोहित, अरूण, स्मृति, रिया, ज्योति, रुखसार एवं काफी संख्या में अभिभावक गण और ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत आज भी हमारे दिलों में जिंदा हैं : सुखदेव भगत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत की जयंती सह मेला का आयोजन बड़की चांपी कुडु में किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा की स्वतंत्रता सेनानी कभी मरते नहीं, वे हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहते हैं। टाना भगत सत्य और अहिंसा के पुजारी है। महात्मा गांधी जी के साथ कदम मिलाकर इन्होंने देश को आजाद कराया। इस प्रकार के आयोजन से समाज को प्रेरणा मिलती है। टाना भगत की समस्या के निदान के लिए हम हमेशा तैयार है। इस अवसर पर आशीर्वाद टाना भगत के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अंबिका टाना भगत, धर्मदेव टाना भगत, बासुदेव टाना भगत, अनूप भगत, राजेश भगत, सुनील, प्रेमचंद, गोपाल, बिंदेश, अनिल कुमार, लाल विकास, किशोर भगत आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में आज लगातार 31 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सहसचिव संजय चौधरी ने भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को पुष्प भेंट कर सम्मानित किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 33 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करवा कर लाभान्वित हुए। अवधेश मित्तल एवं संजय चौधरी ने कहा कि मानव सेवा के कार्य से बड़ा पुण्य कार्य कुछ नहीं, और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हो रहे है, और अपनी बीमारी की जानकारी प्राप्त कर बीमारी का समय रहते इलाज कराकर स्वस्थ हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, लोगों ने डॉ कुमुद अग्रवाल से बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। आज शिविर में अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, रमेश शर्मा, देवानंद महतो, महेश कास्यंकार, आसिफ कुरेशी, विश्वनाथ प्रसाद, अनिल कास्यंकार, उत्तम कुमार, सुबोध प्रसाद, तारा राय, कृष्णा प्रसाद, सिद्धनाथ प्रसाद, अतुल सर्राफ, शिमला देवी, दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, सोनिया पोद्दार, सुबोध महतो, धनंजय कुमार, अंजलि सराफ, त्रीता महतो, मुकेश कुमार, जयप्रकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, त्रेत महतो, इंदु देवी आदि थे।

## बाजार शेड से गिरने पर सेन्हा का एक युवक की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** पूसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार में शेड से गिरने पर सेन्हा निवासी राधेश्याम ठाकुर उर्फ बबलु ठाकुर का शनिवार देर शाम घटने स्थल पर ही मृत्यु हो गई। बताया जाता है। कि लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा निवासी रामदास ठाकुर का पुत्र राधेश्याम ठाकुर गाँव के ही किसान के साथ धनिया बेचने गुमला जिला अन्तर्गत पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार गया हुआ था। वही धनिया बेचना छोड़ कर शराब पीने चला गया। देर शाम घर लौटने के समय सेन्हा निवासी चन्द्रशेखर महतो व उसके साथी खोजने लगें तो राधेश्याम ठाकुर का कही पता नही चला जिसके बाद चन्द्रशेखर महतो और अन्य साथी घर लौट कर परिजनों को बताया कि राधेश्याम कही शराब पीने चला गया था। जिसे काफी खोजे परन्तु वह नही मिला जिस पर परिजन भी खोज बिन में जुट गये। वही ग्रामीणों द्वारा रविवार को शव मिलने की सूचना पर पुसो पुलिस घटना स्थल पँहुच शव को कब्जे लेते हुए शिनाख्त कराने में जुट गई थी। राधेश्याम ठाकुर के घर वालो को पुलिस के माध्यम से सूचना मिला जिसे परिजन ने पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार पँहुच कर राधेश्याम ठाकुर उर्फ बबलु ठाकुर के रूप में शव का शिनाख्त किया गया। वही जानकारी देते हुए पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मौत होने का प्रथम दृष्ट्या शराब सेवन एवं 4 फिट ऊँचाई से गिरने पर होने की प्रतीत हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा की परिजनों द्वारा शव का शिनाख्त सेन्हा निवासी रामदास ठाकुर के पुत्र राधेश्याम उर्फ बबलू ठाकुर के रूप में किया गया। और मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक शराब सेवन करने का आदि था। इसके बाबजूद पुसो थाना प्रभारी ने कहा सभी बिंदुओं पर जांचोपरांत ही नियम संगत कारवाई किया जाएगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए चौकीदार एवं परिजनों के निगरानी में पोस्टमार्ट करवाने हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा दिया

### साथिया पियर एजूकेटर करेंगे किशोरों को जागरूक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कैरो प्रखंड के कैरो पंचायत भवन में चयनित पियर एजूकेटर का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम, पियर एजुकेटर कि भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, पलायन, पोषण, एस टी आई /आर टी आई और एचआईवी एड्स इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ इस प्रशिक्षण में नशा पान के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर के लीडर है आप सभी किशोरों को जागरुक कर नशा पान मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है,और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है।

## चलते चलते एक नजर

### रांची में हाथी ने वृद्ध को पटक कर मार डाला

**रांची :** अनुमंडल के तमाड़ वन क्षेत्र अंतर्गत उलीडीह के बड़वा टोला के समीप रविवार को हाथी ने झामुमो कार्यकर्ता सुखराम सिंह मुंडा (65) को मार डाला। ग्रामीणों का कहना है कि बीते दो दिनों से हाथियों की झुंड से अलग यह हाथी यहां वहां जाकर फसलों को नष्ट कर रहा है। साथ ही झाड़ में छिपकर लोगों पर हमला भी कर रहा है। मंगल सिंह मुंडा को तालाब पर मछली पकड़ने के दौरान हाथी ने उसे पटक कर कुचल डाला। सूचना पर वन विभाग की टीम तथा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आजसू नेता मानकी विजय सिंह ने विभाग से मृतक के परिजन को तत्काल मुआवजा दिलाया।

### रामगढ़ उपचुनाव को लेकर आजसू महिला प्रभारियों की नियुक्ति

**रांची :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के मद्देनजर आजसू पार्टी ने प्रखंड वार महिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने रविवार को कहा कि महिला प्रभारियों की नियुक्ति से उपचुनाव अभियान को मजबूती मिलेगी। गांव एवं वार्ड स्तर की महिला कार्यकर्ताओं की टीम को और मजबूत करने तथा सदस्यता अभियान की गति और तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी उपचुनाव की तैयारियों को लेकर ग्राम संवाद का नेतृत्व भी करेंगी। गोला प्रखंड में नीरु शांति भगत एवं निर्मला भगत, दुलमी में पार्वती देवी एवं सरिता देवी, चितरपुर में वीणा चौधरी, रामगढ़ ग्रामीण में वीणा देवी, रामगढ़ नगर में वर्षा गाड़ी एवं अनिता साहू, रामगढ़ छावनी में बबीता देवी की नियुक्ति हुई है। इसके साथ पार्टी ने रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत को मांडर विधानसभा क्षेत्र में संगठन का पुनर्गठन एवं विस्तार की जिम्मेदारी दी है। देवशरण भगत ने कहा कि निर्मला भगत मांडर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने तथा वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं की फौज तैयार करने की जिम्मेवारी पार्टी ने दी है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड मांडर, चान्हो, इटकी, बेड़ो, लापुंग में आजसू पार्टी के सांगठनिक कार्यक्रमों को गति देंगी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है कि आजसू पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचे और इसी दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### रांची में अफीम की फसल को किया नष्ट

**रांची :** रांची के अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्र तमाड़, बुंडू, दशम फॉल, राहे जैसे जगहों के सुदूरवर्ती इलाकों में जाकर क्षेत्र में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने रविवार को बताया कि फरवरी-मार्च के महीने में फसल तैयार हो जाती है। इसी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अफीम की फसलों को नष्ट किया जा रहा है। कांची नदी के किनारे लगे अफीम के फसलों को संज्ञान में लिया गया है। जल्द ही उन्हें नष्ट किया जाएगा।

### अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री का किया भव्य स्वागत

# मुझे सम्मान नहीं आशीर्वाद चाहिए : प्रदेश अध्यक्ष

## हम पिछड़े नहीं सिर्फ बिछड़े हैं : महापौर अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** होटल शिवाय ब्लू में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन पलामू द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख प्रमुख लोग उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री शंकर ने कहा हमारी ताकत आपसी छोटी-छोटी चीजों के कारण बट जाती है। अगर हम बड़े लक्ष्य को लेकर चलेंगे तो छोटी-छोटी कमियों को भूलना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि यह सम्मान समारोह नहीं, मेरे लिए आशीर्वाद समारोह है। मैं प्रयास करूंगा कि हमेशा आप सबके बीच बना रहूं और यथासंभव समाज के लिए कार्य करूं। इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हम पिछड़े नहीं बिछड़े हैं। बस हमें एक होने की आवश्यकता है। फिर कोई ताकत नहीं कि हमें पराजय कर सकता। महापौर ने कहा कि हर क्षेत्र में वैश्य आगे आएं। उनके नेतृत्व की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड के महामंत्री संजय चौधरी का भी जोरदार स्वागत किया गया। श्री चौधरी ने इस समारोह को ऐतिहासिक बताया। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर युगल किशोर ने की और संचालन देवेंद्र प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई समाज के प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की और सुझाव दिए।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** जिसमें प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, नवल तुलस्यान, सुरेश सतीश प्रसाद, सरस जैन, सोंडिक समाज भवन हेतु भूमि दाता टिंकू जी, रामनरेश सोनी, लव चौरसिया, शिवनाथ अग्रवाल, विनोद उदयपुरिया,रुपेश प्रसाद ,रितेश प्रसाद प्रेम जायसवाल, छोटे लाल गुप्ता ,कमल गुप्ता, विक्रांत सिंघानिया, पाकी के युवा प्रमुख पंचम गुप्ता, अहिल्या गुप्ता, मीना गुप्ता, तरहशि जिला परिषद सदस्य रूपवती देवी, शोभा देवी प्रमुख पाटन,अरविंद साहू मुखिया कसमार, प्रमिला देवी मुखिया नूरु, प्रेम प्रकाश मुखिया पाकी पूर्वी, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, तथा कार्यक्रम में चैनपुर, शाहपुर, रेडमा, बैरिया,डाल्टनगंज बाजार, पुलिस लाइन ,जीएलए कॉलेज रोड एवं अन्य जगह से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए द्य कार्यक्रम में सिख समाज के महिला पुरुष और कई समाज से युवाओं की भागीदारी खासकर देखी गई। कार्यक्रम में कई अधिवक्ता डॉक्टर तथा सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों की भी भागीदारी नजर आई।

### पूरे देश में गूंजेगा झारखंड के बैश्य समाज की आवाज : ज्ञान शंकर

झारखंड सहित पूरे देश में वैश्य समाज की आबादी 50त्न है और इस आबादी पर 5त्न की आबादी वाले शासन करते हैं। 50त्न की आबादी वाले एकजुट हो जाएं तो 5त्न की आबादी वाले को सोचना पड़ जाएगा। इसलिए जरूरत है एकजुट होने की। उन्होंने कहा कि बैश्य समाज के 54 उपजातियों को एकजुट करने में वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने अपने उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम लोग यानी हमारा समाज मिले, बैठे और विचार करे कि समाज को एक सूत्र में कैसे बांधना है। इसके बाद ही समाज को संगठित करने की दिशा में बल मिलेगा। ज्ञान शंकर ने कहा कि हमारा एक ही नारा है,बैश्य राज्य के रूप में झारखंड की पहचान दिलाना है। उन्होंने अपने भावी कार्यक्रमों के बारे में कहा कि संगठन को गति देने के लिए राज्य के सभी 24 जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान संगठन में पुराने और ऊर्जावान लोगों को मिलाकर एक सशक्त टीम बनाएंगे। तभी जाकर वैश्य समाज को एकजुट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य की राजधानी रांची में वैश्य समाज का एक भव्य कार्यालय बनाया जाएगा। अभी वैश्य समाज का अस्थाई कार्यालय करमटोली चौक स्थित टोयोटो के शोरूम में चलेगा। ज्ञान शंकर ने कहा कि संगठन के नाम के अनुरूप बैश्य सम्मेलन का आयोजन होगा। यह आयोजन ऐसा होगा कि उससे बैश्य महाकुंभ के नाम से जाना जाएगा। साथ ही इस एकता की मिसाल झारखंड सहित पूरे देश में गूंजेंगी।

## झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रातीय अध्यक्ष, योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में धुर्वा डैम रांची में संपन्न हुई। जिसमें महांत्री अक्षय राम, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पाण्डेय एवं अरविन्द प्रसाद यादव, संयुक्त सचिव महताब आलम एवं रंजन कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार के साथ ही साथ राज्य के सभी जिलों , ईकाईयो के अध्यक्ष, सचिव एवं निर्वाचित सभी शाखा पदाधिकारी, क्षेत्रीय,प्रक्षेत्रीय मंत्री, कार्यकारिणी के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित के सदस्यगण शामिल हुए। बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया।

**योगेंद्र सिंह के अध्यक्ष पर निर्णय:** इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने आगामी चुनाव नहीं लड़ने पर अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर सभी जिले से आए हुए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह के कार्यों से प्रभावित हुए और उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर अपनी बातों से अवगत कराया।

**संयुक्त सचिव पर सभी ने जताया भरोसा:** इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय संयुक्त सचिव महताब आलम के कार्य और उनके योगदान के प्रति भी जिला के कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपना विश्वास जताया और उन्हें आगामी चुनाव में उम्मीदवार बनाया।

**पुलिस एसोसिएशन का प्रस्ताव:** सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा~ पिछले सरकार द्वारा सीमिति विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली बनाकर सिपाही संवर्ग से पुलिस अवर निरीक्षक बनाने का नियम बनाया गया है, इसे वापस लिये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन एवं पुलिस मेन्स एसोसिएशन के द्वारा संयुक्त प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय के माध्यम से सरकार को समर्पित किया गया है। सभी प्रतिनिधियों ने सर्व सम्मति से अविलंब इस नियम को समाप्त करने का प्रस्ताव दिए ।

**प्रोन्नति के संबंध में :** लगभग ढाई वर्षो से प्रोन्नति सरकार द्वारा बंद किया गया है, जिससे सैकड़ो पुलिस कर्मी बिना प्रोन्नति के सेवानिवृत हो गए अतः इस प्रोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र चालू किए जाने हेतु पुलिस मुख्यालय पहल करें इसकी सभा द्वारा मांग की गई। 3. प्रस्ताव = एसीपीएमएसीपी का लाभ वर्ष 2016 का लाभ बहुत से पुलिस कर्मियों को नहीं मिली है, तथा सेवा-निवृत पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण न करने का बहाना बनाकर उन्हें इस लाभ से वंचित किया गया है। सभी प्रतिनिधियों ने सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव दिया कि अविलंब सबको एसीपीएमएसीपी का लाभ दिया जाय।

**7वें वेतन आयोग के अनुरूप भत्ता:** वर्ष 01.01.2016 से 7वें वेतन आयोग की अनुशंसा को झारखण्ड सरकार द्वारा लागू की गई है परन्तु पुलिस विभाग के जो भत्ते है उन्हें पुर्नरीक्षित नहीं किया गया है और वह छष्टम् वेतनमान के आधार पर वर्ष 2006 के ही भत्तो को अभी तक जारी रखा गया है जिससे पुलिस कर्मियों / पदाधिकारियों को काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। झारखण्ड के पुलिस कर्मियों को मिलने वाले भत्ता यथा वर्दी भत्ता, राशन भत्ता, दुरूह भत्ता, प्रशिक्षण भत्ता, एसटीएफ भत्ता, एटीएस भत्ता एवं वाहन भत्तो को 7वें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप पुर्नरीक्षित दर पर दिया जाए। इसके लिए पड़ोसी राज्यों में देय सांतवे वेतन के अनुरूप भत्ते का प्रपत्र मुख्यालय में उपलब्ध कराया गया है।

## पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने राजमाता साप्ताहिक बाजार का पौधा लगाकर किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चराई पंचायत के केरकी खुर्द में राजमाता साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत फीता जोड़कर किया। वहीं इस मौके पर आयोजित भक्ति जागरण का उद्घाटन उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को श्री कौशल ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश में पश्चिमी सभ्यता हावी होते जा रहा है इससे बचने के लिए हमें अपनी देश की सभ्यता संस्कृति के अनुरूप आचरण और कार्य करना होगा। हमारी वैदिक परंपरा में जिस तरह धार्मिक अनुष्ठान व शादी -विवाह के शुभ मुहूर्त पर गांठ जोड़ने की विधान है। ठीक उसी परंपरा के तहत गांठ जोड़कर राजमाता साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन किया जा रहा है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पिछले 23 वर्षो से यहां प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में महिला पुरुष वनों पर रक्षाबंधन पर्व (वन राखी मूवमेंट )में शामिल होते हैं। उन्हें अंग वस्त्र और पौधों देकर मेरे द्वारा सम्मानित किया जाता है। उसी का परिणाम है कि यहां के उजड़े वनों को फिर से सघन वन होने में मदद मिली है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि साप्ताहिक बाजार से क्षेत्र में विकास के साथ सामाजिक व आर्थिक प्रदूषण भी दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सात साल पहले ग्राम पंचायत डाली में शुरू किया गया बाजार आज काफी विकसित हो गया है। उसीतरह इसे भी विकसित करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।उन्होंने बाजार परिसर में शेड निर्माण कराने और पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। भक्ति जागरण में प्रसिद्ध चंदन व्यास , रामप्रवेश रीखीमुनी समेत बिहार से आए ब्यास गुड्डू यादव ने श्रोताओं के मांग के अनुरूप कई गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल को अस्वस्थता के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर खेद प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चराई के मुखिया रविंद्र राम एवं संचालन शिवनाथ कुमार रवि ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में संस्था के गढ़वा जिला अध्यक्ष अरुण प्रसाद गुप्ता, पलामू जिला अध्यक्ष सुभाष प्रसाद गुप्ता, कमेटी के अध्यक्ष बलराम सिंह, मुरुमदाग के मुखिया भोला सिंह,मनोज प्रसाद गुप्ता, समिति मानिकचंद राम, पूर्व प्रमुख,जगनारायण सिंह, पूर्व समिति कपिल सिंह ,ने पर्यावरणविद कौशल और छतरपुर पुर्वी जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल के कार्यों की जमकर सराहना की। मौके पर बसंत गुप्ता, सूर्य देव यादव, संतोष यादव, बाबूराम,शिवनाथ राम, नागेश्वर सिंह, रामजी सिंह, बुधन सिंह, कपिल यादव,चुल्हन सिंह समेत काफी संख्या में महिला भी उपस्थित थे।

### लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण विकास की योजनाओं को पूरा करें शैलेश कुमार

**रांची :** केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह ने रविवार को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के सचिवों के साथ बैठक की। इससे पूर्व उन्होंने खूंटी जिले का भी दौरा किया और योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। सचिव ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन इत्यादि में समय पर लाभुकों को पेंशन का भुगतान हो इसे सुनिश्चित करने को कहा। शैलेश कुमार ने झारखंड के अधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सचिव ने लक्ष्य के अनुरूप काम करने को कहा है।उन्होंने पीएमजीएसवाई योजना के तहत राज्य में बन रही ग्रामीण सड़कों की प्रगति पर भी जानकारी ली। जिन योजनाओं की केंद्र से स्वीकृति मिल गयी है उसका टेंडर इत्यादि कर काम प्रारंभ करने को कहा है।

## सिंगरा खुर्द के अनूसूचित जाति बहुल टोले के लोगों को जल संकट से मुक्ति दिलाएंगे मनोज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा खुर्द के अनूसूचित जाति वर्ग बहुल टोले के लोग जल संकट झेल रहे है।

इस टोले के लोगों की समस्या सुनने के बाद नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने टोले में सभी चापानल की मरम्मती और पोल पर लाइट व तार लगाने की घोषणा की। कहा कि राजनीति उनके लिए सेवा का माध्यम है। जनसेवा को लेकर वह निरंतर सक्रिय रहते है।इलाके का समेकित विकास होना चाहिए पर पिछले पांच वर्षो में मेदिनीनगर नगर निगम का विकास इलाके की जरूरत को ध्यान में रख कर नहीं की गयी। बल्कि कुछ व्यक्ति और उन समूहों को ठेकेदारी दिलाने के लिए योजना ली गयी है।

यही वजह है कि वैसै इलाके जहां विकास की जरूरत थी। वह इलाके उपेक्षित ही रह गया। इसी का उदाहरण सिंगरा खुर्द वार्ड नंबर एक का यह इलाका है।उनका लक्ष्य मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र का समेकित विकास है। इसके लिए वह पूरी सक्रियता के साथ लगे है। मौके पर केसो राम,धीरज,शुदु राम,सत्य राम, कृष्णा राम,उमेश राम,लालगी राम,नारायण राम तथा अन्य लोगों की उपस्थिति में लोगों ने निगम चुनाव में मनोज सिंह के समर्थन का ऐलान किया,कहा नेतृत्व करता का मतलब भी यही है जो न केवल विकास की बात सोचे बल्कि जनविश्वास की भी रक्षा करे।मनोज सिंह विकास के साथ जनविश्वास की रक्षा कर विकास का इतिहास रचेगे इसकी आशा ही नही बल्कि आम जनों को इसका पूर्ण विश्वास है।

मनोज सिंह के पक्ष में जुट रहा जनसमर्थन जनता का मनोज सिंह के प्रति प्रेम का प्रकटिकरण है।

## पुलिस एसोसिएशन के आगामी चुनाव में महताब बने पहली पसंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के कार्यसमिति की बैठक धुर्वा थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम में आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष, योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में धुर्वा डैम रांची में संपन्न हुई। जिसमें महामंत्री अक्षय राम, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पाण्डेय एवं अरविन्द प्रसाद यादव, संयुक्त सचिव महताब आलम एवं रंजन कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार के साथ ही साथ राज्य के सभी जिलों , ईकाईयों के अध्यक्ष, सचिव एवं निर्वाचित सभी शाखा पदाधिकारी, क्षेत्रीय,प्रक्षेत्रीय मंत्री, कार्यकारिणी के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित के सदस्यगण शामिल हुए। बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। वही प्रांतीय संयुक्त सचिव महताब आलम के किए गए कार्यों एवं उनके स्नेह से जिला के पदाधिकारी गण एवं सदस्य काफी प्रभावित हुए और उन्हें पुनः जिम्मेदारी देते हुए आश्वस्त कराया कि वे आगामी होने वाले झारखंड पुलिस स्टेशन चुनाव में उम्मीदवार के पद पर खड़ा हो, और उन्हें चुनाव जिताने के लिए सभी जिला इकाइयों के लोग पूरी तरह से मदद करेंगे , क्यूंकि महताब पहले पसंद बने। इस मौके पर पुनि फरीद आलम,पुनि शाहिद रजा,पुनि अबरार खान, पुनि फारूख खान,पुअनि महताब खान, पुअनि अब्दुला खान, पुअनि शाहीना प्रवीन, सअनि जैकी इमाम, सअनि फिरोज अंसारी, सअनि साजिद खान,सअनि मनान,सअनि जुबैर आलम, अनि आदिल खान, अनि खुर्शीद खान,सअनि मुस्लिम खान, पुअनि बुशरा सहानी,सअनि लाल मोहम्मद सअनि जुल्फिकार सहित धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण, जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद ,चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश महिला थाना प्रभारी विंध्याशनी सहित विभिन्न थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे।

### पिकनिक मनाने गए पुत्र की हत्या का दर्ज कराया मामला

**रांची :** चतरा जिले के हंटरगंज निवासी शैलेंद्र मिश्रा ने रविवार को स्थानीय बरियातू थाना में इकलौते बेटे शिवम की हत्या का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने हत्या का आरोप डिजिटल आईटी कंप्यूटर सेंटर, हरमू मुक्तिधाम के कोचिंग संस्थान की शिक्षिका प्रिया गुप्ता, छात्र मोहम्मद इरफान आलम, मीना मांझी, ममता हेंब्रम और निकिता कुमारी पर लगाया है। शैलेंद्र मिश्रा वर्तमान में हरमू के साकेत नगर में रंजय कुमार ओझा के मकान में किराए पर रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को कोचिंग संस्थान के द्वारा सभी छात्रों को पिकनिक के लिए खूंटी के तपकरा प्रखंड स्थित पंडुपुडिंग फॉल ले जाया गया था। शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि शिवम जाने से मना कर रहा था। बावजूद इसके कोचिंग की संचालिका प्रिया गुप्ता ने यह कहते हुए उसे साथ चलने का दबाव दिया कि यदि तुम नहीं जाओगे, तो कोचिंग के तीन-चार लोग भी पिकनिक पर नहीं जाएंगे।

## बच्चों को हर क्षेत्र मे अव्वल बनाना मेरा प्राथमिकता : मो. शफीक अंसारी



प्रभाता मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में आज कक्षा 1 से 10 वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच एक अति आवश्यक बैठक (पेरेंट्स-टीचर मीटिंग) का आयोजन किया गया.बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि अभिभावक ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों के शिक्षकों के साथ वार्तालाप कर सकें और अपने बच्चों के प्रगति की जानकारी शिक्षकों से ले सके और आगामी 26 जनवरी को होने वाले 19वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गहराई से चर्चा हुआ और सभी को आमंत्रण कार्ड देकर आने का न्योता दिया गया। इस मौके पर स्कूल के संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि स्कूल परिवार लगातार बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने को प्रतिबद्ध है। आजकल के भागदौड़ भरी जिंदगी में सभी अपने-अपने कामों में व्यस्त हैं जिस कारण अभिभावक अपने बच्चों का पूर्ण रुप से ध्यान एवं समय नहीं दे पाते हैं.

जिससे कि बच्चे अपने आप को अकेला महसूस करते हैं और मोबाइल में व्यस्त रह कर गलत राह को भी चुन लेते हैं. इसलिए सभी अपने बच्चों के लिए अपने व्यस्त समय में से कुछ समय उनके लिए भी निकालें जिससे उनके सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी.

साथ ही उन्होंने बच्चों से पढ़ाई में ध्यान लगाने और मोबाइल से दूरी बनाए रखने की सलाह दी. मौके पर प्राचार्या सुनिता प्रसाद विद्यार्थियों को पूरी लगन व मेहनत करने के लिए प्रेरित किया तथा टीचरों को अभिभावकों से रूबरू करवाकर उनकी समस्याएं जानी गई और उनके समाधान का दृढ़ संकल्प लिया गया। बैठक का अध्यक्षता शिक्षक रोशनी ओश्गा और अफजल शफीक कर रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण ययोगदान रहा। बैठक में अभिभावक अनुराग पासवान, सरजू उरांव, बेबी देवी , मालती देवी, सपना देवी, गुलबशा बीबी, सुनीता देवी, सोनी देवी, विशाल ठाकुर, सुनिता देवी, हसीना बीबी, संगीता देवी, मनोज उरांव, सरजु उरांव, समीर लकड़ा, पंचम पासवान, सबाना खातुन, जैनुल अंसारी, कलाम अंसारी, दिलीप मेहता, मनोज उरांव, हेमंती देवी, नागेंद्र उरांव, असरूण खातुन, गुलनाज प्रवीण, कुन्दन डिसोजा सहित सैकड़ो अभिभावक अपना विचार प्रकट किए और कार्यक्रम को सराहनीय बताया।